खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 23°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 8 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 176 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में ब्लॉक स्तर पर स्थापित होंगी एस्ट्रो लैब्स पेज 2



वर्ल्ड चैंपियनशिप-प्वाइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर पहुंचा भारत खेल टाइम्स



महाराष्ट्र में भाषा विवाद चिंता का विषय सम्पादकीय



हसीना और उनके परिवार पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार पेज 2

### डीवाई चंद्रचूड़ ने बंगला विवाद पर विराम लगाया, सामान पैक किया

**नई दिल्ली।** सरकारी आवास में तय समय से अधिक समय तक रहने को लेकर उठे विवाद के बाद मचे बवाल पर भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को विराम लगा दिया। पूर्व सीजेआई ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि उनका सामान पैक कर दिया गया है। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जल्द ही दूसरे सरकारी आवास में चले जाएंगे, जिसका खर्च वह खुद वहन करेंगे। डीवाई चंद्रचूड़, उनकी पत्नी कल्पना, बेटियां प्रियंका और माही (दोनों ही दिव्यांग हैं) नई दिल्ली के 5, कृष्ण मेनन मार्ग स्थित सीजेआई के आधिकारिक आवास में रह रहे थे।

### चक्का जाम में शामिल हो सकते हैं राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले को लेकर विपक्षी दलों ने नौ जुलाई को चक्का जाम का आह्वान किया है, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी शामिल हो सकते हैं।। विपक्षी दलों का महागठबंधन बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का लगातार विरोध कर रहा है। उनका कहना है कि इससे बड़ी संख्या में मतदाता मतदान से वंचित हो सकते हैं। महागठबंधन का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी जानबूझ कर चुनाव आयोग के साथ मिलकर ए कदम उठा रही है। सूत्रों के अनुसार लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी महागठबंधन द्वारा आयोजित चक्का जाम के मौके पर पटना जा सकते हैं। उनका कहना है कि इससे महागठबंधन की मुहिम को मजबूती मिलेगी।

### राहुल वीडियो मामले में दिल्ली में भी प्राथमिकी दर्ज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की सैनेटरी पैड वीडियो से जुड़े विवाद को लेकर यहां एक शिकायत दर्ज की गई है, जिसे मिलाकर देशभर में इस मुद्दे में अब तक तीन शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। युवा कांग्रेस के अनुसार यह शिकायत संगठन के अध्यक्ष उदय भानु चिब, बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्ण अल्लावरु, लीगल सेल के चेयरमैन रूपेश सिंह भदौरिया के नेतृत्व में यहां मंदिर मार्ग पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है।

## अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हुआ बड़ा ध्रुवीकरण

# पहलगाम हमला: ब्रिक्स की एकजुट निंदा

**रियो डी जनेरियो, वार्ता**

- 31 पेज और 126 प्वाइंट वाला संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया, ईरान पर इजरायली हमले की भी निंदा की
- पहलगाम आतंकी हमला पूरी इंसानियत पर चोट है: पीएम मोदी

**ब्राजील के रियो** डी जनेरियो में हुए 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने रविवार देर रात को 31 पेज और 126 पाइंट वाला एक संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया। इसमें पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजरायली हमले की निंदा की गई।

इससे पहले एक जुलाई को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की सदस्यता वाले क्वाड (क्वाड) ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पहलगाम हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है। आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं। पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिक्स देशों की अलग-अलग सोच और बहुध्रुवीय दुनिया में भरोसा ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि बैंक को सिर्फ उन्हीं प्रोजेक्ट्स में पैसा लगाना चाहिए, जो जरूरी हों, लंबे समय तक फायदे वाले हों और जिससे बैंक की साख बनी रहे। श्री मोदी ने एक ऐसा ब्रिक्स रिसर्च सेंटर बनाने का प्रस्ताव रखा, जहां सब देश मिलकर विज्ञान और टेक्नोलॉजी पर काम कर सकें।



### मोदी ने क्यूबा, मलेशिया, वियतनाम व अन्य देशों नेताओं के साथ बैठकें कीं

**रियो डि जनेरियो/ नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान क्यूबा, मलेशिया और वियतनाम के नेताओं के साथ अलग-अलग 'अच्छी बैठकें' कीं उनसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत के सहयोग पर चर्चा की। श्री मोदी ने इन बैठकों की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की। प्रधानमंत्री ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल बरमूडेज़ से मुलाकात के बाद कहा कि मुलाकात अच्छी रही। उन्होंने कहा कि इस बातचीत में हमने कई विषयों पर चर्चा की। आने वाले समय में हमारे देशों के बीच आर्थिक संबंधों में बहुत वृद्धि की संभावना है। प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे क्षेत्र भी उतने ही आशाजनक हैं। प्रधानमंत्री ने इससे पहले 2023 में जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति डियाज-कैनेल से मुलाकात की थी, जहां क्यूबा विशेष आमंत्रित था।

# उप्र में प्राथमिक स्कूलों के विलय का रास्ता साफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाएं खारिज की

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से स्कूलों के विलय मामले में राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने प्राथमिक स्कूलों के विलय के आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाओं को सोमवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर यह फैसला सुनाया।

इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा था। साथ ही मर्जर से छोटे बच्चों के स्कूल दूर हो जाने की परेशानियों का मुद्दा भी उठाया था। याचियों की ओर से खासतौर पर दलील दी गई थी कि स्कूलों को विलय करने का सरकार का आदेश, 6 से 14 साल के बच्चों के मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का उलंघन करने वाला है। उधर, राज्य सरकार की ओर से याचिकाओं के विरोध में प्रमुख दलील दी गई कि विलय की कार्रवाई, संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल के लिए बच्चों के हित में की जा रही है। सरकार ने ऐसे 18 प्राथमिक स्कूलों का हवाला दिया था, जिनमें एक भी विद्यार्थी नहीं है। कहा कि ऐसे स्कूलों का पास के स्कूलों में विलय करके शिक्षकों और अन्य सुविधाओं का बेहतर उपयोग किया जाएगा। सरकार ने पूरी तरह शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिहाज से ऐसे स्कूलों के विलय का निर्णय लिया। कोर्ट ने बीते शुक्रवार को सुनवाई के बाद में फैसला सुरक्षित कर लिया था। इसे सोमवार की दोपहर में सुनाया।

## खुलासा: तहव्वुर 26/11 को मुंबई में ही था, हेडली के साथ ट्रेनिंग सेशन भी किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- एनआईए की पूछताछ में कबूला- वह पाक आर्मी का एजेंट है

**नई दिल्ली।** 26/11 आतंकी हमले के वक्त आतंकी तहव्वुर राणा मुंबई में था। यह बात उसने एनआईए की पूछताछ में कबूल की है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, राणा ने माना है कि वह पाकिस्तानी सेना का एजेंट है।

उसने बताया कि उसने डेविड कोलमैन हेडली के साथ पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के कई ट्रेनिंग सेशन किए थे। राणा ने यह भी कहा कि लश्कर असल में एक जासूसी नेटवर्क की तरह काम करता है। पूछताछ में शामिल मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच अब राणा को गिरफ्तार करके रिमांड पर लेने की तैयारी में है। अभी राणा एनआईए की न्यायिक हिरासत में है, जिसे दिल्ली की अदालत ने 9 जुलाई तक बढ़ा दिया है। तहव्वुर को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को 10 अप्रैल को स्पेशल विमान से अमेरिका से भारत लाया गया था।

### तुर्की की कंपनी को दिल्ली हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** तुर्की की ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो सर्विस कंपनी सेलेबी एविएशन की याचिका को 7 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। याचिका में कंपनी ने अपनी सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती दी थी। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के हवाले से सेलेबी की मंजूरी रद्द की थी। सेलेबी एविएशन तुर्की की कंपनी है, जो हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो सर्विसेज देती है। यानी ये कंपनी हवाई जहाजों की लैंडिंग, पैसेंजर्स की हैंडलिंग, सामान की लोडिंग-अनलोडिंग, और कार्गो मैनेजमेंट जैसे काम करती है। कंपनी के दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद, गोवा, कोचीन, और कन्नूर जैसे 9 बड़े हवाई अड्डों पर ऑपरेशन्स थे।

## चारधाम यात्रा में दुश्वारियां बरकरार

- यमुनोत्री हाईवे पर पुल बहा, लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में भारी बारिश जारी है। उत्तरकाशी में यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी इलाके में पुल बह जाने से आसपास के इलाकों का सड़क संपर्क टूट गया है। वहीं, श्रीनगर में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है।

मध्य प्रदेश के शहडोल में बीते 24 घंटे में 4 इंच बारिश हुई। आधी रात 3 हजार से ज्यादा घरों में पानी भर गया। यहां अस्पताल में पानी भर जाने पर मरीजों को शिफ्ट करना पड़ा। रेलवे ट्रैक डूब जाने से 4 घंटे तक ट्रेन रूट बंद रहा। राजस्थान में भी तेज बारिश का दौर जारी है। झुंझुनूं में बाघोली नदी के तेज बहाव के चलते नेशनल हाईवे-52 को जोड़ने वाली सड़क धंस कर पानी में बह गई। सीकर में बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया। नाले उफान पर हैं।

# एस्ट्रोनॉट शुभांशु ने ISS की स्पेशल विंडो से देखी पृथ्वी

**टेक्सास, वार्ता**

- सात खिड़कियों वाले कपोला से धरती की तस्वीरें खीचीं, इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में नौ दिन पूरे

**भारतीय अंतरिक्ष** यात्री शुभांशु शुक्ला की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से नई तस्वीरें शनिवार को सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। इसमें शुभांशु आईएसएस के कपोला मॉड्यूल के विंडो से पृथ्वी देखते नजर आ रहे हैं। ये फोटोज इसरो, केंद्र सरकार और अमेरिकी स्पेस कंपनी एक्सियम ने शेयर की हैं। कुछ तस्वीरों में शुभांशु पृथ्वी की फोटोग्राफी करते हुए भी दिखे। कपोला मॉडयूल एक गुंबदनुमा ऑब्जर्वेशन विंडो है, जिसमें 7 खिड़कियां होती हैं।

इसे अंतरिक्ष यात्रियों को बाहरी अंतरिक्ष, पृथ्वी और स्टेशन के बाहर के कामकाज को देखने और कंट्रोल करने के लिए बनाया गया है। कपोला विंडो को आईएसएस पर पृथ्वी की सबसे सुंदर तस्वीरें लेने की जगह मानी जाती है। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु समेत 4 एस्ट्रोनॉट 25 जून को आईएसएस के लिए रवाना हुए थे। करीब 28 घंटे के सफर के बाद 26 जून को शाम 4:01 बजे आईएसएस पहुंचे। शुभांशु को आईएसएस पर गए सोमवार को 9 दिन पूरे हो चुके हैं। वे आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय और अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। केंद्र सरकार ने एक्स पर लिखा कि शुभांशु ने अंतरिक्ष में सितारों के बीच भारत का प्रतिनिधित्व किया है। शुभांशु ने पीएम से कहा था कि अंतरिक्ष से कोई सीमा नहीं दिखती पीएम मोदी ने 28 जून को शुभांशु से से वीडियो कॉल पर बातचीत की।





## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर में छुट्टियों के बाद आज से खुलेंगे स्कूल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की स्कूली शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने सोमवार को कहा कि गर्मी की छुट्टियों के बाद मंगलवार से यहां के स्कूल खुलेंगे। स्कूल खुलने की इस आधिकारिक घोषणा के बाद ग्रीष्मावकाश बढ़ाए जाने की अटकलों पर विराम लग गया है। कश्मीर के स्कूलों में 15 दिनों की छुट्टी 23 जून को शुरू हुई थी। सुश्री इटू ने कहा कि हम कश्मीर संभाग और जम्मू संभाग के शीतकालीन क्षेत्रों में कल से स्कूल खोल रहे हैं। श्रीनगर और अन्य नगरपालिका क्षेत्रों में स्कूल सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक खुलेंगे, जबकि ग्रामीण और नगरपालिका सीमा से बाहर के क्षेत्रों में स्कूल का समय सुबह 8:00 बजे से अपराह्न 12 बजे तक होगा। एक घंटे के ब्रेक के बाद सभी छात्रों के लिए दो ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। शिक्षकों को दोपहर दो बजे तक शैक्षणिक सहायता के लिए उपलब्ध रहने का निर्देश दिया गया है।

### हाई टेंशनलाइन के संपर्क में आया ताजिया, दो मरे

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के खुटहन क्षेत्र में ताजिया दफन कर वापस लौटते समय उसका अवशेष ढांचा 11 हजार वोल्ट के लटके मेन लाइन तार को छू गया। जिसकी चपेट में आकर दो ताजियादारों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य मामूली रूप से झुलस गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले में सधनपुर गांव में पूर्व की भांति इस वर्ष भी दोपहर में ताजिया का धूम धाम से जुलूस निकाल कर, उसे पटैला गांव स्थित कर्बला में ले जाकर दफन कर दिया गया था। वहां से सभी ताजिया दार वापस गांव लौट रहे थे। बस्ती के लगभग दो सौ मीटर पास पानी की टंकी के पास रास्ते के ऊपर से गए मेन लाइन के एक फेस के लटके तार में ताजिया का अवशेष ढांचा छू गया।

# बिहार में चुनाव पूर्व हिंसक घटनाओं को संज्ञान में ले चुनाव आयोग: मायावती

लखनऊ, वार्ता



बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने चुनाव आयोग से अपील की है कि बिहार विधानसभा के शांतिपूर्ण चुनाव के लिए आयोग को हाल ही में घटित हिंसक घटनाओं को ध्यान में लेकर उचित कदम उठाना चाहिए।

सुश्री मायावती ने सोमवार को कहा कि बिहार में चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण के दौरान हिंसक घटनाक्रम किसके और किसकी स्वार्थ की पूर्ति के लिए किया जा रहा है, इसको लेकर राज्य की गठबंधन सरकार कठघरे में है और आगे चलकर राज्य के राजनीतिक समीकरण व चुनाव पर इसका असर देखने वाला होगा। उन्होंने एक्स पर लिखा- वैसे तो बिहार में खासकर दलितों, अति-पिछड़ों, शोषितों, गरीबों और उनकी महिलाओं आदि के विरुद्ध जुल्म-ज्यादती, हत्या एवं जातिवादी शोषण तथा इन वर्गों के लोगों को उनके हक से वंचित रखने के मामले हमेशा काफी चर्चा का विषय रहे हैं, लेकिन राज्य में विधानसभा आमचुनाव से पहले हिंसक वारदातों व हत्याओं के जारी रहने के क्रम में शासित दल भाजपा के ही एक प्रमुख उद्योगपति व नेता गोपाल खेमका की राजधानी पटना में हाल में हुई सनसनीखेज हत्या ने राज्य में कानून व्यवस्था की बदहाल स्थिति के साथ-साथ प्रदेश की राजनीति को भी नए तरीके से गर्मा दिया है, जिस खून-खराबे के सम्बन्ध में चुनाव आयोग अगर अभी से ही संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करे तो यह शान्तिपूर्ण चुनाव संचालन हेतु बेहतर होगा।

# मेडिकल घोटाले की जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा दें नड्डा

नई दिल्ली, वार्ता

**एनएमसी व फार्मेसी में हुए घोटाले व्यापम से भी बड़े हैं: कांग्रेस**

कांग्रेस ने कहा है कि देश में फर्जी तरीके से मेडिकल कॉलेजों को मान्यता देने के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो-सीबीआई की प्राथमिकियों से साफ हो गया है कि चिकित्सा कॉलेजों को मान्यता देने में जबरदस्त घोटाला हुआ है और यह फर्जीवाड़ा स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की सहमति के बिना संभव ही नहीं है, इसलिए नड्डा को जिम्मेदारी लेते अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

कांग्रेस नेत्री डा. ओनिका मेहरोत्रा ने सोमवार को यहां पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से कई मेडिकल कॉलेज को मान्यता प्रदान की गई है। सीबीआई ने 25 जून को प्राथमिकी दर्ज की है, जिसमें कई कॉलेजों के फर्जी होने के प्रमाण मिले हैं। उनका कहना था कि सीबीआई ने दो बड़े घोटाले उजागर किए हैं, जिनमें एक एनएमसी में और दूसरा फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया में हुआ है और ये दोनों घोटाले कुख्यात व्यापम घोटाले से भी बड़े हैं। इस बार यह सिर्फ मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि यह घोटाला राजस्थान, हरियाणा, इंदौर, वारंगल और विशाखापत्तनम तक फैला हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य मंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए।

## एफएंडओ में छोटे निवेशकों की लूट पर अब तक चुप क्यों रही सेबी: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने फ्यूचर्स और ऑप्शंस-एफएंडओ में चल रहे खेल को लेकर पहले ही संकेत दे दिए थे, लेकिन इस मामले में कोई ध्यान नहीं दिया गया और इसी का परिणाम रहा कि इस बाजार में छोटे निवेशकों को पनपने नहीं दिया और उनकी कमाई पर बड़े निवेशक मौज करते रहे। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ा घोटाला है जो लम्बे समय से चल रहा है और इस खेल में बड़ी हेराफेरी की बात करने वाली प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड-सेबी ने पहले इस पर कभी ध्यान नहीं दिया। कमाल यह है कि पांच वर्ष में एफ एंड ओ का कारोबार 45 गुना बढ़ा है छोटे निवेशकों को लाखों करोड़ रुपए गंवाने पड़े हैं। गांधी ने कहा कि मैंने 2024 में साफ कहा था फ्यूचर्स और ऑप्शंस-एफ एंड ओ बाज़ार 'बड़े खिलाड़ियों' का खेल बन चुका है, और छोटे निवेशकों की जेब लगातार कट रही है। अब सेबी खुद मान रहा है कि जेन स्ट्रीट ने हज़ारों करोड़ की हेराफेरी की है। उन्होंने सवाल किया कि जब सेबी को सब कुछ पता था, तो वह इतने समय तक चुप क्यों रही। उन्होंने यह भी पूछा कि जब यह सब कुछ हो रहा था तो मोदी सरकार किसके इशारे पर आंखें मूंदे बैठी थी। कितने बड़े शार्क अब भी रिटेल इन्वेस्टर्स को शॉर्ट कर रहे हैं।

### अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की पौध तैयार करने के लिए सरकार की बड़ी पहल

# यूपी में ब्लॉक स्तर पर स्थापित होंगी एस्ट्रो लैब्स

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बलिया जिले के सभी 17 ब्लॉकों में विज्ञान एवं खगोल शास्त्र प्रयोगशालाएं स्थापित की जा चुकी, बच्चे अंतरिक्ष के रहस्यों से हो रहे रूबरू**

**लखनऊ।** उप्र में अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की पौध तैयार करने के लिए ब्लॉक स्तर पर सरकारी स्कूलों में एस्ट्रो लैब्स तैयार की जा रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के कई जिलों के ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में पीपीपी मॉडल पर एस्ट्रो लैब बनकर तैयार भी हो गई हैं, जहां बच्चे केवल किताबों से ही नहीं, बल्कि टेलीस्कोप, पीआर और माइक्रोस्कोप के जरिए अंतरिक्ष के रहस्यों से रूबरू हो रहे हैं।

अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और तकनीक-समर्थ शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। उनके इसी विजन को एस्ट्रो लैब्स साकार कर रही हैं, जहां ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र अंतरिक्ष, प्रकाश, गुरुत्वाकर्षण जैसे जटिल सिद्धांतों को लैब्स के जरिए समझ पा रहे हैं। योगी सरकार ने इस एस्ट्रो लैब्स को अमृत काल लर्निंग सेंटर्स का नाम दिया है। इसे पीपीपी मॉडल पर तैयार किया जा रहा है। सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश के कई ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में एस्ट्रो लैब्स बनकर तैयार हो रहे हैं। यहां पर बच्चों को डॉबसोनियन टेलीस्कोप, पीआर हेडसेट, माइक्रोस्कोप और मानव शरीर रचना मॉडल जैसे अत्याधुनिक उपकरणों के जरिए उनके ज्ञान को बढ़ाया जा रहा है। इतना ही नहीं शिक्षकों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम, वीडियो गाइड और मेंटरशिप की व्यवस्था की गई है, ताकि वे बच्चों को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़ सकें। बलिया के जिलाधिकारी मंगला प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप बलिया के सभी 17 ब्लॉकों में विज्ञान एवं खगोलशास्त्र प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं, जिनके माध्यम से बच्चों के भीतर वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह लैब्स बच्चों को अनुभव आधारित और जिज्ञासा-आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित कर रही हैं। बलिया के मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने बताया कि एस्ट्रो लैब्स को स्थापित करने में 2.5 से 3 लाख रुपए का खर्चा का रहा है। इसमें उपकरण और शिक्षकों का प्रशिक्षण भी शामिल है।

## इसरो अध्यक्ष ने की योगी से मुलाकात

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एवं भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी नारायणन ने सोमवार को मुलाकात की।

इस शिष्टाचार भेंट में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान राज्य के लिए रिमोट सेंसिंग तकनीकों के माध्यम से विकास की नई संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान इसरो अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को रिमोट सेंसिंग क्षेत्र में अब तक हुई प्रगति और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौसम पूर्वानुमान, वन और हरित क्षेत्र की निगरानी, भूजल प्रोफाइल, मानचित्रण और जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर पहले से ही व्यापक कार्य हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में आकाशीय बिजली से हो रही जनहानि पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश के लिए पृथक उपग्रह विकसित किया जाए, जो विशेष रूप से आकाशीय बिजली की पूर्व चेतावनी देने में सक्षम हो। योगी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य में बिजली गिरने की घटनाओं में औसतन 300 लोगों की मृत्यु हुई है।

# रास्ते के नाम पर वृंदावन में आस्था न बिगाड़े सरकार

लखनऊ, वार्ता



**वृंदावन की पहचान कृष्ण की रासलीला से पूरी दुनिया में: अखिलेश**

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को आरोप लगाया कि वृंदावन में कॉरिडोर के नाम पर कुंज गलियों का पौराणिक स्वरूप बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

यादव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वृंदावन की पहचान भगवान कृष्ण की रासलीला और कुंज गलियों के लिए पूरी दुनिया में है। यहां दुनिया के कोने कोने से श्रद्धालु प्राचीन मंदिर और कुंज गलियों को देखने आते हैं, मगर सरकार कॉरिडोर के नाम पर इन कुंज गलियों का स्वरूप बिगाड़ रही है, जो ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर के नाम पर न जाने कितने प्राचीन मंदिर नष्ट हो जाएंगे और गलियों को चौड़ा करने से उनकी सुंदरता पर भी आंच आएगी। सरकार को चाहिए कि इटली के धार्मिक नगर वेनिस की तर्ज पर कॉरिडोर का निर्माण करे, ताकि कुंज गलियों की सुंदरता बरकरार रहे। सरकार का तर्क है कि गलियां चौड़ी होने से श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। यदि ऐसा ही होता तो प्रयागराज महाकुंभ जो इतने बड़े क्षेत्रफल में फैला था,वहां अप्रिय घटना को रोका जा सकता था। सपा अध्यक्ष ने आरा.प लगाया कि काशी की तरह सरकार कान्हा नगरी में भी कॉरिडोर के नाम पर पौराणिक सुंदरता को बिगाड़ना चाहती है।

# घटिया खाद-बीज बेचने पर सीधे होगी जेल

नई दिल्ली, वार्ता

**केंद्र सरकार ला रही नया कानून**



केंद्र सरकार घटिया उर्वरकों, कीटनाशकों और बीजों की बिक्री के खिलाफ सख्त कानून लाने की योजना बना रही है। नए कानून के तहत घटिया खाद, कीटनाशक और बीज बेचने या देने पर अधिकतम सजा का प्रावधान होगा। अभी तक इस तरह की गड़बड़ी के लिए बहुत कम जुर्माने का प्रावधान है। किसानों को नुकसान से बचाने के लिए सरकार यह कदम उठाने जा रही है।

दिल्ली में मक्का सम्मेलन के दौरान सोमवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घटिया बीज, खाद और कीटनाशक की बिक्री पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सरकार घटिया बीज, खाद और कीटनाशकों की बिक्री के खिलाफ सख्त कानून बनाने जा रही है। घटिया बीज बेचना या देना किसानों के साथ धोखा है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि मैं घटिया बीज उपलब्ध कराए जाने की शिकायत मिलने पर किसान के खेत में गया, जहां मैंने स्थिति की जांच की और पाया कि घटिया बीज बोने के कारण किसान के खेत में अंकुरण नहीं हुआ, जिसके कारण बुवाई और फसलें बर्बाद हो गईं। इसकी पूरी जांच की जाएगी कि यह बीज कहां से आया और किसने बेचा। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शिवराज चौहान ने कहा कि किसानों को न्याय दिलाना सरकार का कर्तव्य है। खराब या घटिया बीजों के कारण अपनी फसल गंवाने वालों को राहत और मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को राहत देने वाली योजनाओं में से एक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसानों की आय बढ़ाना है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि मैंने उत्पादन लागत कम करने और अधिक उपज प्राप्त करने के लिए नई तकनीक विकसित करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने बताया कि कृषि में विविधीकरण जरूरी है। मक्का की खेती का रकबा बढ़ाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। हाल ही में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत वैज्ञानिकों को किसानों के बीच भेजा गया था। लैब को जमीन से जोड़ने का काम किया गया। नकली बीजों, कीटनाशकों और उर्वरकों की गड़बड़ी पर अंकुश लगाने और किसानों को गुणवत्तापूर्ण इनपुट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, बीज अधि. नियम, 1966, बीज नियम, 1968, बीज (नियंत्रण) आदेश, 1983, आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955, कीटनाशक अधिनियम, 1964, कीटनाशक नियम, 1971 और उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 में विभिन्न प्रावधान उपलब्ध हैं। संबंधित राज्य कृषि विभाग अपने-अपने राज्यों में बीज, उर्वरक और कीटनाशकों के गुणवत्ता नियंत्रण को सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षकों की नियुक्ति करता है। यदि बीज, उर्वरक और कीटनाशकों के किसी भी नमूने में नकली/घटिया गुणवत्ता पाई जाती है, तो अधिनियमों और नियमों के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाती है।

## पूर्व मंत्री आनंद सिंह का निधन योगी, अखिलेश ने दी श्रद्धांजलि

**गोंडा।** केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के पिता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री पूर्व सांसद आनंद सिंह का सोमवार को लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह करीब 87 वर्ष के थे।

सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत तमाम राजनेताओं और बुद्धिजीवियों ने दुख प्रकट किया है। गोंडा जिले में मनकापुर के राजकुंवर राजनी. तिक पुरोधा व यूपी टाइगर के नाम से चर्चित आनंद सिंह गोंडा लोकसभा सीट से चार बार कांग्रेस के टिकट पर सांसद रहे। वर्ष 1991 में राममंदिर लहर के दौरान बृजभूषण शरण सिंह से और वर्ष 1996 में बृजभूषण शरण सिंह की पत्नी केतकी सिंह से चुनाव हारने के बाद उन्होंने लोकसभा चुनाव से स्वयं को अलग कर लिया। वर्ष 2012 का विधानसभा चुनाव लड़कर वह विधायक बने और सपा सरकार कृषि मंत्री रहे। आनंद सिंह के इकलौते पुत्र और केंद्रीय विदेश राज्य व पर्यावरणएवं जलवायु मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने यूनीवार्ता को बताया कि उनके पिता का पार्थिव शरीर मनकापुर स्थित पैतृक राजमहल लाया गया जहां दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दौरान राजनीतिक नेताओं, अधिकारियों, समाजसेवियों और समर्थकों का हुजूम अपने नेता के अंतिम दर्शन के लिए उमड़ रहा। आनंद सिंह कांग्रेस और सपा से लड़ते हुए गोंडा से वर्ष 1971, 1980, 1984 और 1989 में सांसद रहे। 2012 में आखिरी बार वह सपा के टिकट पर गोंडा की गौरा विधानसभा सीट से चुनाव लड़े और जीते। सपा सरकार में वह कृषि मंत्री बने।

# डिप्टी सीएम केशव मौर्य के खिलाफ हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की

प्रयागराज।



**निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में दी थी चुनौती**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ फर्जी शैक्षिक दस्तावेजों के आधार पर पद प्राप्त करने और धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस संजय कुमार सिंह की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता दिवाकर नाथ त्रिपाठी इस मामले में न तो पीड़ित हैं और न ही व्यथित हैं। इसलिए उनके पास आपराधिक कार्रवाई शुरू करने का कोई अधिकार नहीं है।

यह मामला 2021 में शुरू हुआ था, जब त्रिपाठी ने सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत एक आवेदन दायर किया, जिसमें केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। त्रिपाठी का आरोप था कि मौर्य ने 2007, 2012 और 2014 के चुनावों में चुनाव आयोग के समक्ष अपनी शैक्षिक योग्यताओं के बारे में गलत हलफनामे प्रस्तुत किए थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मौर्य ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से पेट्रोल पंप हासिल करने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। याचिकाकर्ता ने आरटीआई अधिनियम के तहत प्राप्त जानकारी का हवाला देते हुए दावा किया कि मौर्य द्वारा हिंदी साहित्य सम्मेलन, इलाहाबाद से प्राप्त प्रथमा, मध्यमा और उत्तमा की डिग्रियां उत्तर प्रदेश सरकार, यूजीसी और एनसीईआरटी द्वारा क्रमशः हाई स्कूल, इंटरमीडिएट और स्नातक (बीए) के बराबर मान्यता प्राप्त नहीं हैं। ट्रायल कोर्ट ने 4 सितंबर 2021 को त्रिपाठी के आवेदन को खारिज कर दिया था। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दायर की। शुरू में यह याचिका 318 दिनों की देरी के कारण खारिज कर दी गई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 6 जनवरी 2025 को हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया और मामले को योग्यता के आधार पर तय करने का निर्देश दिया। इस पर फिर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की।

# गोमूत्र से होगा डायबिटीज व हार्ट समेत 19 बीमारियों का इलाज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आयुर्वेद और परंपरागत चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के मकसद से अनोखी पहल की है जिसके अंतर्गत अब दूध, दही, घी, गोमूत्र और गोबर (पंचगव्य) से आयुर्वेदिक मंजन, मलहम और औषधीय उत्पाद तैयार किए जाएंगे।

खास बात यह है कि इन उत्पादों को औपचारिक आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में सम्मिलित किया जाएगा। पंचगव्य के आधार पर बड़े पैमाने पर उत्पाद बनाए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा और गोशालाओं की उपयोगिता भी पहले से अधिक बढ़ जाएगी। विशेषज्ञों के अनुसार गोमूत्र में औषधीय गुण मौजूद होते हैं। सरकार के इस प्रयास के तहत डायबिटीज और हृदय रोग जैसी कुल 19 बीमारियों के इलाज में गोमूत्र आधारित उत्पाद प्रभावी भूमिका निभाएंगे, जिनमें चर्म रोग, गठिया जोड़ों का दर्द, मुंहासे, साइनस, दमा एवं सांस संबंधी रोग, पीलिया, पेट दर्द, तेज बुखार, एनीमिया, टॉन्सिल, हृदय रोग, चक्कर/सर दर्द, पालिप्स, डैंड्रफ, मधुमेह, गंजापन, अवसाद, रक्त विकार, दांत दर्द शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि आयुष विभाग के सहयोग से पंचगव्य आधारित उत्पादों के निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाया जा रहा है। पंचगव्य का विशेष महत्व है और अब इसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से तैयार कर आमजन के लिए लाभकारी औषधियों के रूप में उपयोग में लाया जाएगा। सरकार की योजना है कि पंचगव्य से बनने वाले उत्पादों को आधिकारिक अनुसंधान से जोड़कर प्रामाणिक बनाया जाए। इससे इन उत्पादों को व्यापक स्तर पर चिकित्सा पद्धति में स्थान मिलेगा। इस योजना से जहां परंपरागत चिकित्सा को बल मिलेगा, वहीं गोपालकों, किसानों और ग्रामीण युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। पंचगव्य उत्पादों की मांग बढ़ने से गोशालाओं की उपयोगिता भी बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

# कश्मीर में पर्यटक फिर से आने लगे

श्रीनगर, वार्ता



**राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के पर्यटन सचिव सम्मेलन में बोले केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत**

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद जहां पर्यटकों के कश्मीर आने में कमी आई थी, लेकिन अब फिर से पर्यटकों का आना शुरू हो गया है। उन्होंने इसका श्रेय जम्मू-कश्मीर सरकार और केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए सक्रिय कदमों को दिया।

शेखावत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दो दिवसीय 'पर्यटन सचिवों' सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाग लेने के बाद श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि पहलगाम की घटना के बाद यहां पर्यटकों की संख्या में कमी आ गई थी, यहां फिर से पर्यटक आने लगे हैं। मेरा मानना है कि जिस तरह से राज्य सरकार ने इस पर काम करना शुरू किया है और केंद्र सरकार ने भी अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल, मंत्री भेजे हैं और अलग-अलग सम्मेलन आयोजित किए हैं। यह विश्वास निर्माण अभ्यास निश्चित रूप से फलदाई होगा और निकट भविष्य में कश्मीर का पर्यटन अपनी पुरानी रंगत में लौटेगा। यह सम्मेलन श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया जा रहा है और इसमें पर्यटन क्षेत्र में सहयोगात्मक नीति-निर्माण और रणनीतिक योजना पर उच्च-स्तरीय विचार-विमर्श के लिए देश भर के पर्यटन सचिव और प्रमुख शामिल हो रहे हैं। शेखावत ने पिछले जून में घाटी की अपनी यात्रा को याद किया जिसके दौरान उन्होंने यह संदेश फैलाने के लिए व्यापक यात्रा की थी कि कश्मीर सुरक्षित है। उन्होंने लोगों से हाल की घटनाओं को भूलकर पर्यटन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आइए जो हुआ उसे भूल जाएं और आगे बढ़ें। आइए हम कश्मीर के पर्यटन को पुनर्जीवित करें और इसे आगे बढ़ाने का प्रयास करें क्योंकि यह पिछले तीन वर्षों से बढ़ रहा है। श्रीनगर में दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करने के उद्देश्य पर, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य दो गुना है- पहला यह कि पहलगाम हमले के बाद कश्मीर सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विषयों से जुड़े देश भर के पर्यटन सचिवों को अपने-अपने राज्यों में जाकर संदेश देना चाहिए।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरानजनक पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# मुठभेड़ में लूट के चार आरोपी दबोचे

## दो बदमाश घायल, अवैध असलाह व हजारों की नकदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मीरांपुर पुलिस ने मुठभेड के दौरान दो घायल साथी सहित चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने इस दौरान आरोपियों के कब्जे से अवैध असलाह 90 हजार की नगदी व लूट में प्रयुक्त की गई बाइक बरामद करने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि उक्त गिरोह ने चार जुलाई को एक व्यक्ति से करीब सवा लाख कर नगदी लूटी थी।

पुलिस लाइन के सभाकक्ष में हुई प्रेसवार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार वर्मा व एसपी देहात आदित्य बंसल ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि सात जुलाई को रिहान पुत्र मुजिम्मल ने मीरांपुर आकर थाने में एक तहरीर देते हुए बताया था कि बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर एक लाख 23 हजार रूपयें की नगदी लूट ली है। मीरांपुर पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया था और तभी से घटना में लिप्त बदमाशों की तलाश की जा रही थी। रविवार की रात बिजनौर रोड पर संदिग्ध लोगों



से पुलिस की मुठभेड हो गई।

बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में जवाबी गोलिया चली जिसमें दो बदमाश एजाज उर्फ एजहास पुत्र इस्तेकार निवासी कूकडा नई मंडी व नवाजिश पुत्र शमशाद निवासी ग्राम तिस्सा थाना भोपा, सुहैल पुत्र इनाम निवासी कूकडा नई मंडी थाना कोतवाली, शारिक पुत्र साजिद निवासी ग्राम बिलासपुर नई मंडी कोतवाली को गिरफ्तार किया। इनमें से एजाज व नवाजिश पुलिस की गोली से घायल हुए है। एसएसपी का कहना है कि इनका साथी शुऐब शूटर पुत्र गुल्लू निवासी कूकडा व लाला पुत्र अज्ञात अभी फरार है। और पुलिस ने इनके कब्जे से लूट की नगदी बरामद की है। एसएसपी ने बताया कि पीड़ित रिहान मीट सप्लायर है और वह उधार दिए गए मीट के रूपये इकट्टे कर वापस लौट रहा था जहां उसके साथ लूट की वारदात हुई थी।

# कांवड़ मार्ग पर मांस देख कर भड़के हिंदू संगठन कार्यकर्ता

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार सुबह जिले में उस वक्त हड़कंप मच गया जब कांवड़ मार्ग पर एक वाहन में खुलेआम मांस ले जाने की सूचना सामने आई। यह मामला सामने आने के बाद हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने जब वाहन को रोकने का प्रयास किया, तो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही शहर कोतवाली प्रभारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल पशु चिकित्सा विभाग की टीम को बुलाकर मांस के नमूने लिए और वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह मांस कैराना के एक मीट प्लांट से लाया जा रहा था और शामली में स्थित मीट की दुकानों पर इसकी आपूर्ति की जानी थी। यह वाहन औद्योगिक क्षेत्र के समीप पाया गया, जो शहर कोतवाली क्षेत्र में आता है। हिंदू संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि कांवड़ मार्ग जैसे पवित्र रास्ते पर इस तरह खुलेआम मांस की ढुलाई पर सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि इससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और यह कानून व्यवस्था के लिए भी चुनौती है।

# बिस्मार हुआ अग्रसैन स्मारक स्थल

## पालिका ने महाराजा अग्रसैन समिति को आवंटित किया स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका परिषद् के मुख्यालय टाउनहाल परिसर में वैश्य शिरोमणि महाराजा अग्रसैन का भव्य स्मारक बनाये जाने के लिए कवायद में पूर्व में बनाया गया स्मारक का प्लेटफार्म बिस्मार कर दिया गया है। इसके स्थान पर नया प्लेटफार्म बनाया जायेगा। अग्रसैन स्मारक समिति को यह स्थान आवंटित किया है, इससे पहले पालिका स्मारक के लिए नया प्लेटफार्म बनाने पर 14 लाख से अधिक खर्च करने की तैयारी कर चुकी थी।

गौरतलब है कि अंजू अग्रवाल के कार्यकाल वाले पूर्व बोर्ड में टाउनहाल के गेट नम्बर एक के समीप महाराजा अग्रसैन स्मारक प्लेटफार्म का निर्माण कराया गया था। यहां पर भव्य प्रतिमा स्थापना का कार्य होना था, लेकिन शासन से प्रतिमा लगाने की अनुमति नहीं मिलने के कारण यह अधर में लटका रहा। नये बोर्ड में पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप से भी वैश्य समाज ने टाउनहाल के इस वीरान स्मारक पर महाराजा अग्रसैन की प्रतिमा स्थापित कराने की मांग की तो उन्होंने इसके लिए कदम बढ़ाया था और इसके पूर्व प्लेटफार्म के स्थान पर नया प्लेटफार्म निर्माण कराये जाने की कवायद शुरू हुई थी।

ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि तीन जून को संपन्न हुई पालिका बोर्ड बैठक के जारी एजेंडे में निर्माण विभाग के प्रस्ताव संख्या 559 के अन्तर्गत् पालिका ने टाउनहाल के गेट नम्बर एक पर बने महाराजा अग्रसेन स्मारक को तोड़कर नया स्मारक स्थल निर्माण करने की स्वीकृति बोर्ड से मांगी गई थी। इसके लिए निर्माण विभाग ने 14.37 लाख रुपये का व्ययानुमान तैयार किया गया था। राजीव शर्मा द्वारा मंत्री कपिल देव अग्रवाल के माध्यम से प्रस्ताव दिया था, जिसमें महाराजा अग्रसैन स्मारक के लिए नया प्लेटफार्म निर्माण करने के लिए महाराजा अग्रसैन स्मारक समिति को स्थान आवंटित करने की मांग भी शामिल थी। बोर्ड की स्वीख्रति के बाद महाराजा अग्रसैन समिति के पदाधिक. ारियों को पूर्व प्लेटफार्म आवंटित कर दिया गया है। इसमें अब पालिका किसी भी प्रकार को व्यय नहीं करेगी, तोड़ने और पुन: निर्माण में जो खर्च आयेगा वो समिति द्वारा ही वहन किया जायेगा। वहीं प्लेटफार्म को तोड़ने का कार्य कर रहे लेबर ठेकेदार आबिद ने बताया कि यहां पर महाराजा अग्रसैन की आदमकद बड़ी प्रतिमा स्थापना के लिए नया प्लेटफार्म बनाया जाना है, दो दिन से पुराने स्ट्रक्चर को तोड़ा जा रहा है। इसे धरातल तक बिस्मार किया जायेगा। बताया गया कि इस स्मारक में लगे एसएस के जीने आदि जो भी सामान निकल रहा है, उसे ठेकेदार के घेर में रखवाया जा रहा है। जेई कपिल कुमार का कहना है कि ये प्लेटफार्म कौन और किसकी अनुमति से तोड़ रहे हैं, उनको जानकारी नहीं है, यहां निकाला गया सामान किसकी अनुमति से उठाकर किसी के घर पहुंचाया जा रहा है, उनको इसकी भी जानकारी नहीं है, यह मामला पालिका के संपत्ति विभाग का है। निर्माण विभाग से कोई अनुमति नहीं दी गई है।

# बीएसए कार्यालय के सहायक लिपिक हटे

## डीसी विकास त्यागी के नाटकीय गायब होने के मामले में नया मोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बीएसए कार्यालय के डीसी विकास त्यागी के नाट्कीय अंदाज में गायब रहने और फिर सामने आकर बीएसए पर प्रताडित करने के आरोप का मामला अभी ठंडा नहीं हुआ था कि इस प्रकरण में कार्यालय में प्रधान सहायक लिपिक की गतिविधियों को षडयंत्र रचने में संदिग्ध मानते हुए उन्हें कार्यालय से हटा दिया गया है। हालांकि स्थानांतरण आदेश में इस मामले का जिक्र किए बिना तीन वर्ष की स्थानांतरण नियमावली का हवाला दिया गया है।

करीब दो महीने पूर्व बीएसए कार्यालय में मिड डे मील पटल देखने वाले डीसी विकास त्यागी बीएसए के बुलाने की जानकारी परिजनों को देकर गायब हो गए थे। मामला बढा तो पुलिस जांच में जुट गई, जिसमें विकास त्यागी के गायब होने से पहले व अन्य समय कार्यालय के प्रधान सहायक लिपिक अशोक मलिक की काल डिटेल पुलिस को मिली, जिस कारण पुलिस ने विकास के नहीं मिलने तक उन्हें थाने में बैठाकर रखा। कुछ दिन बाद विकास त्यागी सामने आए और बीएसए पर प्रताडित करने के आरोप लगाए। बीएसए ने आरोप का खंडन करते हुए उनके नवीनीकरण स्वयं करने की जानकारी डीएम को दी। इसके बाद मामले की जांच एसडीएम खतौली को दी गई, जो अभी तक लंबित है। बीएसए ने प्रधान सहायक अशोक मलिक का स्थानांतरण नगर के बीईओ कार्यालय में किया। वहीं नगर क्षेत्र से प्रधान सहायक निलेश पंवार को बीएसए कार्यालय में भेजा। निलेश पंवार ने बीएसए कार्यालय में ज्वाइंन कर लिया, जबकि अशोक मलिक ने अभी ज्वाइनिंग नहीं ली है। बीएसए संदीप कुमार का कहना है कि ट्रांसफर पालिसी के तहत स्थानांतरण किया है। दो प्रधान सहायकों का स्थानंतरण किया है। नगर क्षेत्र से बीएसए कार्यालय में आए लिपिक ने ज्वाइन कर लिया है। आदेश का पालन नहीं करने पर भी कार्यवाही होगी।



मुजफ्फरनगर: पीड़ित महिला को इंसाफ दिलाने के लिए धरने पर बैठे समाजसेवी मनेश गुप्ता।

# चिकित्सक पर ऑपरेशन के लिए रिश्वत मांगने का आरोप

## पीड़ित महिला के साथ धरने पर बैठे मनेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला अस्पताल की व्यवस्था पर एक बार फिर सवालिया निशान लगा है चिकित्सकों पर रिश्वतखोरी मांगने का आरोप लगाते हुए लाडवा गांव की रहने वाली एक महिला ने बताया कि उसके बेटे के घुटने का ऑपरेशन करने के नाम पर डॉक्टर ने 16,000 रुपये की रिश्वत मांगी। महिला की सूचना पर समाजसेवी व अधिवक्ता मनेश गुप्ता यहां पहुंचे और महिला के साथ जिला अस्पताल की ओपीडी के बाहर धरने पर बैठ गए।

पीड़िता कुंती देवी ने मीडिया को बताया कि उसके बेटे के घुटने में चोट लगी थी। इलाज के लिए वह जिला अस्पताल पहुंचीं, जहां डॉक्टर ने ऑपरेशन की सलाह दी।

डॉक्टर ने यह भी कहा कि छुट्‌टी के कारण ऑपरेशन सोमवार को किया जाएगा, लेकिन जब वह सोमवार को ऑपरेशन के लिए पहुंचीं, तो डॉक्टर ने उससे रिश्वत मांगते हुए कहा कि बिना पैसे ऑपरेशन नहीं किया जाएगा। मनेश गुप्ता ने बताया कि उन्हें पीड़िता का फोन आया और पूरी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने डॉक्टर से पैसे मांगने की वजह पूछी, तो डॉक्टर ने उन्हें भी धमकी दी और अभद्र व्यवहार किया। गुप्ता ने बताया कि कमरा नंबर 9 में बैठे डॉक्टर और खून की जांच करने वाले कर्मचारी पर रिश्वतखोरी का आरोप है।

उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग खुलेआम कहते हैं कि चाहो तो सीएमएस से शिकायत कर दो, बिना पैसे कोई काम नहीं होगा। इसके बाद मनेश गुप्ता महिला के साथ जिला अस्पताल के ओपीडी विभाग में ही धरने पर बैठ गये। इस घटना को लेकर अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मनेश गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस मामले में सीएमएस से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं लग पाया।

# चकबंदी विभाग में पनपे भ्रष्टाचार पर उबली भाकियू

**मुजफ्फरनगर।** चकबंदी विभाग में पनप रहे भ्रष्टाचार और किसानो की सुनवाई न होने के विरोध में अलग-अलग क्षेत्र से आए किसानों ने भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष नवीन राठी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरते हुए कलक्ट्रेट स्थित चकबंदी सीओ कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और जिलाधिकारी के माध्यम से उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भेजा। सोमवार को जुलूस के रूप में यहां पहुंचे किसानों ने आरोप लगाया कि चकबंदी विभाग में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार व्याप्त है और अधिकारी रिश्वत लेने के बावजूद भी किसानों के कार्यों को समय पर निस्तारित नहीं कर रहे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि किसान बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन अधिकारी समस्या का समाधान नहीं कर रहे। जिला अध्यक्ष नवीन राठी ने आरा. प लगाया कि विभागीय कर्मियों द्वारा खुलेआम रिश्वत की मांग की जा रही है, और जो किसान पैसे देते भी हैं, उनके भी काम समय पर नहीं किए जा रहे, जिससे किसानों में भारी रोष है। नवीन राठी ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही चकबंदी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाया गया और लंबित मामलों का निस्तारण नहीं हुआ, तो भाकियू टिकैत उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# पत्नी से परेशान युवक ने मांगी इच्छा मृत्यु

## बैनर लेकर कलेक्ट्रेट व पुलिस कार्यालय पहुंचे युवक को पुलिस ने समझाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस कार्यालय व कलेक्ट्रेट परिसर पर एक अनोखा मामला सामने आया है अपनी पत्नी से परेशान युवक बैनर लेकर पहुंचा और उसने इच्छा मृत्यु मांगी। इस दौरान आरोपी ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा।

सोमवार की सवेरे एक युवक पुलिस कार्यालय पहुंचा जिसने अपना नाम सुमित कुमार पुत्र रामकुमार सैनी उम्र 27 वर्ष निवासी गांधीनगर बताया। पीडित का कहना है कि वह साफ-सफाई का काम करता है और वह उसकी शादी पास के ही गांव में चौदह जुलाई 2024 को हुई थी। पीड़ित अपने साथ एक बैनर ले रहा था जहां उसने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से एक ज्ञापन के माध्यम से इच्छा मृत्यु मांगी है। पीड़ित सुमित का




आरोप है कि उसकी पत्नी लगातार झगडा करती रही और मारपीट भी की गई। सुमित के हर जवाब में पत्नी के खिलाफ गंभीर आरोप थे उसने बताया कि उसकी हत्या का प्रयास भी किया गया और करीब छह माह से वह अपने मयके में रह रही है। पीड़ित ने यह भी बताया कि पत्नी कई बार उसे मुकदमों में फंसाने की धमकी दे चुकी है, जबकि अपनी पत्नी को लाने के लिए वह कई बार रिश्तेदारों को इकट्‌ठा कर चुका है इतना ही नहीं पत्नी लाने का मुकदमा भी कोर्ट में डाल रखा है। पति-पत्नी के झगडे से परेशान होकर माता-पिता ने भी उसको अपने से अलग कर दिया है, ऐसा सुमित का आरोप है। पुलिस अधिकारियों ने सुमित की पीड़ा को गंभीरता से सुना और उसको नई मंडी थाने भेज दिया। नई मंडी पुलिस ने सुमित को काफी समझाया, और उसकी सुरक्षा का आश्वासन देते हुए आरोपियों के खिलाफ जांच का आश्वासन भी दिया। इसके बाद नई मंडी पुलिस ने सुमित की मां ममता, पिता रामपकुमार, भाई अमित, सुमित, अक्षय व लक्ष को थाने बुलाकर सुमित सैनी को उनके सुपुर्द कर दिया।

# कैमरे में कैद सोने का चोर अभी भी फरार

**मुजफ्फरनगर।** सर्राफा बाजार के व्यापारी का सोना लेकर फरार हुए नौकर की तलाश में पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ उसकी जांच पड़ताल में लगी है, लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ खाली है, हालांकि सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है, लेकिन आरोपी नौकर अभी भी फरार है। बता दे कि विगत दिवस मिमलाना रोड के निवासी सर्राफ जगदीश की सर्राफा बाजार में ज्वैलरी की दुकान है। उनके यहां राजस्थान का नरेश काफी समय से नौकरी करता है। बताया जाता है कि विगत दिवस वह रोजाना की तरह सर्राफ के घर से चाबी लेकर दुकान पर पहुंचा और 44 ग्राम से अधिक सोना साफ कर दिया। इस घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब नौकर नरेश दुकान से गायब मिला ओर काफी समय बाद भी वह वापस नहीं लौटा। दी गई सूचना के बाद शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और जांच पड़ताल करते हुए सबसे पहले पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले थे जिसमें सारी घटना साफ दिखाई पड रही है। कुलमिलाकर अभी तक नौकर फरार है।

ताराचन्द वैदिक पुत्री (पी.जी.) कालेज, मुजफ्फरनगर
माँ शकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बन्ध एवं NCTE & AICTE से मान्यता प्राप्त
B.Ed
सत्र-2025-27
न्यूनतम फीस-उत्कृष्ट शिक्षा
नगर के मध्य स्थित एकमात्र महिला महाविद्यालय
प्रवेश हेतु नि: शुल्क काउंसलिंग।
एससी एसटी छात्राओं को छात्रवृत्ति के आधार पर प्रवेश।
मेधावी छात्राओं को शुल्क में विशेष छूट।
अनुभवी व योग्य शिक्षकों द्वारा शिक्षण।
पाठ्यक्रम पूर्ण करने के उपरांत प्लेसमेंट की सुविधा।
पता नई मण्डी, निकट बालाजी धाम, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क करे:- 9760008988, 9917000198



मुजफ्फरनगर: कलेक्ट्रेट परिसर स्थित चकबंदी विभाग में प्रदर्शन करते भाकियू कार्यकर्ता।

# शहरी क्षेत्र के कांवड़ मार्ग पर लगे यूनीपोल-डिवाईडर का होगा सर्वे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका परिषद् की ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने कार्यवाहक कर अधीक्षक पारूल यादव को शहरी क्षेत्र के कांवड़ मार्ग बझेडी अंडरपास से लेकर वहलना चौराहे तक और शिव चौक से काली नदी पुल तक डिवाईडर और उन पर लगे यूनीपोल का सर्वे कराये जाने के साथ ही तत्काल रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। ईओ डॉ. प्रज्ञा ने बताया कि कांवड़ यात्रा को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए कांवड़ मार्ग पर दो स्थानों मदीना चौक बझेडी रोड और नावल्टी चौराहे से दो यूनीपोल को हटवाया गया है, इनके कांवड़ा यात्रा के दौरान बड़ी कांवड़ों के आवागमन में बाधा बनने की संभावना थी। अब ऐसे ही एक अन्य यूनीपोल को लेकर विवाद हो रहा है। इसको देखते हुए पूर्ण कांवड़ मार्ग का सर्वे कराया जा रहा है। इसमें यदि कोई यूनीपोल या डिवाईडर बड़ी कांवड़ों के सुलभ अवागामन को प्रभावित करता प्रतीत होगा तो उसको हटवाने का काम किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए एसपी ट्रेफिक को भी पत्र भेजा गया है, जिसमें उनसे कांवड़ मार्ग पर बड़ी कांवड़ों के आवागमन में यूनीपोल आदि से कोई बाधा की संभावना को लेकर जानकारी मांगी गयी है। रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।




# अशोक कंसल के साथ मुख्यमंत्री योगी से मिले सुखदर्शन बेदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पूर्व विधायक अशोक कंसल के नेतृत्व भाजपा के वरिष्ठ नेता सुख दर्शन सिंह बेदी, दिनेश बंसल एवं रजत गोयल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिख एवं बौद्ध धर्म में पंचतीर्थो के दर्शन करने के लिए एवं प्रत्येक व्यक्ति को जो 10,000 रुपए देने की घोषणा की है उन सभी के लिए सुख दर्शन सिंह बेदी ने उनका आभार जताया। अशोक कंसल ने कहा कि जब से मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार की कमान संभाली है, तब से ही प्रदेश की जनता बहुत खुशहाल एवं समृद्ध महसूस कर रही है। उन्होंने मांग रखी कि प्रत्येक जिले में एक 11 सदस्य कमेटी का गठन किया जाए जिसमें हर क्षेत्र का प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हो। इस आशय का पत्र भीमसेन कंसल ने दिया था,अशोक कंसल ने मांग की प्रत्येक माह व्यापार बंधुओ की बैठक, उद्योग बंधुओ के बैठक की तर्ज पर जैसा कि आपके द्वारा पूर्व में आदेशित किया गया है सुचारू रूप से प्रत्येक जिला, मंडल एवं प्रदेश स्तर पर होनी चाहिए। व्यापारी नेता संजय मित्तल द्वारा दिए गए प्रस्ताव को भी गंभीरता से लेने की बात कही जिसमें दुकानों का स्वामित्व एवं बरामदों पर लगे हुए चौनरो को सुरक्षा की दृष्टि से लगे रहने की मांग की। अशोक कंसल के द्वारा अन्य व्यापारिक मुद्दों पर भी गंभीरता से चर्चा की गई जिन सभी पर ध्यान देते हुए मुख्यमंत्री ने शीघ्र ही अधिकारियों को आदेशित करने के लिए कहा। अशोक कंसल ने मुजफ्फरनगर का नाम बदलकर लक्ष्मी नगर करने के लिए भी अनुरोध किया। अप्रैल में होने वाली बालाजी जयंती का भी निमंत्रण मुख्यमंत्री को दिया गया जिस पर उन्होंने कहा भविष्य में आप जरूर अवगत कराये और आने का भी आश्वासन दिया।



मुख्यमंत्री से भेंट करते पूर्व विधायक अशोक कंसल व सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी।

# नगर में धड़ल्ले से चल रहा है अवैध गैस रिफलिंग का कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** नगर व देहात क्षेत्र मे अवैध गैस रिफ़लिंग का कार्य धडल्ले से चल रहा है इस प्रक्रिया मे एलपीजी घरेलू सिलेंडर से कमशह्लयल सिलेंडर मे भरी जाती है क्योंकि कमशह्लयल सिलेंडर का दाम घरेलू सिलेंडर से डेढ़ गुना होता है स जिस कारण घरेलू सिलेंडर से गैस कमशह्लयल सिलेंडर मे पहुंचाते है जिससे मोटा मुनाफा कमाया जा सके मार्किट मे एलपीजी सिलेंडर की क़ीमत करीब 886 रुपए है जबकि कमशह्लयल सिलेंडर का दाम लगभग 1696 रुपए है माना जाता है की गैस का अवैध कारोबार करने वाले ढाबो व होटलों पर यह गैस सप्लाई करते है

भरी बस्तीयो मे बहुत गैस रिफ़लिंग का कार्य जोरो शोरो से चल रहा है और यह खतरनाक कार्य भरी बस्तीयो मे खुलेआम हो रहा है जिस प्रकार गैस रिफ़लिंग का कार्य होता है वह बहुत ही खतरा भरा हुआ है जरा सी भी लापरवाही से यह कार्य बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है एक छोटी सी चिंगारी बड़ी घटना को जन्म दे सकती है आबादी के बीच अगर सिलेंडर ने आग पकड़ ली तो उस पर काबू पाना बहुत ही मुश्किल है

नियमानुसार वाणिज्यक संस्थान नहीं कर सकते घरेलू सिलेंडर का प्रयोग

वाणिज्यक संस्थान जैसे होटल,ढाबे, हलवाई रेस्टोरेंट आदि मे घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर इस्तेमाल करना वर्जित है ये केवल कमशह्लयल सिलेंडर ही इस्तेमाल कर सकते है जोकि घरेलू सिलेंडर से डेढ़ गुना महंगा होता है प्रशासन यदाकदा अथवा शिकायत मिलने पर वाणिज्यक संस्थानों की चेकिंग भी करता है ताकि सुनिश्चित हो सके की होटल,ढाबो मिठाई की दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल तो नहीं हो रहा है इस अवैध कारोबार से यह कहा जा सकता है की वाणिज्यक संस्थान छापे के डर से इन नीले रंग वाले कमशह्लयल गैस सिलेंडर मे घरेलू गैस भरवा कर ही अपने संस्थान मे इस्तेमाल करते है ताकि चेकिंग मे पकड़े न जाए

चरथावल क्षेत्र मे मिठाई की दुकानों पर खुलेआम होता है एलपीजी गैस सिलेंडरो का प्रयोग

क्षेत्र मे यह देखने मे आता है की मिठाई की दुकानों पर खुल्लम खुल्ला एलपीजी सिलेंडरो का इस्तेमाल किया जाता है और प्रशासन द्वारा इन मिठाई की दुकान स्वामियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही आज नहीं की गयी है इन मिठाई की दुकानों के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही न होना बड़ी चर्चा का सवाल बना हुआ है

**बड़ा सवाल कहा से मिलते है इतने घरेलू गैस सिलेंडर**

एक बड़ा सवाल यह उठता है की इन अवैध कारोबारियों को इतनी बड़ी मात्रा मे घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर कहा से मिलते है क्योंकि यह केवल घरेलू उपभोक्ताओं को ही दिए जाते है घरेलू उपभोक्ताओं को भी नियमानुसार सीमित मात्रा मे ही सिलेंडर दिए जाते है सवाल यह उठता है की अवैध कारोबारियों के द्वारा जमकर घरेलू गैस की कालाबा. जारी की जा रही है।

## सोसाइटी में खाद न मिलने से ग्रामीणों में रोष

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव कुरथल में स्थित सोसाइटी में आज सोमवार के दिन जमकर हंगामा हुआ। जिसमें आक्रोशित किसानों ने सोसाइटी के कर्मचारियों को आड़े हाथों लिया और ब्लैक में खाद दिए जाने पर जमकर खरी खोटी सुनाई। मिली जानकारी के अनुसार बब्लाक क्षेत्र के गांव कुरथल में स्थित खाद सोसाइटी में समीपवर्ती गांव नगवा के दर्जनों किसान पहुंचे। जहां पर उनको सोसाइटी का ताला लगा पाया गया। सुबह सवा दस बजे तक भी खाद सोसाइटी का ताला नहीं खुल पाया था और कर्मचारी भी दूर दूर तक दिखाई नहीं दे रहे थे। जिसको लेकर किसानों में आक्रोश पनप गया और वे कर्मचारियों की इंतजार देखने लगे। कुछ ही देर बाद कर्मचारी आए और सोसाइटी का ताला खोलकर कुछ ही देर बाद बन्द करके चलते बने। ग्रामीणों ने इन कर्मचारियों की इस हरकत को देखकर कहा कि वे सुबह 08 बजे से सोसाइटी के बाहर खाद लेने के लिए खड़े हुए हैं।

## दो किशोरियों के लापता होने से मचा हड़कंप

**भोपा।** गांव नंगला बुजुर्ग मे अचानक दो किशोरियों के लापता हो जाने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने सभी जगहों पर तलाश करने के बाद अनहोनी की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव नंगला बुजुर्ग निवासी जगबीर ने दी तहरीर में बताया कि उसकी 17 वषह्लय बेटी रविवार की सुबह से घर से लापता है। जिसके बाद से परिजनों ने उसे सभी रिश्तेदारियों व संभावित जगहों पर तलाश कर लिया है लेकिन उसका कोई पता नही चल सका है। सोमवार की सुबह पिता समेत अनेक लोग थाने पहुंचे तथा किशोरी के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए बेटी की बरामदगी की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, टीम लगाई गई है,

वहीं जगबीर के पड़ोस से ही दूसरी किशोरी भी लापता है। अलग अलग समुदाय की दो किशोरियों के एक साथ लापता होने से गांव मे हड़कंप मच गया है।

# तिराहे पर डिवाइडर बनाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



**बुढ़ाना।** क़स्बा बुढ़ाना के दर्जनों नागरिकों ने अधिवक्ता उत्थान समिति के अध्यक्ष एहतशाम सिद्दीकी एडवोकेट के नेतृत्व में खतौली तिराहे पर डिवाइडर बनाने के लिए उप जिला अधिकारी तहसील बुढ़ाना मोनालिसा जोहरी के माध्यम से मुजफ्फरनगर जिला अधिकारी को एक ज्ञापन भिजवाया। ज्ञापन में कहा गया कि खतौली तिराहे पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहतीं हैं। 02 दिन पहले भी हुई एक भीषण दुर्घटना में 02 लोगो की जान चली गई और 11 लोग घायल हो गए थे।

खतौली तिराहा दुर्घटना ज़ोन बन गया है। ना तो यहां पर वाहनों के लिए रुकावट न ही कोई डिवाइडर बनाया गया है। खतौली तिराहे पर वाहन कितनी स्पीड से किस और से आ जाए कुछ पता नहीं चलता। इसलिए डिवाइडर से ही खतौली तिराहे पर होने वाली दुर्घटनाओं का रोका जा सकता है। अगर खतौली तिराहे पर डिवाइडर नहीं बनता है तो उसको बनवाने के लिए संघर्ष किया जाएगा।

ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से नौशाद पहलवान, नौशाद काला, जावेद राणा, अरशद जोगी, राकेश चौधरी, डॉक्टर सुभाष चौहान, भूरा फ़हीम, क़ाज़ी शकील, दयाराम सैनी, साबिर राणा, साबिर मलिक, खुशह्लद मंसूरी, बिजेंद्र सिंह, पंकज कश्यप और धर्म सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# थाने के सामने है खूनी चौराहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** शरीर की रगों पर अगर चरबी अतिक्रमण कर ले तो हार्ट अटैक होना ही है। ठीक उसी तरह हाई वे के किसी चौराहे पर अगर अतिक्रमण हो जाए तो उस चौराहे का खूनी चौराहा में बदल जाना निश्चित है।

ऐसा ही एक चौराहा मीरापुर में भी है जो थाने के टीक सामने मेरठ कोटद्वार हाई वे पर स्थित है।

इस चौराहे पर मेरठ खतौली मुजफ्फरनगर व कस्बे की घनी आबादी से आने वाला ट्रैफिक मिलता है। नेशनल हाई वे होने के कारण तेज रफ्तार ट्रैफिक चौबीस घंटे चलता है।

यह चौराहा अतिक्रमण के कारण इतना संकरा हो चुका है कि तेज रफ्तार ट्रैफिक ब्रेक मारते मारते भी दुर्घटना का शिकार हो जाता है। चौराहे के किनारे दलित बस्ती है जिनके निर्दोष बच्चे तेज रफ्तार ट्रैफिक के मायने नहीं समझते वे खेलते खेलते दुर्घटना का शिकार हो कर जान गंवा बैठते हैं।

गत आठ माह के दौरान अब्दुल समद पुत्र इकबाल कुरैशी, मानसी पुत्री संजय तथा श्रीमती श्यामो की पोती इसी चौराहे पर अपनी जान गवां चुके हैं।अतिक्रमण की हालत ये है कि सड़क पर पैदल चलने वालों के लिए भी जगह नहीं बची है।शाम के वक्त इस चौराहे पर शराबियों व आवारा लोगों की महफिल सज जाती है। जिसके सभ्य आदमी का निकलना मुश्किल हो जाता है।पुलिस भी कई बार कारवाई कर चुकी है लेकिन राजनीतिक दखल के चलते अतिक्रमण ज्यों का त्यों बना हुआ है। शायद अगली किसी मौत की इंतजार में। लेकिन राजनीति करने वालों के लिए आदमी जान की कीमत के कोई मायने नहीं बस वोट बैंक नहीं बिगड़ना चाहिए।

# 29.24 लाख औषधीय एवं फलदार पौधे से सजेगी जिले की धरती

**मुजफ्फरनगर।** आगामी नौ जुलाई से शुरू होने वाले पौधरोपण अभियान को लेकर वन विभाग की तैयारियां जोरों पर है। इस बार अभियान की थीम पूरी तरह भारतीय परिवेश पर आधारित होगी, जिसके तहत धरा को हरा भरा करने के लिए 29.24 लाख औषधीय व फलदार पौधे लगाए जाएंगे। लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी विभागों की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके लिए पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पौधरोपण अभियान इस बार जुलाई के द्वितीय सप्ताह से शुरू होगा। जिला वन अधिकारी कन्हैया पटेल ने बताया कि इस बार वृहद पौधरोपण अभियान के तहत 29.24 लाख औषधीय पौधे लगाए जाएंगे।

इनमें मुख्य रूप से सहजन, नीम व पीपल के साथ ही फलदार पौधे होंगे। इसके लिए उद्यान विभाग, कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती विभाग समेत जिले के सभी 26 विभागों का सहयोग लिया जाएगा। पौधरोपण के लिए जहां इन सभी विभागों की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके लिए पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है।

वहीं विभागों से उनके क्षेत्र में पौधरोपण के लिए रिक्त पड़ी भूमि के संबंध में भी जानकारी ली जा रही है। लगाए जाने वाले पौधों की रक्षा के लिए उन्हें लोहे की बाड़नुमा जाली लगाकर रक्षित किया जाएगा, वहीं उन्हें पानी देने समेत अन्य कार्यों के लिए वन रक्षकों के साथ ही समाजसेवी संस्थाओं से भी सहयोग लिया जाएगा। बॉक्स- विभागवार पौधरोपण के लक्ष्य मुजफ्फरनगर। वन विभाग ने पौधरोपण अभियान के तहत जनपद के सभी 26 विभागों के लिए पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है।

इसके तहत वन विभाग द्वारा 3. 30 लाख, पर्यावरण विभाग द्वारा 71 हजार, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 1. 49 लाख, राजस्व विभाग द्वारा 1.25 लाख, पंचायती राज विभाग द्वारा 1. 52 लाख, आवास विकास विभाग द्वारा सात हजार, औद्योगिक विकास विभाग द्वारा 17 हजार, नगर विकास विभाग द्वारा 29 हजार, लोक निर्माण विभाग द्वारा 21 हजार, सिंचाई एवं जल संसाधन द्वारा 11 हजार, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति द्वारा 11 हजार, कृषि विभाग द्वारा 2.98 लाख, पशुपालन विभाग द्वारा 16 हजार, सहकारिता विभाग द्वारा 6.7 हजार, उद्योग विभाग द्वारा 14 हजार, ऊर्जा/विद्युत विभाग द्वारा 12 हजार, माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा नौ हजार, बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 15 हजार, प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा आठ हजार, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 27 हजार, श्रम विभाग द्वारा 17 सौ, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 23 हजार, परिवहन विभाग द्वारा 16 सौ, रेलवे विभाग द्वारा 28 हजार, रक्षा विभाग द्वारा छह हजार, उद्यान विभाग द्वारा 1.84 लाख और पुलिस विभाग द्वारा 9.2 हजार पौधे लगाए जाएंगे।

## सास ने दामाद से जताया बेटी की जान को खतरा

**भोपा।** गांव किशनपुर की महिला ने दामाद व सुसराल पक्ष के लोगों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए अपनी बेटी की जान खतरा बताया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी। भोपा थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी महिला रूखसाना ने दी तहरीर में बताया कि उसका मायका झारखंड में है। उसके मायके के लोगों ने कुछ महीनों पहले उसकी नाबालिग बेटी की शादी उसकी मर्जी के खिलाफ झारखंड प्रदेश के गिरिडीह जनपद के गांव देवटन में कर दी थी। आरोप है कि दामाद अक्सर उसकी बेटी के साथ मारपीट करता रहता है । रविवार की देर रात दामाद व उसके परिजनों ने फोन कर शर्मनाक गालियां देते हुए दहेज में तीन तलाक रूपए व घरेलू सामान की मांग पूरी नहीं होने पर बेटी को जान से मारने या तीन तलाक व हलाला करने की धमकी दी है।

# जिन्होंने ज्ञापन दिया उनमें से कई व्यापारियों ने खोली दुकानें

**बुढाना।** व्यापार मंडल के एक संगठन ने विगत दिवस एसडीएम बुढ़ाना मोनालिसा जौहरी को इस आश्य का एक ज्ञापन सौंपा था कि वे बुढाना कस्बे के सभी दुकानदारों से हर सोमवार के दिन साप्ताहिक बंदी का पालन अवश्य करवाएं लेकिनघ सबसे अजीब बात आज साप्ताहिक बंदी के दिन यही देखने को मिली कि जिन व्यापारियों ने साप्ताहिक बंदी की मांग बुढाना एसडीएम मोनालिसा जौहरी से की थी उनमें से कुछ व्यापारियों ने साप्ताहिक बंदी को ही दर किनार कर आज बैखोफ होकर अपनी दुकानें खोली। जिसको लेकर आज अन्य व्यापारियों में इस बात की खूब चर्चा रही कि जो दुकानों को बंद करवाने का ज्ञापन अधिकारी को दे रहे थे उनमें से कुछ व्यापारी आज दुकान खोलते नजर आए। आज कस्बे का बाजार काफी दुकानदारों के द्बारा बैख़ौफ़ होकर खोला गया जबकि आज साप्ताहिक बन्दी थी। जिसे लेकर किसी भी दुकानदार में संबंधित अधिकारी का कोई भी खौफ नजर नहीं आया। अधिकारी भी दूर दूर तक नजर नहीं आए कि वे ये भी देख लें कि साप्ताहिक बंदी का कोई असर कस्बे में हो रहा है या नहीं। कुल मिलाकर कस्बे में सोमवार के दिन साप्ताहिक बंदी सिर्फ मजाक बनकर रह गयी। जिसका माखौल काफी दुकानदार उड़ाकर अपना उल्लू ही सीधा करने में लगे हैं।

## भनवाड़ा में पूर्व प्रमुख विनोद मलिक का हुआ स्वागत

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव हुसेनाबाद भनवाड़ा में आज सोमवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के पूर्वघ प्रमुख विनोद मलिक सैंकड़ों ग्रामीणों के आमंत्रण पर पहुंचे। जहां पर उनका ग्रामीणों ने फूल मालाओं से गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि प्रमुख साहब आप बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र से विधायकी का चुनावघ लड़ो और हम आपसे वायदा करते हैं कि आपको अकेला यही गांव नहीं बल्कि मुस्लिम राजपूत बिरादरी के जितने भी गांव इस विधानसभा में हैं वे सभी आपको वोट देंगे और रालोद की सीट को बरकरार रखने का काम करेंगे। ग्रामीणों ने पूर्व प्रमुख विनोद मलिक के साथ साथ राष्ट्रीय लोकदल में भी आस्था जताते हुए विनोद मलिक जिंदाबाद और जयंत चौधरी जिंदाबाद के नारे गर्मजोशी के साथ लगाए। पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने अपनी माता पाल्लो देवी जो कि वर्तमान में बुढ़ाना ब्लाक की प्रमुख हैं उनकी निधि से पूर्व की तरह गांवघ हुसैनाबाद भनवाडा में बचे हुए विकास कार्यों को करवाने की घोषणा कर सभी ग्रामीणों को खुश कर दिया। यहां पर मुख्य रूप से गांवघ बिटावदा के पूर्व प्रधान सत्यपाल सहरावत, सुधीर सैन, गुफरान राणा, जानू राणा, गामा पहलवान, ग"यूर राणा, आमिर राणा, तनवीर और लविश जांगिड आदि रालोद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ताराचन्द वैदिक पुत्री डिग्री कॉलेज में वन महोत्सव




**मुजफ्फरनगर।** ताराचन्द वैदिक पुत्री डिग्री कॉलिज में महाविद्यालय के ग्रीन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्रीजी के निर्देशानुसार वर्तमान में चल रही योजना- श्एक पेड़ माँ के नामश के अन्तर्गत 07.07.2025 तक महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा विष्णु विहार, रजवाहा रोड, शिवलोक व ए टू जेड रोड़ पर अर्जुन, आम, जामुन, कदम्ब, नीम,पीपल व बरगद के पेड़ लगाये गयें। महाविद्यालय द्वारा 50 वृक्ष छात्राओं, स्टाफ व महाविद्यालय में आने वाले अतिथिगण को पौधारोपण हेतु भेंट किये गये व कुल 100 पौधों का पौधारोपण इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए किया गया कि सम्पूर्ण माह में कम से कम 250 वृक्ष लगाये जाने का लक्ष्य रखा गया है ।

छात्राओं द्वारा 100 श्पौधा उगाने वाले बेगश का निर्माण बेकार पन्नियों द्वारा किया गया ताकि श्पुनर्प्रयोगश की विधि से प्रर्यावरण संरक्षण में सहायता प्राप्त हो। तत्पश्चात इन पन्नियों में एकत्रित किये गये नीम व पारिजात के बीज तथा आम, जामुन व खुबानी की गुठलियों को बोया गया ताकि आगामी वर्ष के लिऐ इनके वृक्षों की पौध तैयार हो जाये।

वन महोत्सव के दौरान पौध दान व पौध स्वीकरण कार्यक्रम भी चलाया गया। छात्राओं द्वारा पीपल, बरगद व नीम आदि के स्वत: उग रहे पौध एकत्रित कर उनसे नये पौध तैयार किये गये। महाविद्यालय की प्राचार्या डाद्ग संगीता चौधरी जी ने छात्राओं की प्रर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, कर्मठता व उत्साह को देखते हुए उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की व छात्राओं को इस कार्य में निरन्तर प्रयत्नशील रहने के लिए प्रेरित किया।

# देवशयनी एकादशी पर खाटू श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नवनिर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर परिसर, श्री झारखंड महादेव देवालय में देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धा व भक्ति के संग इस कार्यक्रम में नगर व आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य यजमान मनोज उपाध्याय (खाटू श्याम परिवार, खतौली) द्वारा बाबा की ज्योत प्रज्वलन कर किया गया। संकीर्तन में वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया। भजनों की प्रस्तुति ने बांधा समां भजन संध्या में दीपक योगी (नटराज ग्रुप खतौली), अर्जुन कुमार (पुरबालियान), ज्योति अरोरा, भावना रानी (अलीपुर अटेरणा), ऐश्वती गोस्वामी, शशि भारद्वाज, मिथलेश महेश्वरी व हर्ष गुप्ता ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालु झूमते और भावविभोर होते रहे। सेवाभाव में भी दिखा समर्पणकार्यक्रम में मोरछड़ी सेवा की



जिम्मेदारी सुनील कुमार (अलीपुर अटेरणा) ने निभाई। लाइट एंड डेकोरेशन की सेवा संजय गोस्वामी परिवार,जनरेटर व्यवस्था राजेंद्र जनरेटर परिवार,तथा फूलों की सेवा गुलशन फूल भंडार परिवार की ओर से नि:शुल्क प्रदान की गई। मंच संचालन का कार्य प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

इन प्रमुख अतिथियों ने बढ़ाया आयोजन का गौरव संजीव अग्रवाल (जैन मंडी खतौली), संदीप अग्रवाल (पीली कोठी), अनुराग शास्त्री, मदन छाबड़ा (वरिष्ठ भाजपा नेता), तरुण सूरी, सुनील दत्त शर्मा, पंकज भटनागर (पूर्व सभासद), सीताराम, शिवम अग्रवाल, विपिन अरोरा, सुनील बजाज, अनिल कुमार वर्मा (ज्वैलर्स), विक्की, टीनू सरदार, शशि उपाध्याय, नीरज मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। महिलाओं व युवतियों का भी सहयोग उल्लेखनीय रहा जिनमें शशि भारद्वाज, मिथलेश महेश्वरी, ज्योति अरोरा, उपासना अग्रवाल, प्रांची अग्रवाल, ऐश्वती गोस्वामी प्रमुख रहीं। भक्ति, सेवा व श्रद्धा के संगम ने आयोजन को दिव्य और अलौकिक बना दिया।

## इशिका जैन ने सीए फाइनल परीक्षा में पहले ही प्रयास में हासिल की सफलता

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर की इशिका जैन ने इंस्टीटयूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया आई सी ए आई द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित सीए फाइनल परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र एवं परिवार का नाम रोशन किया है। इशिका, राहुल जैन (राहुल पैकर्स) एवं राखी जैन निवासी नागर कॉलोनी की सुपुत्री हैं। इशिका ने अपनी आर्टिकलशिप देश की टॉप 20 चार्टर्ड अकाउंटेंसी फर्मों में शुमार टी.आर. चड्ढा एंड कंपनी, दिल्ली से पूरी की। इशिका की इस उपलब्धि में उनकी लगन, कठिन परिश्रम के साथ-साथ माता-पिता का आशीर्वाद एवं परिवारजनों का विशेष सहयोग रहा है। परिवार के अनुसार, इशिका शुरू से ही पढ़ाई



को लेकर गंभीर रही हैं और उनका सपना था कि वह एक दिन चार्टर्ड अकाउंटेंट बनें। उनकी इस सफलता से न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। समाज के प्रबुद्धजनों एवं इष्टमित्रों ने इशिका को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# भोकरहेड़ी में सड़कों पर बह रहा विकास, निकलना हुआ दूभर

**मोरना।** शासन प्रशासन के बड़े बड़े दावों के बावजूद विकास मे लगातार पिछड़ रही नगर पंचायत भोकरहेड़ी मे जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने से सडके तालाब का रूप धारण किये हुए हैं।टूटे हुए मार्गो पर फैले कीचड़ व गंदे जल के भराव के कारण नागरिकों का निकलना दूभर हो गया है।स्कूल कॉलिज जाने वाले छात्र-छात्राओं को गंदे पानी से होकर गुज़रना पड़ रहा है।

जिला मुख्यालय से 28 कि. मी.दूर ग्रामीण अंचल की नगर पंचायत भोकरहेड़ी विकास मे लगातार पिछड़ रही है।शासन प्रशासन की अनदेखी के कारण नगर पंचायत एक पिछड़े गांव की ओर बढ़ रही है।जल भराव नगर की प्रमुख समस्या बनी हुई है। जिस कारण मुख्य मार्ग गंदे पानी से लबालब हैं।

जल भराव के कारण सडके लगातार टूट रही हैं। कस्बे के मोहल्ला नेहरू चौक व नई बस्ती, कुँवापटी, पठानान, कलालान आदि बस्तियों मे जल भराव से नागरिक बेहाल हैं। नागरिकों के अनुसार पिछले कई वर्षो से सड़कों पर जल भराव हो रहा है। बारिश के मौसम मे गंदे पानी से फैली दुरगंध संक्रमण फैला रही है। जल भराव से मच्छरों का प्रकोप जारी है। जिससे बुखार, एलर्जी जैसे रोग फैल रहे हैं। ग्रामीण राहुल सहरावत, सुमित, हनी,आक. ाश,मुकुल ने बताया की सड़कों पर गंदे पानी के फैलने से सडके टूट गयी हैं जिनमे लगातार गहरे गड्ढे हो रहे हैं। मोहल्ला नेहरु सुभाष चौक मे महल वाने चौक के पास जल भराव से नागरिक हलकान हैं। तो वहीं नई बस्ती कुँवापटी मोहल्ला मार्ग पर हो रहे जल भराव व वहां फैले कीचड के कारण बुज़ुर्ग व बच्चे फिसल कर गिर रहे हैं। साथ ही स्कूल कॉलिज जाने वाले छात्र छात्राओं को गंदे पानी से होकर गुज़रना पड़ता है। कीचड़ से उनके कपड़े खराब हो जाते हैं जिससे छात्राओं को असहज होना पड़ रहा है। नागरिकों ने प्रदेश के मुख्यमन्त्री से जल भराव की समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है।

# सपा प्रदेशाध्यक्ष को पीडीए पंचायत का दिया निमंत्रण

**बुढ़ाना।** स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बुढ़ाना में आगामी 10 अगस्त को समाजवादी पाटह्ल की पीडीए यानि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए एक भव्य चिंतन पीडीए पंचायत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समाजवादी पाटह्ल के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल और समाजवादी पाटी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पहुंचकर सपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल के द्वारा निमंत्रण दिया गया और कहा गया कि वे इस पंचायत में जरुर आएं और हम सभी कार्यकताओं का हौसला बढ़ाएं। जिस पर दोनों प्रदेशीय नेताओं ने 10 अगस्त को बुढ़ाना आने का आश्वा. सन सत्येंद्र पाल को दिया और कहा कि वे इस कार्यक्रम की तैयारियां



करें वे जरुर आएंगे। सत्येंद्र पाल के साथ समाजवादी पार्टी मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष जिया चौधरी, सपा बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अकरम खान, रविन्द्र प्रधान जोगी, विनय पाल सपा प्रदेश सचिव, सचिन जाटव और पुष्पेंद्र बालियान आदि सपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। गौरतलब है कि सपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल ने बीते माह बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में स्थित कल्पना चावला इंटर कालेज शाहपुर में एक भव्य कार्यक्रम कर विभिन्न क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों को उनकी काबि. लियत के आधार पर सम्मानित किया था। जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया था।

# डकैती की योजना बनाते पांच गिरफ्तार, चोरी का सामान व हथियार बरामद

**भोपा।** थाना क्षेत्र में सक्रिय बदमाशों पर शिकंजा कसते हुए भोपा पुलिस ने सोमवार सुबह बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।संदिग्ध व्यक्तियों के होने की सूचना पर ककराला राजबाह पटरी पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए इलाके की घेराबंदी कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।जिनके पास से चोरी का सामान व अवैध असलाह बरामद हुआ है।

भोपा सीओ डा रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरो. पियों की पहचान सूरज निवासी मोरना, गौरव व शिवम निवासी भेड़ाहेड़ी, शुभम निवासी छछरौली तथा बिट्टू निवासी गांव मनफोड़ा थाना जानसठ क्षेत्र के रूप में हुई है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से चोरी का सामानकृग्राइंडर, कटर, ड्रिल मशीन, बैटरी, चाबी, गन्ना कोल्हू की गरारी और एक तमंचा बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वह क्षेत्र में डकैती करने की योजना बना रहे थे। पकड़े गए सूरज पर पूर्व मे भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।वहीं दूसरी ओर, भोपा पुलिस ने गंग नहर पटरी स्थित रुड़कली-नगला बुजुर्ग चौराहे के निकट से जौली गांव निवासी मोहित को एक तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया है।पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अपराध व असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## सूचना

मेरे पुत्र / पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स0 9230/27.08.19 व 10765 / 21.11.17 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा नाम क्रमश : अब्दुल हन्नान व सुम्बुल अंकित नही कराया गया। पिता के रूप में जावेज मौहम्मद संशोधित किया जाना है। नाम पंजीकरण/संशोधन किये जाने हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**जावेज़ मौहम्मद,**
**निवासी-छपरा**
**जिला मुजफ्फरनगर**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र आदिल व उसकी पत्नी श्रीमति शहजादी गलत संगत मे पड गए हैं और मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है तथा आये दिन झगडा फसाद व उल्टे-सीधे कार्य करते रहते है। इनकी गलत हरकतो से तंग आकर मैने अपने पुत्र आदिल व उसकी पत्नी से सभी पारिवारिक संबंध समाप्त कर उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दोनों से संबंध विच्छेद कर लिया है उनके किसी भी कृत्य व लेन देन के लिए मैं या मेरे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**युनुस पुत्र रसीद**
**निवासी- म.नं.-530,**
**ग्राम नावला, तहसील खतौली,**
**थाना-मन्सूरपुर,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र सचिन उर्फ मोनू मेरे कहने सुनने से बाहर है तथा आये दिन झगडा फसाद व उल्टे-सीधे कार्य करता रहता है। सचिन उर्फ मोनू की गलत हरकतो से तंग आकर मैने उससे संबंध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है सचिन उर्फ मोनू से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का किसी प्रकार का कोई वास्ता मतलब नहीं रहा है और न ही भविष्य में रहेगा। उसके किसी भी कृत्य व लेन देन के लिए मैं या मेरे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

**धीरेन्द्र शर्मा पुत्र श्रीचन्द शर्मा**
**निवासी- ग्राम हरसौली,**
**तहसील सदर, थाना-शाहपुर,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

## सूचना

मेरी पुत्री मंतसा झगडालू व बदतमीज है और वह मेरे कहने सुनने में नहीं है। गलत संगत में पड गई है मेरी मर्जी के विरूद्ध मेरी पुत्री ने दूसरी जाति के युवक से शादी कर ली है। जिस कारण मैने अपनी पुत्री से संबंध खत्म कर लिए है और उससे कोई लेन देन करता है या मेरी पुत्री गैर कानूनी कार्य करती है तो उसके लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगी। मंतसा से मैने संबंध विच्छेद कर लिए है और मैने उसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।

**अफरोज पत्नी वाजिद चौधरी**
**पुत्र अली हसन**
**निवासी- म.न. 996/11/2**
**साउथ खालापार,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# नेत्रहीन व्यक्ति की जमीन पर भू-माफियाओं का कब्जा



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बड़सू निवासी नेत्रहीन पीड़ित कुँवरपाल पुत्र सरजीत पिछले कई वर्षों से भूमाफियाओं से अपनी पुश्तैनी जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए तहसील के चक्कर काट रहा है। न्याय न मिलने से आहत होकर सोमवार को पीड़ित ने अपनी पत्नी रामकली, पुत्र लोकेश, गुड्डू सहित तहसील परिसर में हाथों में चेतावनी लिखे बैनर लेकर प्रदर्शन किया और आत्मदाह की चेतावनी दी।

पीड़ित कुँवरपाल ने बताया की उसे एक लाख रुपये की जरूरत पड़ी थी, जिसके लिए उसने अपने सगे भाई से मदद मांगी थी। भाई ने उत्तराखंड के रहने वाले भूमाफिया से रुपये दिलवाने की बात कहकर मदद का नाटक किया और धोखे से उसकी जमीन पर फजह्ल बैनामा करवा दिया। इस बैनामे में न तो कुँवरपाल का फोटो लगाया गया, न ही वह खुद तहसील गया। नेत्रहीन होने का फायदा उठाते हुए स्टांप पेपर पर उसके भाई ने उसका अंगूठा लगवा दिया। पीड़ित ने आरा. प लगाया कि फर्जी बैनामे में उसके भाई के दो अलग-अलग फोटो लगाए गएकृएक फोटो में चश्मा था और दूसरे में नहीं। इसके बावजूद तहसील के अधिकारियों ने बिना जांच के बैनामा पास कर दिया। फर्जीवाड़े का आलम यह है कि बैनामा में खुद पीड़ित का कोई फोटो तक नहीं लगाया गया, बल्कि उसके भाई का फोटो लगाकर काम चला लिया गया।धरना स्थल पर पहुंचकर एसडीएम राजकुमार व नायब तहसीलदार अमित रस्तोगी ने पीड़ित की समस्याएं सुनीं और उसे कार्रवाई का आ्वासन दिया। वृद्ध कुँवरपाल अधिकारियों के सामने हाथ जोड़कर जमीन वापस दिलाने की गुहार लगाता रहा। उसकी पत्नी रामकली और बेटे रोते-बिलखते न्याय की मांग कर रहे थे। कुँवरपाल का कहना है कि भूमाफियाओं ने उसके दो सगे भाइयों से साठगांठ कर उसकी साढ़े छह बीघा जमीन हथिया ली है। बैनामा भी गैरकानूनी तरीके से कराया गया है। अधिका. रियों से बार-बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे उसका पूरा परिवार मानसिक रूप से टूट चुका है। पीड़ित ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वह तहसील परिसर में परिवार सहित आत्मदाह करने को मजबूर होगा।

# स्वर्ण पदक विजेता धावक का गांव में स्वागत



**तितावी।** क्षेत्र के गांव साल्हा खेड़ी निवासी आई टी बी पी के जवान द्वारा विश्व पुलिस की अमेरिका मे आयोजित कराटे प्रतियोगिता मे स्वर्ण पदक जितने वाले धावक का गांव मे पहुँचने पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

तितावी थाना क्षेत्र के गांव साल्हा खेड़ी निवासी गौरव शर्मा पुत्र नरेश शर्मा भारत तिब्बत सीमा पुलिस मे हेड कॉन्सेटेबल के पद पर चंडीगढ़ मे तैनात हैं।गत सप्ताह वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स अमेरिका के ब्रलियन मे आयोजित किये गए,जिसमे गौरव शर्मा द्वारा प्रतिभाग किया गया।तथा प्रतियोगिता मे सभी को परा. जित करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया,जिसके उपरांत सोमवार को गोरव शर्मा अपने पैतृक गांव साल्हा खेड़ी पहुंचा। नगाडो व फुल मालाओ से स्वागत किया गया।गौरव शर्मा द्वारा बस स्टेण्ड पर स्थित भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह व शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।ततपश्चात् सभी ग्रामीण बड़ी संख्या मे पैदल चलकर ही गांव साल्हा खेड़ी पहुंचे जहां पर गौरव की माता व अन्य महिलाओ द्वारा उसका विजय तिलक करते हुए स्वागत किया। इस दौरान ग्राम प्रधान परविंद्र कुमार, पूर्व प्रधान सुरेन्द्र सिंह, सर्वेद्र सिंह रहे।

# हादसे में हेड कांस्टेबल व पत्नी की मौत

## कार में सवार दोनों बच्चे भी घायल, छुट्टी के बाद अमरोहा लौटते वक्त गजरौला मेंहुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हाइवे पर खराब खड़े ट्रक में टकराकर कार सवार पुलिस की स्पेशल ब्रांच में तैनात हेड कांस्टेबल व पत्नी की मौत हो गई तो वहीं उनके दो बच्चे घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी और हेड कांस्टेबल की पत्नी को बमुश्किल बाहर निकाला गया। पुलिस ने दोनों शवों को सीधे ही पोस्टमार्टम हाउस के लिये भेज दिया, जबकि बच्चों का उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरोहा पुलिस की विशेष शाखा (अभिसूचना विभाग) में तैनात हेड कांस्टेबल जव्वाद जैदी (38) पुत्र रियाज जैदी मूल निवासी ग्राम गालि. बपुर कस्बा व थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर 05.07.2025 से 03 दिवस के आकस्मिक अवकाश पर था। सोमवार को वह अपने गांव से



पत्नी उर्शी व दो बच्चों अली कियान व फहाम कियान के साथ अमरोहा के लिये अपनी ईओन कार से लौट रहा था। जब जव्वाद जैदी की कार गजरौला के हाइवे पर स्थित नोबल पब्लिक स्कूल के नजदीक पहुंची तो हाइवे पर खराब खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। चूंकि कार की गति काफी तेज थी इसलिए कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे में जव्वाद जैदी व उनकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दोनों बच्चे घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से दोनों बच्चों को कार से बाहर निकाला गया और यहां से गुजर रहीं सैंट मेरी कान्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या रैम्या ने अपनी कार से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचाया, यहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से जव्वाद व उनकी पत्नी के शवों को बमुश्किल बाहर निकाला, क्योंकि गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त थी। उनके शवों को सीधे यहीं से पोस्टमार्टम हाउस अमरोहा के लिये भेजा गया। हादसे की सूचना मिलते ही जव्वाद के स्टॉफ के लोग भी पहुंच गए, सहकर्मियों और पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि हादसे में दंपत्ति की मौत हुई है। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है, जबकि उनके दोनों बच्चों का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# रूट डायवर्जन के कारण बढ़ेगा रोडवेज बसों का किराया

**मुजफ्फरनगर।** आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर रोडवेज द्वारा रूट मैप तैयार कर दिया गया है। 13 जुलाई से रूट डायवर्जन होने के बाद रोडवेज में सफर करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त चार्ज देना होगा। वर्तमान में हरिद्वार के लिए रोडवेज में सफर करने वाले यात्री 171 रुपये प्रति टिकट के हिसाब से भुगतान करते हैं, लेकिन दूरी बढ़ने के बाद यात्रियों को प्रति किलोमीटर के हिसाब से ज्यादा भुगतान करना होगा। कांवड़ यात्रा में रूट डायवर्जन होने के बाद रोडवेज में सफर करने वाले यात्रियों पर के जेब पर इसका सीधा असर पड़ेगा। 13 जून से बसों का रूट डायवर्जन होने के बाद यात्रियों को सफर करने के लिए अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम प्रभात कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि हरिद्वार के लिए मुजफ्फरनगर से 50 निगम व 7 अनु. बंधित बसों का संचालन किया जा रहा है। कांवड़ यात्रा के चलते आगामी 13 जून से बसों का रूट डायवर्जन कर दिया जाएगा।

जिससे यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रोडवेज बसों को अतिरिक्त दूरी को तय करनी पड़ेगी, जिसके लिए यात्रियों को प्रति किलोमीटर के हिसाब से 1.60 पैसे का अतिरिक्त शुल्क देना होगा। वर्तमान में मुजफ्फरनगर से हरिद्वार तक सफर करने के लिए प्रति टिकट शुल्क 171 रुपए लगता है, लेकिन नए रूट के अनुसार हरिद्वार तक पहुंचने के लिए बसों को 44 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ेगा। जिसके लिए यात्रियों को करीब 70 रूपये अतिरिक्त चार्ज देना होगा। 13 जून से यात्रियों को हरिद्वार तक सफर करने के लिए 241 रुपये का टिकट शुल्क देना होगा।

# कांवड़ पर थूकने की घटना से हंगामा

**पुरकाजी।** श्रावण मास 2025 की कांवड़ यात्रा की शुरुआत के साथ ही पुरकाजी कस्बे में एक विवादास्पद घटना ने तूल पकड़ लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोदीनगर निवासी अंशुल शर्मा पुत्र नरेंद्र शर्मा अपनी बहन मुस्कान के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़ यात्रा पर मोदीनगर लौट रहे थे। जैसे ही वे पुरकाजी कस्बेमे पहुंचे एक युवक ने कथित तौर पर उनकी कांवड़ पर थूक दिया, जिससे कांवड़ खंडित हो गई। इस घटना से आक्रोशित कांवड़ियों द्धभोलोंऋ ने हंगामा शुरू कर दिया

स्थानीय पुलिस और कस्बे के समाजसेवियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने सूझबूझ का परिचय देते हुए कांवड़ियों को शांत कराया। उन्होंने तत्काल एक वाहन (छोटा हाथी) व्यवस्था कर, एक महिला कांस्टेबल और एक सिपाही के साथ अंशुल और उनकी बहन को हरिद्वार से दोबारा गंगाजल लाने के लिए भेजा।

इस कदम से स्थिति को शांत करने में मदद मिली।इस घटना से पूरे कस्बे में रोष फैल गया। भारत भूषण खुल्लर, रॉबिन गोयल,विपिन गोयल, अमित गोयल, भानु शर्मा, ब्रजकिशोर गुप्ता उर्फ बिट्टू हरिराम सक्सेना,के पी सिंह,वंश अग्रवाल, जतिन जिंदल, सचिन शर्मा, अतुल शर्मा, पप्पू कर्णवाल पारित सिंघल,



छत्रपति सेना के प्रदेश संगठन मंत्री सुमित बजरंगी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथफअमित कश्यप, अंकित, कपिल, सुमित शर्मा, आदी केसाथ थाना प्रभारी से मुलाकात की और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने आश्वासन दिया कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गुंडों के छक्के छुड़ा रही बुढ़ाना पुलिस खेल के मैदान में हुई फेल

**बुढाना।** पुलिस टीम के कप्तान अभिषेक चौधरी और बुढ़ाना इलेविन के कप्तान अर्जुन पंवार के बीच में टॉस हुआ। जहाँ टॉस पुलिस टीम कप्तान अभिषेक चौधरी ने जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। जहां बुढ़ाना इलेविन ने बढ़िया शुरुआत करते हुए 16 ओवर में 119 रन बनाए। जहाँ बुढ़ाना इलेविन के बल्लेबाज एडवोकेट शिवम ने 32 रनों की जबरदस्त पारी खेली। जहां पुलिस टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 08 रनों से लक्ष्य से पीछे रह गई। मैच मे जहां पुलिस टीम के विकेट लगातार अंतराल पर गिरते रहे वहीं अंतिम समय में मैच रोमांच पर जा पहुंचा। पुलिस टीम को 2 लास्ट ओवर में 17 रन जीतने के लिये चाहिए थे और एक विकेट शेष था। मैच का 15 ओवर सोनू जाटव लेकर आये। बल्लेबाज गौरव प्रजापति दीवार की तरह एक तरफ खडे थे। बुढ़ाना इलेविन के बॉलर एडवोकेट सोनू जाटव लास्ट विकेट रन आउट के रूप लेकर मैच बुढ़ाना इलेविन की तरफ को मोड़ दिया। बुढ़ाना इलेविन के सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन जबरदस्त रहा। कप्तान अर्जुन पंवार ने आज फिर बढ़िया गेंदबाजी कर 3 विकेट लिये। पुलिस टीम मे कप्तान अभिषेक चौधरी, ब्रजेश भाटी, विजय, नेम सिंह, बंटी, देवेंद्र, गौरव, आकाश सैनी, विपिन, प्रिन्स त्यागी और बुढ़ाना इलेविन मे एडवोकेट शिवम, एडवोकेट सोनू जाटव, सनी त्यागी, अक्षत मित्तल, उदय मित्तल, जीतू, जितेंद्र, पिंटू, राहुल पंवार, कप्तान अर्जुन पवार आदि मौजूद थे।

बूथ मजबूती व पीडीए कार्यक्रम होगे समाजवादी पार्टी का एजेंडा. जिया चौधरी'

### किसानों मजदूरों पीड़ितों का शोषण नहीं होने देंगे :पंकज मलिक



**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट की अध्यक्षता वह जिला महासचिव चौधरी विकिल गोल्डी अहलावत के संचालन में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट ने कहा की भाजपा सरकार की निरंकुश नीतियां जनता को आहत करने वाली है। समाजवादी पार्टी सरकार में किसान मजदूर नौजवान छात्र महिलाओं के हितों में हुए कार्यों को जनता याद कर रही है। समाजवादी पाटह्न बूथ मजबूती तथा पीडीए कार्यक्रम के माध्यम से जनता में जन जागरण का काम करेगी।

समाजवादी पाटह्न चरथावल विधानसभा से विधायक पंकज मलिक ने कहा कि किसान मजदूर तथा पीड़ितों का भाजपा सरकार में पूरी तरह शोषण किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी मजबूती के साथ इस शोषण को रोकने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में जिस तरह संविधान विरोधी कार्य हो रहे हैं वह उनको सड़क से लेकर सदन तक उठाएंगे। समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र बॉबी त्यागी समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव चौधरी इलम सिंह गुर्जर प्रदेश सचिव विनय पाल सिंह सपा जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने कहा कि जिस तरह बिहार में चुनाव आयोग की आड़ लेकर मतदाताओं के मतों को लूटने का प्रयास किया जा रहा है अगर यह मत लूटने में भाजपा सफल हो गई तो अन्य प्रदेशों में भी इस साजिश को अपनाया जाएगा। इसलिए इसके विरुद्ध अभी से बड़े आंदोलन की तैयारी करनी होगी। मीटिंग को मुख्य रूप से समाजवादी पाटह्न के पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सैनी पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जसबीर वाल्मीकि, समा. जवादी पाटह्न के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल,प्रदेश सदस्य तहसीन मंसूरी जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पंवार,सोमपाल कोरी, अंकित शर्मा,विधानसभा अध्यक्ष सतबीर त्यागी अकरम खान वरिष्ठ नेता मास्टर अल्ताफ जिला अध्यक्ष युवजन सभा कपिल मलिक,यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष राशिद मलिक,इमलाक प्रधान,जोगेंद्र सैनी,बालेंद्र मौर्य,नेपाल सिंह एडवोकेट, हाजी गुफरान तेवड़ा,इमरान खान एडवोकेट,सुरेशचंद पाल, अनेश निरवाल,नदीम मलिक आदि ने संबोधित किया।

मासिक बैठक में मुख्यरूप से सपा सभासद शहजाद अहमद चीकू, हसीब राणा, डॉ इसरार अल्वी, हनीफ इदरीसी, प्रदीप डबास,जाउल चौधरी, ऐश मोहम्मद मेवाती,पवन गिरी, अनुज गुर्जर राव नफीस सलीम कुरैशी, पवन गिरी,मीर हसन,दुर्गेश पाल, नीरज कुमार गुप्ता, विनोद कुमार शर्मा, फरीद अहमद, चौधरी संजीव आर्य,रवि कुमार,जुनेद आलम, इसरार बालियान आदि मौजूद रहे।

# टोडा बिजलीघर का भाकियू तोमर ने किया घेराव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन तोमर का एक धरना प्रदर्शन जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी के नेतृत्व मे बुढाना ब्लाक क्षेत्र के टोढा बिजलीघर पर हुआ। जिसमे काफी संख्या मे किसानों मे भाग लिया। घंटो हंगामे के बाद जेई किसानो के बीच पंहुचे औरघ्एक 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन लिया तो विद्युत जेई ने भी तत्काल प्रभाव से सभी समस्याओं का समाधान कराया। सबसे पहले तो किसानों ने कहा कि 18 घटे नलकूप की बिजली दी जाए। कुल 5 हजार रूपये के बकाया भुगतान पर किसानो के कनैक्शन काट दिये जाते हैं उस पर रोक लगायी जाए। तार जोडने और ट्रांसफार्मर बदलने का जो भी सुविधा शुल्क लिया जाता है उस पर रोक लगायी जाए। जब कोई भी किसान बिजलीघर मे जाता है तो उसके साथ अभद्र व्यवहार ना किया जाए और कोई भी सुविधा शुल्क ना लिये जाए। सभी समस्याओं का तत्काल प्रभाव से समाधान कराया जाए। इस मौके पर मुख्य रूप से बुढाना तहसील अध्यक्ष शाहिद अहमद, बुढ़ाना ब्लाक अध्यक्ष पंकज गुर्जर, सादिक सोनू खतौली ब्लाक अध्यक्ष, विशाल अहलावत, नौशाद, साजिद, आकिल, नौशाद अब्बासी, जाकिर, मोमीन, फारुख हसन जौला, शकील, आशिक अली, राशिद, इस्तखार, महबूब, आमिर आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस सांसद इमरान मसूद का मीरांपुर में भव्य स्वागत

**मीरापुर।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद का मीरापुर कस्बे में जोरदार स्वागत किया गया। वे बिजनौर जिले में होने वाले कांग्रेस सम्मेलन में भाग लेने के लिए जा रहे थे, तभी मीरापुर के मोंटी बाईपास पर उनके सैकड़ों समर्थकों ने फूलों की माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया।

स्वागत के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए इमरान मसूद ने कहा, कांग्रेस सिर्फ एक राजनी. तिक पार्टी नहीं, बल्कि यह देश के हर गरीब, मजलूम, मजदूर, व्यापारियों की आवाज है। जब भी देश में संकट आया, कांग्रेस ने आगे बढ़कर लोगों के हक की लड़ाई लड़ी है। आज भी हम किसानों, नौजवानों और बेरोजगारों के मुद्दों को प्राथमिकता दे रहे हैं। बीजेपी सरकार ने जनता को सिर्फ धोखा दिया है, लेकिन कांग्रेस लोगों की उम्मीद है और हमेशा रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले चुनावों में जनता बदलाव चाहती है और वह बदलाव कांग्रेस के माध्यम से ही आएगा। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इमरान मसूद के स्वागत में कई प्रमुख स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे जिनमें कांग्रेस नेता सलमान सईद, मुन्ना ठाकुर, तारिक मिस्त्री, मास्टर जान मोहम्मद मेवाती, नजीर अहमद राजपूत, सिराजुद्दीन सैफी, मोहम्मद उस्मान, शराफत अली और डॉ. सरताज बैग जैसे नाम प्रमुख रहे।

# टेम्पो और बस स्टैंड से चरथावल में रोजाना बनती जाम की स्थिति

**चरथावल।** कस्बे में मुजफ्फरनगर थानाभवन रोड पर सड़क के दोनों और बस स्टैंड और टेंपू स्टैंड से चरथावल में रोजाना जाम लगने की स्थिति बन रही है। मेन रोड पर दोनों और बस खड़ी होने और निर्धना अढे पर दर्जनों टेंपू खड़े होने से घंटों घंटों जाम लगने से कस्बे में रोजाना यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

दो सप्ताह बाद ही कस्बे के मेन रोड पर सड़क पर बने अवैध टेंपू स्टैंड और बस स्टैंड के कारण लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने को वरिष्ठ सभासद गुलफाम काला कुरैशी ने जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर सहित शासन को पत्र लिख अवैध टेंपू स्टैंड और बस स्टैंड पर कार्यवाही करते हुए इन्हें अन्यत्र स्थानांतरित करने का आग्रह किया हैं।

# करबला के शहीदों को याद कर जार-जार रोए शिया सोगवार

**पुरकाजी।** 10 मोहर्रम को कस्बे में हजरत इमाम हुसैन सहित कर्बला के शहीदों की याद में मातमी जुलूस का अहतमाम किया गया।

जिसमें बड़ी संख्या में सिया सॉगवारों सहित गण मान्य लोगों ने भाग लिया जुलूस दोपहर बड़े इमामबाड़े बड़ा दरबार से उठकर कस्बे के मोहल्ला सब्जी मंडी मेन बाजार जीटी रोड आदि मुख्य मार्गो से होता हुआ ईदगाह के पास निर्धारित स्थान पर संपन्न हुआ इससे पूर्व जब मातमी जुलूस जीटी रोड पर पहुंचा तो सिया सॉगवारो ने कर्बला के शहीदों को याद करते हुए जंजीरों के साथ खूनी मातम किया जुलूस में शिया सोगवार नोहा खानी और सीनाजनी करते हुए चल रहे थे मातमी जुलूस में अलमदार ताबिश काजमी रहे नोहा खानी करने वालों मैं जकी रजा रईस जेदी क्विर जैदी जैनुल काजमी डॉक्टर चांद काजमी असद उर्फ जग्गू वसीम काजमी लख्ते काजमी आदि रहे जुलूस में मुख्य रूप से एडवोकेट सैयद नसीर हैदर काजमी ,मेहंदी रजा काजमी,असगर मेहदी काजमी, मुनीर काजमी ,असद रजा काजमी कामिल काजमी काशिफ काजमी , फैज आदिल डॉक्टर चॉद काजमी आसिम काजमी लकी काजमी हैदर खान, किश्वर ज़ैदी, सलीम काज़मी उर्फ शेरू, अनवर ज़ैदी, ताबिश काजमी यावर काजमी सोजब



काजमी शबह काजमी, अली नवाज मोहम्मद अली रईस जैदी मोहम्मद आजम मोहम्मद आलम काजमी आदि शामिल रहे. जुलूस में प्रभारी निरीक्षक जयवीर सिंह के नेतृत्व में जहां पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रही वहीं अध्यक्ष जहीर फारूकी एडवोकेट के दिशा निर्देश पर चौधरी रविकांत के नेतृत्व में सफाई व्यवस्था का कार्य सराहनी रहा

# मीरांपुर में शिव परिवार व हनुमान की प्रतिमाओं की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**मीरापुर।** कस्बे की 'शिव शक्ति कॉलोनी' में भव्य धार्मिक आयोजन के तहत शिव परिवार व हनुमान जी की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधियों के साथ सम्पन्न कराई गई। इस मौके पर यज्ञ, हवन, शोभा यात्रा और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

यह आयोजन 'काम्बोज परिवार' की ओर से 'पंजाब नेशनल बैंक कैथोडा' के निकट स्थापित 'शिव शक्ति कॉलोनी' में नव निर्मित शिव मंदिर में किया गया। आयोजन की शुरुआत पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साथ हुई, जिसमें सभी प्रतिमाओं की स्थापना वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई। सोमवार को मंदिर परिसर से प्रतिमाओं की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। शोभा यात्रा के उपरांत आचार्य 'गुरुदत्त शिवधाम शुक्रताल' ने अपने शिष्यों सहित यज्ञ और हवन कराकर प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्ति रस से सराबोर माहौल में मंदिर परिसर के निकट भजन व कीर्तन का भी आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर प्रमुख रूप से 'सुद. श काम्बोज, राजपाल, सूरज प्रकाश, सुरेश, डॉ. कमल ब्विास, अभिषेक काम्बोज, अंकुर, दीपक, प्रभात शर्मा, विजय यादव, प्रतीक देव वत्स, वासुदेव शर्मा, अरुण यादव, सरदार अमित' और 'निक्की' सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग की चूक है या फिर.....

**बुढ़ाना।** इसको आबकारी विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की चूक ही कहीं जाए या फिर रिश्वतखोरी क्योंकि उक्त विभाग द्वारा एक ही गांव के रकबे में शराब की 2 दुकानें अलग अलग गांवों के नाम से खोल दी गयी हैं। जिनमें गांव बड़ौदा और गांव मिंडकाली हैं।

आबकारी विभाग की इसको लेकर पूरी फजीहत हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव मिंडकाली में कंपोजिट अंग्रेजी शराब की दुकान है तो वहीं गाँव बड़ोदा की भी देशी शराब की दुकान गांव मिंडकाली में ही है जबकि देशी शराब की दुकान जो बड़ौदा गांव के रकबे में आनी चाहिए थी अब वह जबर्दस्ती व हठधर्मिता के चलते मिंडकाली गांव में है। देशी शराब की दुकान के मालिक ने आबकारी विभाग को ठेंगा दिखाकर जबरदस्ती गांव मिंडकाली के रकबे में अपनी दुकान कर रखी है। ग्रामीणों ने पूर्व मे इस बात का विरोध भी किया था पर कोई भी कार्यवाही आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा नही की गई। अगर देखा जाए तो इसी तरह का एक मामला खतौली तहसील क्षेत्र के कस्बा मंसूरपुर में भी आया था। जिसये रकबा अलग अलग होने की वजह से शराब की दुकान को निरस्त कर दिया गया था क्योंकि आबकारी विभाग द्वारा इसमें पूरी सख्ताई दिखाई गई थी जिस कारण शराब के ठेके के संचालक द्वारा जिस रकबे में दुकान खुली हुई थी उसी रकबे में दूसरी दुकान को खोला गया था। अब बुढाना तहसील क्षेत्र में भी ऐसा ही प्रकरण आया है जो कि खूब चर्चा का विषय बना हुआ है जबकि अभी भी आबकारी विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है।

# सिसौली में सर्वखाप कश्यप महापंचायत हुई आयोजित

**बुढ़ाना।** सोमवार को बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के कस्बा सिसौली में सर्वखाप कश्यप महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें कश्यप समाज के सभी खाप चौधरियों को मंच पर सम्मानित किया गया। उसके उपरांत सभी का संबोधन हुआ।

अध्यक्षता बबली कश्यप द्वारा की गई और संचालन मास्टर चुन्नीलाल कश्यप व चंद्रपाल कश्यप द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बबली कश्यप, बालियान खाप 84 के चौधरी राकेश कश्यप, बुढ़ाना खाप के चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप, ओमप्रकाश कश्यप, प्रमोद कश्यप, सीमा मेहरा, प्रवेश कश्यप प्रधान, पंकज कल्याण व धर्मेंद्र कश्यप द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कश्यप समाज बुढ़ाना की खाप के चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप द्वारा मंच से संबो. धित करते हुए कहा गया कि इस समय समाज में जो बुराइयां फैली हुई हैं उनको शीघ्र खत्म की जाए। सभी



संगठनों को मिलकर समाज के हक और अधिकारों की लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। अपने नेताओं का सम्मान किया जाए। बालियान खाप चौधरी राकेश कश्यप द्वारा ओमप्रकाश को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया गया और बच्चों की शिक्षा पर बल देने के लिए समाज को संबोधित किया। चौधरी बबली कश्यप द्वारा सभी को संगठित रहने के लिए सलाह दी गई। महापंचायत में मुख्य रूप से राकेश कश्यप चौरासी, भोपाल बत्तीस, धर्मेंद्र सिंह बावन, ब्रजमोहन कश्यप चौबीसी, मास्टर सीताराम कश्यप, सोनू कश्यप, उमेश कश्यप, पिंकू कश्यप, अनिल कश्यप, पप्पू कश्यप और अशोक कश्यप सहित हजारो लोग उपस्थित रहे।

# राजवीर ने जानलेवा हमले के बाद कार्रवाई न होने से जताई नाराजगी

**खतौली।** लाल दयाल पब्लिक स्कूल के संस्थापक और क्षेत्रीय विकास पार्टी के संयोजक राजवीर वर्मा उर्फ टीटू ने सोमवार को अपने निवास स्थान पर आयोजित की प्रेस वार्ता में अपने ऊपर हुए प्राणघातक हमले के मामले में खतौली पुलिस की कार्रवाई पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि 17 मई को ही उन्होंने पुलिस को शिकायती पत्र देकर संभावित खतरे से अवगत करा दिया था, लेकिन इसके बावजूद 19 मई को उन पर जानलेवा हमला हुआ।

राजवीर वर्मा ने कहा कि अगर उस दिन भगवान की प्पा न होती, तो मेरी जान चली जाती। लेकिन दुर्भाग्यवश आज तक इस गंभीर हमले के असली गुनहगारों के खिलाफ कोई ठोस और सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों ने आपसी साठगांठ के जरिए कोर्ट में सरेंडर करा दिया गया, और पुलिस ने ममता दत्त शर्मा को बचाने का काम किया। मुख्यमंत्री और डीजीपी से करूंगा शिकायत

राजवीर वर्मा ने कहा कि वे अब इस मामले में इंसाफ के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डीजीपी के दरबार में गुहार लगाएंगे। साथ ही प्रमुख सचिव से भी बात करेंगे। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक शिक्षण संस्थान के संचालक पर जानलेवा हमला होता है और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रहती है।

**रक्षक नहीं, भक्षक बन गई है पुलिस**

टीटू वर्मा ने आक्रोश जताते हुए कहा कि खतौली पुलिस रक्षक नहीं, अब भक्षक बन चुकी है। कार्रवाई न होने से उन्हें गहरा आघात पहुँचा है। उन्होंने कहा कि वे किसी भी हालत में पीछे हटने वाले नहीं हैं, वे आखिरी सांस तक इंसाफ की लड़ाई जारी रखेंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# झाड़ियों में मिला कटा हुआ मानव हाथ, गांव में फैली सनसनी

## फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड ने मौके पर की जांच, ग्राम प्रधान की ओर से अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** गांव के रास्ते किनारे झाड़ियों में कटा हुआ मानव हाथ मिलने से गांव में अफरा-तफरी फैल गई। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर पुलिस, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचे और क्षेत्र में आस गहन जांच शुरू की। ग्राम प्रधान की ओर से अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी गई।



गढ़ीपुख्ता थाना क्षेत्र के गांव भैंसवाल की है। सोमवार दोपहर गांव के वर्तमान प्रधान प्रहलाद सिंह किसी जरूरी कार्य से गांव की टंकी की ओर जा रहे थे। तभी अंग्रेजों के जमाने के पुराने बंगले और बिजलीघर के बीच सड़क के किनारे झाड़ियों में उन्हें कुछ संदिग्ध नजर आया। पास जाकर देखने पर पता चला कि वहां एक मानव का कटा हुआ हाथ पड़ा है, जो सड़ चुका था और देखने से प्रतीत हो रहा था कि यह कई दिन पुराना है। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

गढ़ीपुख्ता पुलिस मौके पर पहुंची और साथ ही फॉरेंसिक विशेषज्ञों और डॉग स्क्वायड टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल की वीडियोग्राफी की और डॉग स्क्वायड की मदद से पूरे क्षेत्र की बारीकी से तलाशी ली। कटा हाथ मिलने की इस रहस्यमई घटना से गांव के लोग सहमे हुए हैं। ग्रामीणों में चर्चा है कि यह मामला किसी अपराध से जुड़ा हो सकता है, हालांकि अभी तक हाथ किसका है और यह वहां कैसे पहुंचा इसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने मानव हाथ को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम और डीएनए जांच के लिए भेज दिया है। गढ़ीपुख्ता पुलिस का कहना है कि ग्राम प्रधान की ओर से अज्ञात में तहरीर आई है। मानव हाथ का पोस्टमार्टम व डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट आने के बाद ही सही पता चलेगा।

## एक एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना बाबरी पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना बाबरी पुलिस द्वारा वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सोमपाल कश्यप पुत्र खेमचन्द निवासी कुरमाली थाना बाबरी जनपद शामली है।

# विपक्षी नेता के रूप में राहुल गांधी के एक वर्ष के कार्यकाल पर दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का एक वर्ष का कार्यकाल विपक्षी नेता के रूप में पूरा होने पर प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमैटी के सदस्य व सहारनपुर शहर कोर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा ने ब्राहमण एकता महासभा के पदाधिकारियों को उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों और धार्मिक उत्सवों में सहयोग को मध्यनजर रखते हुए स्मृति चिन्ह और शाल भेंटकर सम्मानित किया।



सोमवार को शहर के बलभद्र मंदिर स्थित कांग्रेस के कैंप कार्यालय पर संसद के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का एक वर्ष के कार्यकाल की सराहना की गई। कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमैटी के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी का एक साल बेमिसाल रहा। उन्होने एक वर्ष में 16 राज्यों के दौरे किए। 18 प्रेसवार्ता की। 60 से अधिक जनसभाऐं कर देश के लोगों को जागरूक करने का काम किया। 16 से अधिक संसदीय भाषण दिए। 115 से अधिक जनसंवाद किया। साथ ही गरीब, मजलूम, शोषित और वंचितों की आवाज को संसद में उठाने का काम किया है। इस दौरान ओमप्रकाश शर्मा द्वारा ब्राह्मण एकता महासभा के पदाधिकारियों पंडित प्रेम किशोर कोठारी, पंडित सत्यप्रकाश कौशिक, पंडित जयप्रकाश शर्मा, पंडित निवास शर्मा, पंडित शिवकुमार शर्मा, विनोद अत्री आदि को स्मृति चिन्ह और शाल भेंटकर सम्मानित किया गया।

# तांत्रिक के चक्कर में महिला को दी गंभीर यातना, मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** तांत्रिक के चक्कर में आकर ससुराल वालों ने महिला को असहनीय पीड़ा देकर उत्पीड़न किया। आप है कि आरोपियों ने जान से मारने की भी कोशिश की। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने महिला की जान बचाई।

थाने पहुंचे परिजनों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कार्यवाही ना होते देख परिजन एसपी के पास पहुंचे जिनके आदेश के बाद थाना भवन थाने में मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी। थाना भवन क्षेत्र के गांव खानपुर निवासी मीनू ने थाने में तेरी दी कि उसकी शादी 27 नवंबर 2020 को जिला सहारनपुर के थाना देवबंद के गांव रणसुरा निवासी सोहनलाल उर्फ सोनू के साथ हुई थी।

आरोप है कि उसके ससुराल वाले किसी भगत को अपना गुरु मानते हैं। आरोही भगत ने उन्हें बताया कि पीड़ित महिला पर कोई साया है जो उसके परिवार को नुकसान पहुंचाएगा। भगत की बातों में आकर 15 नवंबर 2024 को फुफस, सास और पति ने जबरदस्ती चार माह का गर्भ गिराने की दवा पिलाई, लेकिन गर्भपात नहीं होने पर उसे धोखे से शामली में एक डॉक्टर के यहां ले गए और उसकी मर्जी के बिना गर्भपात करा दिया। आरोप है कि इसके बाद ससुराल वालों ने उस पर तांत्रिक क्रिया करके जान से मारने का प्रयास किया।

इस दौरान महिला ने जान बचाकर भाग कर पड़ोस में जाकर परिजनों को सूचना दी। सूचना पर परिजनों ने थाना भवन थाने पहुंचे तथा मामले की जानकारी दी। कई दिनों तक भटकने के बाद जब थाना भवन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो परिजनों ने शामली पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई। जिनके आदेश पर थानाभवन पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रारम्भ कर दी।



शामली। विजेता टीम एसपी व अन्य अधिकारियों के साथ विजयी मुद्रा में।

## टेबिल टेनिस व बैडमिंटन में मेरठ विजयी

**शामली।** दिनांक 26.6.2025 से 29.6.2025 तक जनपद मुरादाबाद में आयोजित 42 वीं उ0प्र0 पुलिस वार्षिक बैडमिन्टन/टेबिल टेनिस महिला-पुरूष प्रतियोगिता 2025 में मेरठ जोन की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें जनपद शामली के निरीक्षक संजीव भटनागर के नेतृत्व में टीमों ने उपरोक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। मेरठ जोन की महिला टेबिल टेनिस व महिला बैडमिन्टन टीम विजेता रही तथा पुरुष बैंडमिन्टल टीम विजेता व पुरुष टेबिल टेनिस टीम उपविजेता रही है। मेरठ जोन की टीमों का उत्साह बढाने के लिए पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम द्वारा जोन की टीमों के खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया गया।

### एक नजर

## चौदहवें दिन भी धरना रहा जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील कार्यालय पर चौदहवें दिन भी शहीद भगत सिंह समिति का धरना जारी रखा। सोमवार को गागोर,भमेडी,पिण्डोरा आदि गांवों से किसानों ने पहुंच कर धरने में समर्थन किया और उन्होंने कहा कि विधुत विभाग द्वारा समझौता करने के बाद मुकदमें किए हैं व किसानों पर जुर्माना के नोटिस भेजे है उन्हें वापस लेने चाहिए। उन्होंने कहा पुलिस द्वारा एकतरफा कार्यवाही की गई हैं पुलिस को विधुत विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज करना चाहिए।वही समिति कार्यकर्ताओं ने 9 जुलाई को होने वाली महापंचायत के लिए भी जनसंपर्क शुरू कर दिया है उनका कहना जब तक विद्युत विभाग समझौते के अनुसार मुकदमे व जुर्माने के नोटिस वापस नहीं लेता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में सभासद दीपक, ब्रजपाल, जितेन्द्र, प्रमोद कुमार, सत्यवान, अमित कुमार, सुशील, सुरेंद्र, निरंकार सिंह अरविंद, राजेंद्र आदि शामिल रहे।

## किशोरी को मोबाइल पर संदेश भेजने का मामलों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी को मोबाइल पर आपत्तिजनक संदेश भेजने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने गांव के ही तीन युवकों के खिलाफ तहरीर देकर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर दी कि गांव के ही तीन आरोपी युवक पीड़ित पिता की पुत्री को मोबाइल पर आपत्तिजनक संदेश भेज रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि आरोपी युवक किशोरी को लंबे समय से परेशान कर रहे है। हाल ही में मोबाइल पर आपत्तिजनक संदेश भी भेजे गए। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने थाना भवन पुलिस को लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# योजनाओं व नीतियों का लाभ आम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नोडल अधिकारी ने संबंधी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं नीतियों का लाभ आम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। कोई भी योजना हो उसका सफल क्रियान्वयन तभी माना जाएगा जब पात्र व्यक्ति को उसका लाभ प्राप्त हो जाए। संबंधित विभाग के अधिकारी फील्ड में निकले जानकारी जुटाएं और जनता को लाभान्वित करें। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर डीवई श्रेणी में आने वाले विभागों को निर्देशित किया कि अपने कार्यों में सुधार किया जाए। उन्होंने राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि जो मामले कोर्ट में लंबित हैं उन्हें निस्तारित किया जाए। कोर्ट हमेशा चलनी चाहिए जिसे जनता को कोर्ट के चलने से न्याय की उम्मीद होती है। शासन की मंशानुरूप विकासपरक कार्यक्रमों, जनकल्याणकारी योजनाओं, लाभार्थीपरक कार्यक्रमों को समयबद्ध तरीके से पूरी पारदर्शिता व गुणवत्ता से पूर्ण किया जाए। सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने-अपने विभागों से जुड़े कार्यों का अभिनव प्रयोग करने की कोशिश करें, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर कार्य जो अभिनव प्रयोग के रूप में मिलें, उन्हें योजनाओं में शामिल किया जाए।

# शॉर्ट सर्किट से मिठाई की दुकान में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के मुख्य बाजार स्थित शिव स्वीट्स रेस्टोरेंट में सोमवार सुबह अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। हादसे में दुकान का कीमती फर्नीचर, खाद्य सामग्री और गल्ले में रखी नकदी सहित लाखों रूपए का नुकसान हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना सुबह करीब 9:30 बजे की है जब दुकान स्वामी सत्एंद्र कुमार काउंटर के पीछे सामान सजा रहे थे। तभी अचानक बिजली बोर्ड से तेज चिंगारियां निकलने लगीं। चिंगारियों की चपेट में आकर पास रखे गत्ते और कागजों में आग लग गई, जो देखते ही देखते पूरे दुकान में फैल गई।दुकान स्वामी ने तत्परता दिखाते हुए सबसे पहले कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने अग्निशमन सिलेंडर, रेत और पानी की बाल्टियों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की बड़ी गाड़ी शामली से मौके पर पहुंची, लेकिन बाजार में जगह कम होने के कारण वह भीतर नहीं आ सकी।

इसके बाद छोटी गाड़ी मंगवाकर बचाव कार्य शुरू किया गया। हालांकि, आग बुझने तक गल्ले में रखी नकदी जल चुकी थी और फर्नीचर सहित अन्य कीमती सामान राख हो गया था। सौभाग्य रहा कि समय रहते दुकान में रखे गैस सिलेंडर को बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के दौरान नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर व्यापारियों ने नाराजगी जताई। व्यापारियों का आरोप है कि बार-बार फोन करने के बावजूद नगर पंचायत का पानी टैंकर समय से नहीं पहुंचा। जब टैंकर आया भी, तब तक आग बुझाई जा चुकी थी, जिससे नाराज व्यापारियों ने टैंकर से पानी लेने से मना कर दिया।व्यापारियों ने कहा कि नगर पंचायत व्यापारियों और नागरिकों से भारी टैक्स वसूलती है, लेकिन आपात स्थिति में कोई व्यवस्था नहीं होती।



# स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर वीना ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को नगर पालिका परिषद शामली के अधिशासी अधिकारी के निर्देशन पर आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहयोग से स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर वीना अग्रवाल ने शहर के हिन्दू कन्या इंटर कालेज में प्रधानाचार्या अलका संगल, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक अनिल कुमार के साथ मिलकर एक पौधा मां के नाम लगाया। सफाई इंस्पेटर अनिल कुमार के द्वारा वृक्षारोपण का हमारे जीवन में क्या महत्व है इस पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया पेड़ लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल करने का भी संकल्प दिलाया।



इसके साथ ही समस्त छात्राओं एवं समस्त स्टाफ को आईटीसी मिशन सुनहरा कल पीजेआरएम फोर्स ट्रस्ट के अर्बन कोऑर्डिनेटर के द्वारा प्लास्टिक उन्मूलन महा अभियान 6.0 आरंभ के तहत एकल उपयोग प्लास्टिक क्या है आदि की जानकारी दी। प्लास्टिक के उपयोग से होने वाली हानियों, पर्यावरण प्रदूषण, जीव जंतु हानि, जल प्रदूषण से अवगत कराया। साथ ही कपड़े, जूट से बने बैग का उपयोग करने के लिए कहा गया।

छात्रों को कपड़े के बैग वितरित किए गए। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर बीना अग्रवाल के द्वारा छात्राओं एवं समस्त स्टाफ को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग न करने के लिए शपथ दिलवाई गई। प्रधानाचार्य अलका संगल के द्वारा बच्चों एवं समस्त स्टाफ को प्लास्टिक उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अतुल कंबोज, मोहम्मद इकबाल, संजीव पंवार आदि मौजूद रहे।

## हल्की बारिश से लोगों को राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बढ़ती गर्मी से जहां सभी का हाल खराब है वहीं कस्बे में कई दिनों के बाद कुछ देर की हुई हल्की बारिश से लोगों को राहत महसूस हुई है। बारिश रुकने के बाद उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया है। बढ़ती गर्मी ने लोगों की हालत खराब कर रखी है। खास तौर पर बड़े बूढ़ों, महिलाओं को गर्मी ज्यादा परेशान कर रही है। कस्बा वासी इरफान, तारीफ आलम, इंतजार मिर्जा, संजीव, नीरज कुमार आदि का कहना है कि कस्बे के चारों और बारिश हो रही है, लेकन कस्बे में सुखा पड़ा है। सोमवार को दोपहर बाद आई हल्की बारिश से लोगों ने कुछ राहत की सांस ली थी, लेकिन कुछ देर की बारिश के बाद उमस ने गर्मी को और बढ़ा दिया।

# अपूर्व ने की सीए की परीक्षा पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के तालाब रोड निवासी अपूर्व ने प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे शहर का नाम रोशन किया है। जैसे ही सीए परीक्षा के परिणाम घोषित हुए, अर्पित की सफलता की खबर मिलते ही घर में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों व रिश्तेदारों ने मिठाई बांटकर और फूल-मालाएं पहनाकर अपूर्व का गर्मजोशी से स्वागत किया।

अपूर्व ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शहर के एसडीआरआर पब्लिक स्कूल से प्राप्त की थी। उन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा यहीं से उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकॉम की डिग्री हासिल की और फिर एमकॉम की पढ़ाई इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी से पूरी की। अपूर्व की सफलता से उनके माता-पिता बेहद गर्वित हैं। पिता मुकेश गर्ग और माता पूनम गर्ग ने बेटे को मिठाई खिलाकर और फूलों से स्वागत कर अपने हर्ष और गर्व का इजहार किया। उन्होंने बताया कि अर्पित बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहा है और कठिन परिश्रम से उसने यह मुकाम हासिल किया है। परिजनों ने कहा कि अपूर्व की सफलता न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे शामली शहर के लिए गौरव की बात है। इस उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।



# लायंस क्लब ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली नारायण द्वारा शहर के सहारनपुर रोड पर पौधारोपण किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने 5100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा और साथ ही उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया गया।

सोमवार को शहर के सहारनपुर रोड पर लायंस क्लब शामली नारायण द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ क्लब के अध्यक्ष डीपी कौशिक ने पौधा लगाकर किया। इस दौरान उन्होने कहा कि क्लब ने इस वर्ष 5100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा, जिसमें उन्होने अभी तक 100 पौधे लगाए है और आगामी दिनों में यह लक्ष्य पूर्ण किया जाएगा। उन्होने सभी से लगाए गए पौधो की देखभाल करने का भी संकल्प दिलाया। इस अवसर पर मेंगों पार्टी का भी आयोजन किया गया था। मौके पर सचिव डा। देवेश तायल, कोषाध्यक्ष कपिल शर्मा, सदस्य संदीप चौहान, दीपक शर्मा, अनंगपाल तालियान, गौरव कर्णवाल, रवि कुमार, प्रिंस जुनेजा, अनुज तायल, सचिन भारत, प्रशांत शर्मा, प्रदीप निर्वाल आदि मौजूद रहे।



## अभाविप द्वारा चलाया जा रहा वृक्षारोपण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा चलाए वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत अभाविप के पदाधिकारियों ने झिंझाना नगर इकाई के साथ विभिन्न कॉलेजों में पौधारोपण किया। शहर के आरके पीजी कालेज, वीवी पीजी कालेज में छात्र-छात्राओं के साथ कालेज प्रांगण में पौधे लगाए गए। विद्यालयों के प्रधानाचार्यो सहयोग किया। इस अवसर पर प्रांत सह सोशल मीडिया संयोजक वैभव ऐरन, नगर मंत्री मयंक तोमर, अंश मित्तल, वंश, अंश शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विभिन्न मामलों में सात को अर्थदंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वर्ष 2010 में अभियुक्त विनोद पुत्र सहला निवासी ग्राम हुरमजपुर थाना कांधला जनपद शामली के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेजेडी/जेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि व कुल 1500/-रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

वर्ष 2016 में अभियुक्त सचिन पुत्र रामकुमार निवासी डेरा भगीरथ थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा आर्म्स एक्ट में पंजीकृत किया गया था।

न्यायालय सीजेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि व कुल 2000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 10 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

वर्ष 2022 में अभियुक्तगण विरेन्द्र पुत्र सुखवीर व नरेन्द्र पुत्र चोहल निवासीगण ग्राम हसनपुर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेजेडी/जेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय उठने तक की सजा व कुल 2000/-रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

वर्ष 2009 में अभियुक्त कृष्ण पुत्र हवा सिंह निवासी ग्राम शहरमालपुर थाना सिंभालका जनपद पानीपत (हरियाणा) के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय उठने तक की सजा व कुल 2000/-रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 06 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है ।

वर्ष 2024 में अभियुक्तगण प्रिंस पुत्र प्रमोद निवासी दयानन्दनगर थाना कोतवाली शामली व मुस्तफा पुत्र शौकत निवासी हरेन्द्र नगर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को कुल 3000/-रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 7-7 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

# मांस की गाड़ी देख बिफरे बजरंग दल कार्यकर्ता, पुलिस ने मामला निपटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को बजरंग दल के पदाधिकारियों ने शहर के कैराना मार्ग पर मांस से भरी एक छोटा हाथी गाड़ी पकड़ी ली और जमकर हंगामा किया, लेकिन मांस प्रतिबंधित पशु न होने पर पुलिस ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं को शांत किया, लेकिन कांवड मार्ग पर मांस न लेकर जाने की मांग की।

सोमवार सवेरे शहर कोतवाली क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र स्थित कैराना रोड पर उस समय हंगामा खडा हो गया, जब एक मांस से भरी छोटी हाथी गाडी को हिन्दु संगठनों के लोगों ने रोक लिया। गाडी में मांस भरकर बिना ढके खुलेआम ले जाया जा रहा था। जिससे हिन्दू संगठनों के पदा. धिकारियों में रोष फैल गया और



उन्होने जमकर हंगामा किया साथ ही गाडी में गौवंश का मास ले जाने का आरोप लगाया। सूचना पाकर शहर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और हंगामा कर रहे हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों को किसी तरह शांत किया। जांच करने पर पाया गया कि कुछ लोग कैराना की मीट फैक्ट्री से कटरे का मांस लेकर जा रहे है। जिसके बाद हंगामा कर रहे हिन्दू संगठनों के लोग शांत हुए। हंगामे के दौरान चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। हिंदू संगठन के लोगों द्वारा कांवड़ मार्ग से खुलेआम मांस ले जाने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की गई है। इस अवसर विशाल निर्वाल, अर्जुन गौतम, प्रवीन चौहान, गोविंद सैनी, दीपक वर्मा आदि मौजूद रहे।

# एनडीए की परीक्षा पास कर खुशी नेवी में बनी लेफ्टिनेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** गुराना गांव की बेटी खुशी तोमर पहले ही प्रयास में एनडीए की परीक्षा पास कर नेवी में लेफ्टिनेंट बन गई। बेटी की उपलब्धि पर परिजनों के साथ ग्रामीणों में खुशी है। खुशी तोमर के पिता अमित तोमर भारतीय थल सेना में हैं। उन्होंने बताया कि खुशी ने 12वीं तक की पढ़ाई आर्मी स्कूल देहरादून से पूरी की और 12वीं में स्कूल भी टॉप किया था। इसके बाद वह एनडीए की परीक्षा की तैयारी में जुट गई। जनवरी 2025 में हुई परीक्षा में पहले ही प्रयास में नेवी में उसका लेफ्टिनेंट के पद पर चयन हुआ। अब खुशी की ट्रेनिंग केरल के कुन्नूर में होगी।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत कन्या जन्मोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला प्रोबेशन अधिकारी शामली ने अवगत कराया कि जिलाधिकारी महोदय शामली के निर्देशों के अनुपालन में महिला कल्याण विभाग शामली की विभागीय टीम द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थाना भवन के सभागार कक्ष में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम स्वास्थ्य केंद्र के बीपीएम शाजिब खान की अध्यक्षता में किया गया जिसमें महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी मंजू चौधरीद्धडी सी पी यूऋ, हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेंन से डिस्ट्रिक्ट मिशन कोओर्डिनेटर सदफ खान, जेंडर स्पेशलिस्ट कुलदीप शर्मा, सागर वर्मा व किरन देवी के द्वारा नवजात बालिकाओं व उनकी



माताओं को सम्मानित करते हुए फलों की टोकरी,केक,बेबी किट,बेबी बिब, बेबी शोल व लंच पैकेट आदि भेंट किए गए इसके साथ ही साथ शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह निषेध, 1098 चाइल लाइन सेवा, वन स्टॉप सेंटर सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई इस अवसर पर मैडिकल स्टॉफ व अन्य महिलाएं भी मौजूद रहीं।

## नकली पनीर की शिकायत पर दुकानों पर की छापेमारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कस्बे में नकली पनीर की बिक्री की शिकायत मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग हरकत में आ गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंॅ. कता श्रीवास्तव और यज्ञदत्त आर्य ने खेकड़ा में स्थित दो पनीर दुकानों पर छापेमारी कर वहां से छह सैंपल लिए। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से नकली पनीर बेचे जाने की शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर जांच की गई। सभी सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद अगर सैंपल में मिलावट या मानकों से कोई भी गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने सेवा सप्ताह के तहत निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल द्वारा एक जुलाई से 7 जुलाई तक चलाए जा रहे सेवा सप्ताह के समापन अवसर पर रविवार को शामली में निशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। सेवा सप्ताह के अंतर्गत ए शिविर ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल, कैराना रोड तथा वर्मा डेंटल क्लीनिक शामली मार्केट में लगाए गए, जिनमें दर्जनों लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल में आयोजित शिविर का संयोजन जिला सेवा प्रमुख बिन्नी राणा द्वारा किया गया। इस शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ। राधा राम ने लगभग 40 मरीजों की जांच की और उचित



परामर्श प्रदान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला उपाध्यक्ष विशाल निर्वाल, अर्जुन गौतम, प्रवीन चौहान, गोविंद सैनी, दीपक वर्मा, अंकित सैनी, बंटी, विशाल भारती सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में हुई। इसी क्रम में दूसरा चिकित्सा शिविर वर्मा डेंटल क्लीनिक में आयोजित किया गया, जहां डॉ। अजय वर्मा द्वारा करीब 20 मरीजों का दंत परीक्षण किया गया।

उन्होंने मौखिक स्वास्थ्य, दांतों, मसूड़ों और उनसे जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरूकता प्रदान की और बताया कि इन रोगों की समय पर पहचान और उपचार किस प्रकार किया जा सकता है।

## एक नजर

### ऊंचागांव में मजदूर के मकान की छत गिरी, पत्नी व बेटी घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ऊंचागांव में मजदूर के मकान की छत भरभराकर नीचे आ गिरी। छत के मलबे में दबने से मकान के अंदर सो रही उसकी पत्नी व बेटी घायल हो गई। पीड़ित मजदूर ने प्रशासन से मुआवजा दिए जाने की मांग की है। क्षेत्र के ऊंचागांव निवासी पप्पन पुत्र पालेराम मजदूरी आदि करके अपने परिवार का पालन–पोषण करता है। रविवार रात्रि वह अपने पत्नी व बच्चों के साथ में मकान के अंदर सोया था। इसी दौरान रात्रि करीब दस बजे पप्पन के मकान की छत भरभराकर नीचे आ गिरी। छत के मलबे में दबने से मकान में सो रही पप्पन की पत्नी ऋतु व बेटी राशि घायल हो गई। छत गिरने की आवाज सुनकर आस–पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और मलबे में दबी महिला व उसकी पुत्री को बाहर निकाला। दोनों मां–बेटी को उपचार के लिए कैराना के निजी चिकित्सक के यहां पर ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को चिकित्सको ने डिस्चार्ज कर दिया। पीड़ित पप्पन का कहना है कि उसके मकान की छत कच्ची है। छत पर पड़ी मिट्टी ने क्षेत्र में पिछले कई दिनों से रूक–रुककर हो रही बरसात के पानी को सोख लिया। मिट्टी का वजन बढ़ने से कड़ी आदि टूट गई और छत भरभराकर नीचे आ गिरी। पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

### श्रम विभाग की ओर से दभेड़ीखुर्द में कराया गया वृक्षारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** श्रम विभाग की ओर से पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर ग्राम पंचायत दभेड़ी खुर्द में वृक्षारोपण अभियान के तहत एक हजार छायादार व फलदार पेड़ लगवाए गए। इस दौरान पौधों के पालन–पोषण का भी संकल्प लिया गया। रविवार को श्रम इंस्पेक्टर सुरेश प्रकाश गौतम अपनी टीम के साथ में क्षेत्र के गांव दभेड़ी खुर्द में पहुंचे। जहां पर उन्होंने पौधा रोपित करके वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। तदोपरांत ग्राम पंचायत क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर करीब एक हजार पौधे रोपित किए गए। इस दौरान घरों, खेतों, कब्रिस्तान व गांव के मुख्य लिंक मार्ग पर सागौन, शीशम, अर्जुन, अमरूद व जामुन आदि के वृक्ष लगाए गए। साथ ही, रोपित किए गए पौधे के पालन–पोषण का भी संकल्प लिया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के मुख्य प्रदेश महासचिव जावेद तोमर, एनसीआर उत्तर–प्रदेश उपाध्यक्ष असजद चौधरी, जिला सचिव तसव्वर अली, मंडल सचिव वसीम चौधरी के अलावा श्रम विभाग के कर्मचारी राकिम अली व ग्रामीण आरिश, नसीम, जुबैर, आजम, इमदाद, अकमल आदि शामिल रहे।

### खेतों में घुसा हिंडन का पानी, 250 बीघा फसल जलमग्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** हिंडन नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण हरिसया, चमरावल व ललियाना गांव के खेतों में पानी घुस गया है। इससे 250 बीघा से अधिक फसल जलमग्न हो गई है। किसानों ने डीएम से शिकायत कर मुआवजा दिलाने की मांग की। पहाड़ों पर हो रही बारिश के कारण हिंडन नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। जलस्तर बढ़ने के कारण खेतों में पानी भर गया है। इससे किसानों की फसल जलमग्न हो गई है। हरसिया में अजयवीर पाल, राजबीर, नानक, वेदपाल, देवा, बेदी, टीटू व देवेंद्र की ज्वार, बाजरा, धान और गन्ने की फसल डूब गई। चमरावल में अमन त्यागी, हरिओम आदि किसानों की धान और गन्ने की फसल डूबी। ललियना में इंतजार, मुन्ना, नरेश, इरफान, अमीरुद्दीन, कलवा, इंद्रपाल और उमरदीन कि लोकी, धान और गन्ने की फसल जलमग्न हो गई। किसानों ने डीएम से शिकायत कर फसल का मुआवजा दिलाने की मांग की।

### घर के बाहर बैठने से मना करने पर किया पथराव

**बिनौली।** दौझा गांव में घर के बाहर बैठकर गाली देने से मना करने और दूसरी जगह बैठने के लिए कहने पर विवाद हो गया। तभी कुछ युवकों ने अपने घरों की छतों पर चढ़कर वसीम के मकान पर पथराव कर दिया, जिसमें रब्बान, नाजिम, शमीम व नईम घायल हो गए। दौझा गांव के वसीम ने बताया कि कुछ युवक उसके घर के बाहर बैठकर गालियां देते रहते हैं, जिन्हें कई बार घर के बाहर न बैठने के लिए कहा लेकिन वे नहीं माने। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हो गई। आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष के युवकों ने अपने घरों की छत पर चढ़कर पथराव कर दिया। इससे वहां अफरातफरी मच गई और लोगों ने घरों में घुसकर जान बचाई। वसीम ने फायरिंग करने का आरोप लगाया।

# भाकियू युवा मोर्चा ने बिजलीघर पर किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाकियू युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने खेडीकरमू बिजलीघर पर हंगामा करते हुए एसडीओ का घेराव किया। उन्होने शामली में विद्युत बिल बहुत ज्यादा आने व विद्युत कर्मचारियों द्वारा किसानों का शोषण किए जाने का आरोप लगाया।

सोमवार को भाकियू महात्मा टिकैत के पदाधिकारियों ने युवा जिलाध्यक्ष राहुल चौधरी के नेतृत्व में खेडीकरमू बिजली घर पर हंगामा प्रदर्शन किया। उन्होने एसडीएम को घेराव किया और कहा कि क्षेत्र के गांव बंतीखेडा निवासी उपभोक्ता रहीस से जेई द्वारा दिसंबर माह में करीब साढे 14 हजार रूपये बकाया दिखाकर लिए थे, लेकिन न तो उनको कोई रशीद दी और नही कोई बकाया खत्म किया गया। जिसके बाद एसडीएम ने मौके पर जेई को बुलाकर बकाया जमा कराकर रशीद



देने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा कि टड्ढूबवैल कनैक्शन पर असामान्य और मनमाने बिल आ रहे हैं।जो बहुत गलत है। कई किसानों को औसतन 8000 रूपये से 15000 रूपये तक का बिल भेजा गया है जो उनकी क्षमता से बाहर है। किसानों के मीटर में तकनीकी खामी होने के बावजूद उसे ठीक नहीं किया गया। किसानों के सभी अत्यधिक बिलों की जांच कर उन्हें संशोधित किया जाए। मोटर रीडिंग की पारदर्शिदा सुनिश्चित की जाए और रीडिंग की तस्वीर किसानों को भी उपलब्ध कराई जाए। जिन किसानों के मीटर खराब है उन्हें बिना जुर्माने के बदला जाए। ग्रामीण कृषि कनैक्शनों की बिलिंग को फ्लैट रेट या सस्ती दरों पर तय किया जाए। इस अवसर पर फुरकान, मुस्तकी, महबूब, विकास, निखिल, अर्जुन, राुहल, अमित, साहिल आदि मौजूद रहे।

# नवयुवक संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार बहोत का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के ग्राम ढिकाना महर्षि वाल्मीकि मंदिर के प्रांगण में वाल्मीकि कम्युनिटी के लिए वाल्मीकि चौपाल का उद्घाटन अखिल भारतीय वाल्मीकि नव युवक संघ के जिला संयोजक जसवीर सिंह ढींगिया ने किया।

इस मौके पर ग्राम प्रधान यसवीर सिंह की अध्यक्षता में विधिवत वाल्मीकि चौपाल निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इसके निर्माण से आसपास के लोगों को बहुत फायदा होगा तथा सार्वजनिक कार्यक्रम के आयोजन करने में सुविधा मिलेगी। अ.भा.वा. नवयुवक संघ के जिला अध्यक्ष अजय कुमार बहोत का गांव के सम्मानित लोगों ने फूलों की मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस निर्माण कार्य के लिए ग्राम प्रधान का हार्दिक आभार प्रकट किया जाता है तथा उन्हें समाज के उत्थान के लिए ऐसे ही कार्य करने के लिए प्रेरित किया निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यहां पर सत्संग व भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सोम पिवाल सोनम संगीता राजवीर नरेश महेश ब्रह्मपाल पाले रामफल अतर सिंह जसवीर उर्फ लाला इंद्रपाल अक्षु आदि उपस्थित रहे।

## एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण जनपद में होना चाहिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उन्होंने कहा कि इस अभियान से बागपत किसान प्रधान जनपद है। किसानों को अभियान से जोड़ा जाए। जनपद में 102281 किसान हैं। उनके इच्छा अनुसार एक पौधा दिया जाए जिससे कि वह अपने घर के आंगन में अपने खेत की मेड़ पर पौधा लगा सके और उन्हें संरक्षित कर सके। उन्होंने इस अभियान से स्वयं सहायता समूह को भी जोड़ने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा सरकार द्वारा एक पेड़ मां के नाम थीम पर आधारित वृक्षारोपण ब्रहदस्तर पर जनपद में होना चाहिए। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से पौधों की प्रजाति के अनुसार विभाग वार डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने फलदार, छायादार औषधीय एवं इमरती पौधों को प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश दिए। जनपद में 69384 औषधीय पौधे लगाए जाने के कार्य योजना बनाई गई है। कितने पौधे जीवित हैं कितने रिवर्स हुए हैं। जनपद में 134500 हेक्टर भूमि है जिस में शुगद्ध बोया हुआ क्षेत्रफल 107058 हेक्टेयर है। जमीन कैसी है इसकी जानकारी उपलब्ध कराए जाने के लिए कृषि उपनिदेशक को निर्देशित किया गया और यह भी कैसी भूमि है। नोडल अधिकारी ने नोडल मंत्री द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान निरीक्षण आख्या पर अनुपालन की संबंधित विभागों की समीक्षा की और निर्देशित क्या की जो बिंदु आए हैं इनका तत्काल निस्तारण कर दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि जो समस्याओं का समाधान जनपदस्तर पर नहीं हो रहा कही समस्या है उन्हें शासन स्तर से निस्तारित कराया जाएगा। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया।

# हिन्दू संगठन ने हंगामा कर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** हिंदूवादी संगठन हिंदुत्व सुरक्षा सेना शामली के कार्यकर्ताओं ने कैराना कोतवाली में पहुंचकर जमकर हंगामा–प्रदर्शन किया। उन्होंने सीओ व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन–पत्र सौंपकर हरियाणा के किसान देवेन्द्र देशवाल के हत्यारों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानूनद्धरासुकाऋ के तहत कार्यवाही किए जाने की मांग की है। साथ ही, मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। सोमवार को हिंदुत्व सुरक्षा सेना शामली के कार्यकर्ता संगठन के जिलाध्यक्ष अनमोल मित्तल के नेतृत्व में कैराना कोतवाली में पहुंचे। जहां पर उन्होंने हंगामा–प्रदर्शन करते हुए पुलिस उपाधीक्षक श्यामसिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह को एक ज्ञापन–पत्र सौंपा। बताया कि विगत



16 जून को पानीपत जनपद के गांव कुराड़ निवासी देवेन्द्र देशवाल की मामौर के जंगल में दूसरे समुदाय के युवकों ने चाकुओं से गोदने के बाद गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी थी। हत्याकांड के बाद से गांव व क्षेत्र में दहशत व अशांति का माहौल पैदा हो गया था। फिलहाल हत्यारोपी जेल में बंद है, लेकिन उनके जमानत पर बाहर आने पर क्षेत्र में कानून–व्यवस्था व शांति भंग होने की प्रबल संभावना है। ऐसे में हत्यारो. पियों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानूनद्धरासुकाऋ के तहत कार्यवाही किया जाना अति आवश्यक है। साथ ही, ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। अभिषेक, सन्नी, सूरज, हर्ष, आर्यन आदि मौजूद रहे।

# सभी धर्म के भगवान ,गुरु, शास्त्र पूजनीय हैं: 108 विव्रत सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में दिगंबर जैन साधु सेवा समिति शामली एवं सकल जैन समाज शामली द्वारा आयोजित 108 विव्रत सागर मुनिराज ने ज्ञान की अमृत वर्षा करते हुए कहा कि जैन धर्म मिला बड़े सौभाग्य की बात है। केवल जैन को सब कुछ मिला है।

उन्होने कहा कि अन्य धर्म के व्यक्ति को कुछ क्यों नहीं मिला है। सभी धर्म के भगवान, गुरु, शास्त्र, भी पूजनीय होते हैं। अपने को श्रेष्ठ बताने में कोई महानता नहीं है। संस्कारों की कमी के कारण जैन धर्म पिछडता जा रहा है। आप सभी के बच्चे मंदिर नहीं जाना चाहते हैं। क्योंकि मंदिर जाने से उनको वहां पर अपमान महसूस होता है। गुरु के प्रति श्रद्धा कम हो रही है। कहा कि दूसरे धर्म का व्यक्ति भी जैन



मुनि को समर्पण भाव श्रद्धा भाव से सम्मान करता है। जैन धर्म शास्त्रों तक सीमित रह गया है। हम जैन मंदिर में जाकर दूसरे धर्म के मंदिर जाते हैं। क्योंकि हमारी शिक्षा में अभाव है। जैन धर्म, जैन दर्शन दोनों में अंतर बताया। कहा कि अग्नि का स्वभाव उष्णता, कोई भी अग्नि का स्वभाव नहीं बदल सकता। क्योंकि उसका वह धर्म है। पूर्व में जन्म दिवस पर राजा महाराजा धर्म सभा लगती थी। जिसमें सभी गुरुओं को बुलाया जाता था और धर्म पर चर्चा होती थी। परंतु अब ऐसा कुछ नहीं। अब तो धर्म की हानि हो रही है। धर्म पर कोई चर्चा नहीं करता। केवल पूजा पद्धति का दिखावा रह गया। गुरु के सम्मान का, शास्त्र के सम्मान का, किसी के पास समय नहीं है। सब व्यस्त हैं। धर्म के बारे में कोई सोच नहीं रहा है। इस अवसर पर भूषण लाल जैन, संजीव कुमार जैन, विनोद जैन, अरुण जैन, अरविंद जैन, सुनील जैन, मनोज जैन, मोहित जैन, अमित जैन, वीरेश जैन, अरविंद जैन, सलेक चंद्र जैन, रमेश चंद्र जैन, अरुण जैन आदि मौजूद रहे।

# चोरों ने चलते ट्रक से दाल के बोरे किए चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** निवाड़ा चौकी के पास से नैथला जाने वाले मार्ग पर चोरों ने शौकीन निवासी कसेरवा जिला मुजफ्फरनगर के ट्रक से सात बोरे दाल के चोरी कर लिए। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने पर चोरी की घटना का पता चला।

शौकीन ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार नासिर के ट्रक में चार जुलाई को नरेला मंडी से 17 टन दाल लेकर मुजफ्फरनगर जा रहा था। निवाडा पुल पर खड़े कुछ लोगों ने आगे जाम लगा होने की जानकारी देते हुए नैथला मार्ग से भेज दिया। नैथला मार्ग पर वह अपना ट्रक धीमी गति से लेकर गया। इसके बाद मुजफ्फरनगर मंडी में ट्रक पर बंधी तिरपाल फटी हुई और दाल के सात बोरे कम मिले। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो नैथला मार्ग पर दाल बिखरी हुई मिली। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# डीजे बजाने को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों के चार लोग घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नमाज के दौरान बरात में डीजे को धीमी आवाज में बजाने को लेकर हुई मामूली कहासुनी के चलते अनूसूचित जाति व मुस्लिम समाज के युवकों में मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। हंगामे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षो को समझा बुझाकर मामले को शांत किया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी इस्सरपुर निवासी नाथी की लड़की की बरात साधारणपुर गांव से आई थी। बराती डीजे की धुन पर डांस कर रहे थे। इस दौरान बरात एक मस्जिद के सामने पहुंचे तो मुस्लिम समाज के कुछ युवकों ने नमाज का समय होने का हवाला देकर डीजे की आवाज कम करने को कहा। आरोप है कि उस समय तो उन्होंने आवाज को धीमा कर दिया। लेकिन कुछ मिनट बाद फिर से आवाज तेज कर दी।



इसको लेकर दोनों पक्षों के युवकों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मारपीट होने लगी। इसमें पंकज उर्फ पिंकू और वंश जबकि दूसरे पक्ष के भी दो लोग घायल हो गए। अलग-अलग वर्ग का मामला होने के चलते सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत करते हुए घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आरोप सिद्ध होने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने देवबंद-मंगलौर मार्ग से उत्तराखंड बॉडर तक निरीक्षण कर स्थानीय अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। वहीं जनता की सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने सड़को एवं दिवारो पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए फ्लेक्स लगाने का अभियान चलाया।

कावड़ यात्रा आगामी 10 जुलाई से शुरू होते ही शिव भक्त भोले देव. बंद मांगलौर मार्ग से होते हुए हरिद्वार के लिए निकलेंगे, जिसके चलते यह मार्ग महत्वपूर्ण माना जाता है। कांवडियों की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है नगर पालिका द्वारा उक्त मार्ग से अतिक्रमण हटाने के साथ ही आबादी क्षेत्र में पीने का पानी और पथ प्रकाश व्यवस्था कराई जा रही है।



सोमवार को जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने देवबंद पहुंच मंगलौर मार्ग का उत्तराखंड बॉडर तक निरीक्षण किया। एसपी देहात ने सडक किनारे खड़ी ऊंची घांस कटाए जाने, कांवडियों की सुरक्षा की दृष्टि से आबादी व जंगल के क्षेत्र में पुलिस बल तैनात करने आदि निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। उधर, वरिष्ठ पुलिस




अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सोनकर के नेतृत्व में समस्त पुलिस चौकी क्षेत्रो में आप कैमरे की नजर में फ्लेक्स लगाने का अभियान चलाया। कोतवाल धर्मेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि जनता की सुरक्षा के लिए यह कदम उठाया गया है। इससे सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार एवं अपराध नियंत्रण में सहायक होगा।

# डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर आयोजित भाजपा द्वारा संगोष्ठी में डा. मुखर्जी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उनसे प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

लोकनिर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने रणखंडी रोड स्थित एक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद से बालते हुए कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी न केवल जनसंघ के संस्थापक थे, बल्कि एक ऐसी चेतना के वाहक थे जो हर कार्यकर्ता को मातृभूमि के प्रति समर्पण का संदेश देती है। उनके एक विधान, एक निशान एक प्रधान के संकल्प को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है। आज देश में पिछड़ा, दलित और वंचित समाज को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिला महामंत्री डा. पवन संवई ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद ने जनसंघ की स्थापना के बाद देश की राजनीति में राष्ट्रवादी एवं हिंदुत्व विचारधारा का उदय किया था। पालिक.




ाध्यक्ष विपिन गर्ग ने कहा डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन व कार्यशेली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके प्रयासो से ही वंचित समाज को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता ने कहा कि डा. मुखर्जी का जीवन दर्शन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को संबल प्रदान करता है। उनकी विचारधारा हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस मौके पर राज्यमंत्री बृजेश सिंह को कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया। विजेश कंसल, श्याम कुमार अग्रवाल, विजय गिरधर, महेंद्र गिरधर, पवन धीमान, सुधीर मित्तल, चौधरी ओमपाल सिंह, अमरीश त्यागी, विशाल गर्ग, विवेक तायल, राहुल वाल्मीकि, शुभलेश शर्मा आदि भाजता कार्यकर्ता शामिल रहे।

# खिलाड़ी ट्रायल के लिए पहुंचे बंगलुरु

**देवबन्द।** अमेरिका में होने वाले पैरा वॉलीबॉल वर्ल्ड कप के लिए चयनित होने वाली टीम में उत्तर प्रदेश के सात खिलाड़ी ट्रायल के लिए पहुंचे बंगलुरु में देश भर से सभी राज्यों से 150 पैरा खिलाडियों में यूएसए जाने वाली टीम का चयन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल के प्रदेश महासचिव डा. हिंमाशु कुमार ने बताया कि उप्र. से सात खिलाड़ियों का चयन कर बैंगलुरू भेजा गया है। जिनमे दो खिलाड़ी मो. हत कुमार और अमित कुमार देवबंद के हैं। जबकि अमर सिंह, नरेंद्र सिंह, रामप्रवेश, राजसिंह, राहुल गुप्ता अन्य राज्यो से हैं। जुलाई को बैंगलुरू में नेशनल टीम के लिए चयन होगा। जिसके लिए देश भर से 150 पैरा खिलाड़ी ट्रायल के लिए चयनित हुए

# महाराज का देवबंद पहुंचने पर जयकारों के साथ पदप्रक्षालन से किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुष्पगिरी प्रणेता गणाचार्य श्री 108 पुष्पदंत सागर जी महाराज के परम शिष्य आराध्य धाम प्रणेता आचार्य श्री 108 अरुण सागर जी महाराज का देवबंद आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया।

आचार्य श्री ने सोमवार को 37वें पुष्प वर्षायोग 2025 के लिए स्टेट हाईवे स्थित सिल्वर पैराडाइज फार्म हाउस से देवबंद नगर की ओर प्रात: विहार किया। जैन समाज ने डाक बंगले के निकट हाईवे पर महाराज का बैंड-बाजे, जयकारों के साथ पदप्रक्षालन से स्वागत किया। इसके उपरांत महाराज को बैंड बाजे से मजनू वाला, नेचलगढ़, एमबीडी चौक, मैंन बाजार, कानूनगोयान होते हुए श्री दिगंबर जैन पारसनाथ मंदिर



सरागवाड़ा अतिथि भवन में प्रवेश कराया गया। इस दौरान सुभाष चौक पर भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग समेत अन्य भाजपाइयों ने महाराज का स्वागत कर पद प्रक्षालन किया।

# फिल्म उदयपुर फाइल्स पर रोक को लेकर अदालत का खटखटाया दरवाजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** फिल्म उदयपुर फाइल्स पर रोक लगाने की मांग को लेकर जमीयत उलमा-ए-हिंद ने अदालत का दरवाजा खटखटाया हैं।

कन्हैया लाल (दर्जी) हत्याकांड पर अमित जी द्वारा निर्मित फिल्म उदयपुर फाइल्स को लेकर जमीयत उलमा-ए-हिंद ने एक साथ दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसमें उन्होंने फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की है। गौरतलब है कि यह फिल्म 11 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी और अभी इसका दो मिनट 53 सेकेंड का ट्रेलर जारी हुआ है। इस संबंध में जमीयत अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने जारी बयान में बताया कि फिल्म का ट्रेलर स्पष्ट करता है कि यह फिल्म मुस्लिम विरोधी भावनाओं से प्रेरित है और भारतीय संविधान में दिए गए नागरिक अधिकारों का खुला उल्लंघन हैं। इसमें पैगंबर मोहम्मद साहब और उनकी पत्नी के संबंध में आपत्ति. जनक टिप्पणी की गई है। जबकि देव. बंद को कट्टरवाद का अड्डा बताते हुए वहां के उलमा के खिलाफ जहर उगला गया है। मौलाना मदनी ने कहा कि इस फिल्म में न्यायालय में विच. ाराधीन ज्ञानवापी मस्जिद जैसे संवे. दनशील मामले का भी उल्लेख है। उन्होंने कहा कि फिल्म में कई जगह ऐसे दृश्य दिखाए गए हैं जिनका इस्लाम, मुसलमानों और देवबंद से कोई लेना देना ही नहीं है।

मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि वर्ष 2022 में उदयपुर में हुई एक घटना को आधार बनाकर वर्ग विशेष, उलमा और धार्मिक संस्थानों की छवि को नुकसान पहुंचाने की साजिश के तहत यह फिल्म बना गई है। इसमें सेंसर बोर्ड को भी पक्षकार बनाया गया है।

# प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या का लगाया आरोप

**देवबन्द।** पति पत्नी के पवित्र रिश्ते को कलंकित कर देने वाली घटना प्रकाश में आई है। प्रेमी के साथ रंगरलियां मनाते हुए पकड़े जाने पर महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया। घटना के संबंध में मृतक युवक के परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर घटना की जांच कर कानूनी कार्रवाई किये जाने की गुहार लगाई है।

उत्तराखंड के डोईवाला (देहरादून) निवासी नंदनी और उसके परिवार के अन्य लोग देवबंद कोतवाली पहुंचे और भाभी पर उसके भाई विशाल सिंघल को जहर देकर मार देने का आरोप लगाया। पुलिस को बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व उसके भाई विशाल सिंघल ने देवबंद निवासी एक युवती से लव मैरिज की थी और तब से ही वह देवबंद में ही एक किराए के मकान पर रह रहा था। आरोप है कि बीती 2 जुलाई को विशाल जब अपने घर पहुंचा तो उसने अपनी पत्नी को किसी गैर मर्द के साथ आपत्तिजनक हालत में देखा। नंदनी के मुताबिक विरोध करने पर उसके भाई के साथ मारपीट करते हुए जहर देकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद बिना किसी को सूचना दिए उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। नंदगी के मुताबिक पत्नी को प्रेमी के साथ देखे जाने की बात विशाल ने उसे खुद फोन पर बताई थी। देवबंद कोतवाल धर्मेंद्र सोनकर का कहना है कि इस संबंध में उनके पास अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। घटना कई दिन पहले की बताई जा रही है। यदि तहरीर मिलती है तो घटना की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ी तो कॉल डिटेल और सीसीटीवी फुटेज भी निकलवाई जाएगी।

# ब्लॉक प्रमुख ने किया फिजियोथेरेपी सेन्टर का शुभारंभ

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र में नजीबाबाद हरिद्वार मार्ग पर ग्राम करौली में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र राजपूत, चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी के साथ ग्राम कामरा. जपुर निवासी डॉ. हरीश विश्वकर्मा के नए प्रतिष्ठान श्री विश्वकर्मा फिजियोथेरेपी एवं हेल्थकेयर सेन्टर का फीता काटकर उद्घाटन किया। पंडित अमित कौशिक ने विधि विधान से हवन पूजन कराया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र राजपूत, चौधरी ईशम सिंह, भाजपा नेता अनुज चौधरी, थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील सैनी, ग्राम प्रधान इरफान अहमद, साजिद हुसैन, दलीप कुमार आदि रहे।

# विहिप व बजरंग दल ने लगाया चिकित्सा शिविर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सेवा सप्ताह के अंतर्गत रविवार को ग्राम नारायणपुर में लाला करन सिंह की बैठक पर एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मेरठ प्रांत के सह सत्संग प्रमुख कैलाश उपाध्याय और मंडावर प्रखंड अध्यक्ष सर्विन कुमार ने संकट मोचन हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। शि. विर में डॉ. नितिन पाल और डॉ. उत्तम चौधरी ने पहुंचे मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और बुखार, जुकाम सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित लगभग 80 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां प्रदान कीं।

# आग में झुलसी महिला की मौत

## आरोपी पति हिरासत में, मायके पक्ष में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद में अपनी पत्नी को आग के हवाले करने वाले पति की क्रूरता का शिकार हुई वंदना देवी (45 वर्ष) ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

वह करीब 90 प्रतिशत तक झुलस चुकी थी। घटना के बाद से जहां परिवार सदमे में था, वहीं अब उसकी मृत्यु के बाद मायके पक्ष में कोहराम मच गया है।

मृतका के भाई विकास राजपूत निवासी फतियाबाद, थाना नूरपुर ने कोतवाली धामपुर में दी गई तहरीर में बताया था कि उसकी बहन की शादी करीब 25 वर्ष पहले चंद्रशेखर पुत्र कृष्ण कुमार निवासी नौरंगाबाद से हुई थी। शादी के बाद से ही चंद्रशेखर का स्वभाव हिंसात्मक था और वह आए दिन वंदना के साथ मारपीट और



गाली-गलौच करता था। भाई ने यह भी आरोप लगाया कि चंद्रशेखर नशे का आदी है और अक्सर नशे में बहन को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा।

इस संबंध में कई बार पंचायतें भी बुलाई गईं, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। 5 जुलाई की शाम को एक मामूली विवाद के बाद चंद्रशेखर ने वंदना के साथ पहले मारपीट की, फिर उसे कमरे में बंद कर उस पर तेल छिड़ककर आग लगा दी। वंदना की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह दरवाजा तोड़कर आग बुझाई। पहले उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए तुरंत दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि तमाम प्रयासों के बावजूद वंदना की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने बताया कि महिला की मौत के बाद घटना में हत्या की धाराएं जोड़कर मुकदमे को अपडेट किया गया है। आरोपी पति चंद्रशेखर को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

इधर नौरंगाबाद गांव में घटना के बाद शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि वंदना एक सीधी-सादी और मेहनती महिला थी, जो वर्षों से अत्याचार सहती आ रही थी, लेकिन अब उसकी क्रूरता के शिकार होकर मौत ने सभी को झकझोर दिया है।

# शांतिपूर्ण ढंग से निकाले गए मोहर्रम के जुलूस व ताजिये

**नजीबाबाद।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मोहर्रम के मौके पर जुलूस, ताजिये व अखाड़े शांतिपूर्ण ढंग से निकाले गए। मोहर्रम के अखाड़ों में खिलाड़ियों ने बैरेंटी, बल्लम आदि से अनेक हैरत अंग्रेज करतब दिखाकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। मौहल्ला सब्नीग्राम से अंजुमने हुसैनिया की जानिब से जुलूस निकाला गया। जिसमें शामिल मॉडलों को सभी ने सराहा। जुलूस में असगर हुसैन, मोहिब हुसैन, ताजियादार जाकिर हुसैन, रईस अहमद, इदरीस अहमद, शाहनवाज, इरशाद, शमीम खलीफा, अरबाज, वासु, आशु आदि सदस्य मौजूद रहे। मौहल्ला बांसमंडी एक मीनार वाली मस्जिद से परम्परागत ताजिया बनाकर पुराना कसाई खाना में इमामबाड़ा की सम्पत्ति के पास लाकर खड़ा किया गया। साथ ही मेहंदी का जुलूस निकाया गया। जुलूस में बड़ों के साथ बच्चों ने भी अनेक करतब दिखाए।

# एनसीसी शिविर में कैडेट्स ने आपदा प्रबंधन को सीखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** देवता महाविद्यालय में चल रहे दस दिवसीय एनसीसी शि. विर के छठवें दिन मास्टर ट्रेनर के पद पर तैनात ओम प्रकाश तथा पंकज शर्मा ने एनसीसी कैडेट्स के मध्य पहुंचकर आपदा प्रबंधन विषय पर व्याख्यान दिया।

प्राकृतिक आपदा हो या मैन मेड आपदा दोनों में ही किस प्रकार हम अपने आप को और अपनों को बचा सकते हैं। इस पर जरूरी टिप्स दिए। आपदा के समय कैडेट्स को धैर्य रखना चाहिए। यदि वह खुद भयभीत हो जाता है या धैर्य को देता है तो वह दूसरों की जान माल को कैसे बचा सकता है। उनका कहना था कि इसको प्रत्येक कैडेट को सिखाना अति आवश्यक है। कैंप कमांडेंट कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी ने दोनों मास्टर ट्रेनर को मोमेंटो देकर



सम्मानित किया।

इस अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी, डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट, कैप्टन मोहम्मद यूनुस चौधरी, लेफ्टिनेंट शशांक कुमार शर्मा, लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा, लेफ्टिनेंट ललित कुमार, लेफ्टिनेंट देवानंद राय, सुबेदार मेजर बलवंत सिंह,सेकंड अफसर भूपेंद्र सिंह थर्ड अफसर रिंकी देवी सूबेदार कृष्ण कुमार, सुब. ेदार पलजर, भूटिया, नायब सूबेदार मधु सूदन रतूड़ी, नायब सूबेदार विनिल, हवलदार विनोद नेगी, हवलदार संजय सिंह, हवलदार मन बहादुर लिम्बु, हवलदार विनोद कुमार, हवलदार तिरलोक सिंह, हवलदार अर्जुन सिंह, रघुवीर सिंह, हवलदार मनोज राय, हवलदार ज्ञानदेंद्र श्रेष्ठ आदि उपस्थित रहे।

# जतिन सैनी ने सीए फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण कर किया नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पालिका सभासद ओमप्रकाश सैनी के युवा पुत्र जतिन सैनी के द्वारा सीए फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर न सिर्फ जतिन के परिवार में बल्कि पूरे नगर में हर्ष का माहौल है।

नगर के मौहल्ला दया विहार निवासी सभासद ओमप्रकाश सैनी बताते हैं कि उनके पुत्र जतिन सैनी ने 12वीं कक्षा सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज, चांदपुर, स्याऊ व बी.कॉम गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय से उत्तीर्ण कर अपनी अगली पढ़ाई का कोर्स दिल्ली स्थित एक इंस्टीट्यूट से सीए किया। जहां से उन्होंने सीए फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण की। जतिन सैनी की इस उपलब्धि से उनके परिजनों में खुशी की लहर है और उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ हैं। जतिन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है।

मौजूदा सभासद ओम प्रकाश सैनी को समस्त बोर्ड नगर पालिका परिषद चांदपुर ने भी बधाई दी है। सभासदपति शेख मौहम्मद रईस, मौहम्मद परवेज वार्ड मौहल्ला बाजार सभासद ने भी जतिन सैनी को अपना आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# मीनू गोयल जिलाध्यक्ष महिला विंग मनोनीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** व्यापारी एकता परिषद की एक आवश्यक बैठक वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत गोयल जी के आवास पर संपन्न हुई। जिसका संचालन प्रशांत चौधरी ने किया। बैठक की अध्यक्षता प्रशांत गोयल ने की।

बैठक में मुख्य वक्ताओं में प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी रहे। बैठक मे प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा ने कहा कि हमारा संगठन पूर्ण रुप से अराजनैतिक है और सर्व समाज को साथ लेकर आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। मातृ शक्ति के संगठन से जुड़ने से संगठन



को मजबूत बनाने में पूर्ण सहयोग रहेगा। ऐसी आशा करते है। संगठन का उद्देश्य महिला विंग के गठन के साथ महिलाओं के व्यापार को आगे बढ़ाने का है। प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी ने कहा कि हमारे संगठन में जातिवाद व धर्मवाद की राजनीति नहीं होती। संगठन का उद्देश्य केवल अपने व्यापारी समाज को मजबूत करके व्यापारी समाज की समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का है।

# पूनम देवी को बनाया यूनियन का महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस कार्यकर्ताओं की एक बैठक ग्राम पंचायत फीना में हुई। इस बैठक में यूनियन कार्यकर्ताओं ने अपने संगठन को मजबूत बनाने, संगठन के विस्तार कारण पर चर्चा करते हुए पार्टी में कुछ और जिम्मेदारों को जिम्मेदारी सौंपने का भी निर्णय लिया। जिसके अंतर्गत बहन पूनम को यूनियन का महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अधाना ने भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस को और अधिक मजबूत बनाने, संगठन के विस्तारीकरण पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए कार्य योजना बनाने का आह्वान किया। युवा प्रदेश प्रभारी श्याम कुमार ने कहा कि हम संगठन को मजबूत बनाने की सबसे पहले पहल करते हुए संगठन के प्रति निष्ठा से कार्य करने का संकल्प दिलाया। मंडल सचिव राहुल गुर्जर, डॉक्टर सर्वेश देवी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर बहन पूनम से संगठन में विस्तार पूर्वक वार्ता हुई जिस पर बहन ने संगठन की नीति व अनुशासन से संतुष्ट होकर कार्य करने का निर्णय लिया।



● 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप

# तालिका में नंबर-3 पर पहुंचा भारत

**● वेस्टइंडीज को हराकर नंबर-1 पर पहुंचा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड 12 अंकों के साथ चौथे स्थान पर**

**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया ने 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) साइकल में पहली जीत दर्ज की है। भारत ने इंग्लैंड को एजबेस्टन टेस्ट में 336 रन से हराया।

इस जीत के साथ भारत को 12 डबल्यूटीसी अंक मिले और उनका पाइंट परसेंटेज 50.00 हो गया है। भारत अब डबल्यूटीसी टेबल में इंग्लैंड के साथ तीसरे स्थान पर है। डब्ल्यूटीसी पाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया है। टीम ने वेस्टइंडीज को उन्हीं के घर पर लगातार 2 टेस्ट हराए हैं। ऑस्ट्रेलिया के 24 पाइंट्स हैं। दूसरे नंबर पर बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट में हारने वाली श्रीलंकाई टीम है। श्रीलंका के 2 मैच में एक ड्रा और एक जीत के साथ 16 पाइंट्स हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2-0 की बढ़त ले ली है। तीसरा टेस्ट मैच किंग्स्टन में 13 जुलाई से खेला जाएगा। डबल्यूटीसी 2025-27 की शुरुआत श्रीलंका-बांग्लादेश के पहले मैच से हुई। यह मैच ड्रा रहा था। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच हेडिंग्ले से इस सीरीज की शुरुआत की। टीम को में 5 विकेट से हार मिली थी। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका ने इस सीजन अभी एक भी टेस्ट नहीं खेला है। नीचे टीम के हिसाब से डबल्यूटीसी पाइंट्स टेबल: ऑस्ट्रेलिया पहले स्थान पर- 100 प्रतिशत पाइंट परसेंटेज, वेस्टइंडीज के खिलाफ 2-0 से सीरीज जीत ली है, एक मैच बाकी है। श्रीलंका दूसरे स्थान पर- 66.67 प्रतिशत पाइंट परसेंटेज, बांग्लादेश के खिलाफ 1 जीत और 1 ड्रा। भारत और इंग्लैंड तीसरे और चौथे- संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। दोनों के 50.00 प्रतिशत पाइंट परसेंटेज हैं। सीरीज में अभी 3 मैच बाकी है। श्रीलंका के खिलाफ एक ड्रा और एक हार के बाद बांग्लादेश 16.67 प्रतिशत पाइंट परसेंटेज के साथ पांचवें स्थान पर है। वेस्टइंडीज छठे स्थान पर-ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 मैच हारने के बाद वेस्टइंडीज 0 अंक के साथ छठे स्थान पर हैं। यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका- अभी तक डबल्यूटीसी 2025-27 साइकिल की शुरुआत नहीं की है। लाड्र्स में मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लाड्र्स में शुरू होगा। यह मुकाबला डब्ल्यूटीसी टेबल में शुरुआती रेस को और रोमांचक बना सकता है। जसप्रीत बुमराह की वापसी और कप्तान शुभमन गिल की शानदार फार्म से भारत को मजबूती मिलेगी। टीम का लक्ष्य होगा कि वे इस जीत की लय को बरकरार रखते हुए तीसरी बार डबल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने का।

खेल विशेष

## हम भारत को दबाव में नहीं ला सके: बेन स्टोक्स



**बर्मिंघम, वार्ता।** भारत से दूसरा टेस्ट हारने के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि उनकी टीम भारत को पूरी तरह दबाव में नहीं ला सकी। मैच के बाद स्टोक्स ने कहा कि इस मैच दो अहम पल थे। जब हमने उन्हें 200 पर 5 कर दिया था, तो हम उस स्थिति से काफी खुश थे। लेकिन वहां से उन्हें पूरी तरह दबाव में नहीं ला सके और फिर खुद 80 पर 5 हो जाना, फिर वहां से वापसी करना वाकई मुश्किल हो गया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का फ़ैसला लेने पर स्टोक्स ने कहा कि यह एक मुश्किल फ़ैसला था। जैसा कि मैंने कहा, जब आपने विपक्षी टीम को 200 पर 5 कर दिया हो, तो आप संतुष्ट रहते हो। लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता गया, हालात भारत के पक्ष में जाते गए। भारतीय तेज़ गेंदबाज़ों के असर को लेकर इंग्लिश कप्तान ने कहा कि मैं इसे कोई लचता की बात नहीं कहूंगा। हमने हर तरीका आजमाया, प्लान बदले, जो बन सका वो किया। लेकिन जब एक टीम आप पर हावी हो जाती है, तो लय वापस पाना मुश्किल होता है। और सामने की टीम वर्ल्ड क्लास है। शुभमन ने शानदार खेल दिखाया। ये एक कठिन मुकाबला रहा। दिन के अंत में बल्लेबाजी करना हमेशा मुश्किल होता है, खासकर एक लंबे दिन के बाद। स्टोक्स ने कहा कि 'थके हुए शरीर, थकी हुई सोच-लेकिन यही वो स्थिति है जिसका हमें फिर सामना करना होगा और इसके लिए तैयार रहना होगा।

## अल्काराज, सबालेंका विंबलडन का क्वार्टरफाइनल में प्रवेश

**● अल्काराज रुबलेव के खिलाफ सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 6-7, 6-3 व 6-4, -6-4 से जीते**

**लंदन, वार्ता।** गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने एंड्री रुबलेव और महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने एलिस मर्टेंस पर जीत दर्ज कर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। रविवार को खेले गये मुक. ाबले में स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी अल्काराज ने 14वीं वरीयता प्राप्त रुबलेव के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 6-7 (5), 6-3, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। 22 वर्षीय स्पैनियार्ड ने दूसरे और तीसरे सेट में महत्वपूर्ण ब्रेक पॉइंट को भुनाया और चौथे सेट में एक और ब्रेक के साथ मैच अपने नाम कर लिया। अब अगले दौर में अल्काराज का मुकाबला ब्रिटेन के कैमरून नोरी से होगा। नोरी ने पांच सेटों के मैराथन में चिली के निकोलस जैरी को 6-3, 7-6 (4), 6-7 (7), 6-7 (5), 6-3 से हराया। वहीं पांचवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्ट्रिज ने अपने सर्वश्रेष्ठ विंबलडन प्रदर्शन की बराबरी करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जब प्रतिद्वंद्वी जॉर्डन थॉम्पसन चोट के कारण 6-1, 3-0 से पिछड़ रहे थे। अगले दौर में फ्ट्रिज का मुकाबला रूस के कारेन खाचानोव से होगा। खाच. ानोव ने पोलैंड के कामिल माज. च्रजक को 6-4, 6-2, 6-3 से आसानी से हराया। महिला वर्ग में दुनिया की नंबर वन खिलाड़ी सबालेंका ने मर्टेनस की कड़ी चुनौती को पार करते हुए 6-4, 7-6 (4) से जीत दर्ज कर अंतिम आठ में जगह बनाई। छह वरीयता प्राप्त बेलारूस की सबालेंका का अगला मैच जर्मनी की लौरा सीजमंड से होगा।

# हम सभी की उम्मीदों पर खरे उतरे: गिल

**पिछले मैच के बाद जिन चीजों पर हमने चर्चा की थी इस बार हम उन सभी पर पूरी तरह खरे उतरे**



**बर्मिंघम, वार्ता।** इंग्लैंड पर 336 रन की विदेशी जमीन पर सबसे बड़ी जीत दर्ज करने वाले भारत के कप्तान शुभमन गिल ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अच्छा लगा कि हम सभी की उम्मीदों पर खरे उतरे। ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद भारत के कप्तान और प्लेयर ऑफ द मैच गिल ने कहा, षपिछले मैच के बाद जिन चीजों पर हमने चर्चा की थी, इस बार हम उन सभी पर पूरी तरह खरे उतरे।

जिस तरह से हमने गेंदबाजी और फील्डिंग के जरिए वापसी की, वो देखने लायक था। ऐसी पिच पर हमें पता था कि अगर हम 400-500 रन बना लेते हैं, तो वो काफी होंगे। हर मैच हेडिंग्ले जैसा नहीं होगा। गिल ने गेंदबाज़ों के प्रदर्शन के बारे में कहा कि वो शानदार थे। हमने जिस तरह से उनके टॉप ऑर्डर को तोड़ा, वह काबिल-ए-तारीफ़ था। यहां तक कि प्रसिद्ध कृष्णा को ज्यादा विकेट नहीं मिले, लेकिन उन्होंने भी जबरदस्त गेंदबाजी की। मैच में कुल 10 विकेट लेने वाले आकाश दीप पर गिल ने कहा कि उसने लगातार सही लेंथ पर गेंदबाज़ी की और गेंद को दोनों ओर स्विंग कराया, जो इस तरह की पिच पर आसान नहीं होता। वह हमारे लिए बेहतरीन साबित हुआ। अपने बल्लेबाजी प्रदर्शन पर प्लेयर ऑफ द मैच गिल ने कहा कि मैं अपनी बल्लेबाज़ी को लेकर बिल्कुल सहज महसूस कर रहा हूं, और अगर मेरी परफॉर्मेंस से टीम सीरीज जीत पाती है, तो इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। जैसे मैंने पहले भी कहा था, मैं एक बल्लेबाज के तौर पर खेलना चाहता हूं, बल्लेबाज के तौर पर ही मैदान पर उतरना चाहता हूं और फैसले भी उसी सोच के साथ लेना चाहता हूं। कई बार जब आप कप्तान की तरह सोचते हैं, तो कुछ जोखिम नहीं लेते, जो एक बल्लेबाज के तौर पर ज़रूरी होते हैं।

## सपाट पिच और ड्यूक्स बॉल इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट के सार को खत्म कर रहा है: शुभमन गिल

**बर्मिंघम, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि सपाट पिचों और ड्यूक्स गेंद का संयोजन इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट के सार को खत्म कर रहा है। इंग्लैंड को 336 रनों से हराने के बाद परिस्थितियों को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में गिल ने कहा कि गेंदबाजो के लिए यह बहुत मुश्किल हो जाता है। जब विकेट से भी ज्यादा, गेंद बहुत जल्दी नरम और खराब हो जाती है। मुझे नहीं पता कि यह क्या है मौसम, विकेट या कुछ और लेकिन गेंदबाजों के लिए इन परिस्थितियों में विकेट लेना बहुत कठिन हो जाता है। एक टीम के रूप में, जब आपको पता होता है कि विकेट लेना मुश्किल है और रन आसानी से बन रहे हैं, तो ऐसे में बहुत सी चीजें आपके नियंत्रण से बाहर हो जाती हैं। गिल ने एजबेस्टन में दो पारियों में 269 और 161 रन बनाने को लेकर कहा कि कभी-कभी, विशेषकर जब आप कप्तान होते हैं, तो मुझे लगता है कि आपको उदाहरण पेश करना होता है ताकि जब भी कोई दूसरा खिलाड़ी उस स्थिति में हो, तो आप उस खिलाड़ी को निर्देश दे सकें। 'यही टीम को अभी चाहिए और आपको हमेशा अपनी व्यक्तिगत इच्छाओं के बजाय टीम को पहले रखना चाहिए।' या कभी-कभी आप कुछ चीजे आजमाना चाहते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि अगर आप टीम को अपने से आगे रखते हैं, तो आप हमेशा सही दिशा में या सही रास्ते पर चलेंगे और यही मैं इस मैच में करना चाहता था। जब मैं मैदान पर हूं यथासंभव लंबे समय तक खेलना चाहता हूं। जब तक कोई अच्छी गेंद मुझे आउट कर देती है। भारत की बल्लेबाजी की पूरी ताकत को देखने के बाद गिल ने मजाक में कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि इंग्लैंड फिर से इतनी सपाट पिच बनाएगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें मध्य ओवरों के दौरान कुलदीप यादव की कलाई की स्पिन की कमी खलती है। उन्होंने कहा कि उनके लिए कुलदीप जैसी गुणवत्ता वाले गेंदबाज को बाहर रखना आसान नहीं था, लेकिन उन्हें लगा कि उन्हें थोड़ी गहराई की आवश्यकता है जो वॉशिंगटन सुंदर दे सकते थे और उन्होंने दी भी। भारत को इतने लंबे टेस्ट मैच खेलने की आदत नहीं है। घरेलू पिचों पर स्पिन को मदद मिलती है और जब भारत बाहर खेलता है तो उसे हरी घास वाली पिच मिलती है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इससे हमें बहुत मदद मिली। मैं कहूंगा कि भारत में जब हम खेलते हैं तो अधिकतर टेस्ट मैच पांच दिन तक नहीं चलते। लेकिन सौभाग्य से जब हम यहां खेलते हैं तो ज्यादातर दिन हम बल्लेबाजी करते हैं और क्षेत्ररक्षण नहीं करते, इसलिए यह हमारे लिए अच्छा है।

## बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज: श्रीलंका टीम की घोषित

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने गुरुवार से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाली तीन टी-20 मैचों की सीरीज में के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। श्रीलंकाई चयनकर्ताओं ने टीम ऑलराउंडर दासुन शनाका और चामिका करूणारत्ने को चुना है। दासुन शनाका लगभग एक साल बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। स्पिन विभाग को मजबूत करने के लिए प्रतिभाशाली डुनिथ वेलालेज को भी टीम में शामिल किया गया है। पिछले साल टी-20 में पदार्पण करने वाले 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अब तक केवल चार मैच खेले है। टीम में ईशान मलिंगा को भी जगह दी गई हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका की टीम घोषित की गई।

# प्रदर्शन कैंसर से लड़ रही बहन को समर्पित: आकाश

**● हर बार जब मैं गेंद लेता तो बहन के विचार और उसकी तस्वीर मेरे दिमाग में आ जाती**



**बर्मिंघम, वार्ता।** बर्मिंघम टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले आकाश दीप ने अपना प्रदर्शन कैंसर से लड़ रही अपनी बहन को डेडिकेट किया है। उन्होंने जीत के बाद कहा कि हर बार जब मैं गेंद लेता तो उसके विचार और तस्वीर मेरे दिमाग में आ जाती।

यह प्रदर्शन उसे समर्पित है। वे चेतेश्वर पुजारा से बात करते हुए इमोशनल हो गए। आकाशद. ीप ने कहा कि मैंने इस बारे में किसी से बात नहीं की है, लेकिन 2 महीने पहले मेरी बहन को कैंसर का पता चला था। वो मेरे प्रदर्शन से बहुत खुश होगी और उसके चेहरे पर मुस्कान आएगी। आकाश दीप ने पुजारा से अपने इमोशन कंट्रोल करते हुए कहा कि मैं उससे कहना चाहता हूं, बहन, हम सब तुम्हारे साथ हैं। आकाश दीप मैच के बारे में बात करते हुए आकाश दीप खुश थे, क्योंकि उन्होंने जो योजना बनाई, वे कारगर रहीं।

उन्होंने कहा कि मैंने लाड्र्स के लिए अपनी रणनीति के बारे में नहीं सोचा है, लेकिन यह यहां की रणनीति से बहुत अलग नहीं होगी।श आकाश दीप ने एजबेस्टन मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ 10 विकेट झटके थे।

## भारत की जीत में 7 अंक का रहा अहम योगदान

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बर्मिंघम में अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की और इस जीत में सात अंक का महत्वपूर्ण योगदान रहा। क्रिकेट के आंकड़ेविद् श्रीकांत पोद्दार ने बेंगलुरु से फोन पर 'यूनीवार्ता' को बताया कि इस जीत में सात अंकों की कहीं न कहीं प्रधानता दिखाई दी। यह मैच साल के सातवें महीने में खेला गया और इसका अंत 187वें दिन हुआ। पहली पारी में भारत ने 587 और दूसरी पारी में 427 रन बनाए। इंग्लैंड ने पहली पारी में 407 रन बनाए। पहली पारी में भारत के दो खिलाड़ी एक ही स्कोर पर आउट हुए। आठवां और नौवां विकेट 574 के स्कोर पर गिरा। इंग्लैंड के भी दो खिलाड़ी एक ही स्कोर पर आउट हुए। इंग्लैंड ने 407 के स्कोर पर नौवां और दसवां विकेट गंवाया। श्रीकांत ने बताया कि इस मैच की सबसे बड़ी साझेदारी 303 रन की रही जोकि 387 के स्कोर पर टूटी।

## युगांडा इंटरनेशनल टूर्नामेंट में यूपी की स्वाति-कनक ने लहराया भारत का परचम



**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ स्थित डॉ- शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की छात्रा स्वाति और कनक सिंह ने युगांडा पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट 2025 में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत का मान बढ़ाया है। स्वाति ने महिला एकल एसयू-5 वर्ग में रजत, महिला युगल एसएल3-एसयू5 में स्वर्ण और मिक्स्ड डबल्स में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं कनक सिंह ने महिला एकल एसएल-4 और महिला युगल वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। एक से छह जुलाई तक युगांडा की राजधानी कैंपाला में आयोजित इस प्रतियोगिता में 50 से अधिक देशों के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वाति और कनक की यह सफलता सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि योगी सरकार द्वारा तैयार किए गए दिव्यांगजन सशक्तिकरण मॉडल की सफलता है।

# विश्व बॉक्सिंग कप में भारत को 11 पदक

**जैस्मिन लंबोरिया, साक्षी और नुपुर ने जीते गोल्ड, 5 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कजाकिस्तान में संपन्न हुए वर्ल्ड बाक्सिंग कप में भारतीय बाक्सरों ने 11 मेडल जीते हैं। ओलिंपियन जैस्मिन लंबोरिया (57 किग्रा), साक्षी (54 किग्रा) और नुपुर (80+ किग्रा) ने अपने-अपने वेट कैटगिरी में गोल्ड मेडल जीता। इसके अलावा पांच बाक्सरों ने सिल्वर और तीन बाक्सरों ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। महिलाओं के 54 किग्रा फाइनल में दो बार की यूथ वर्ल्ड चैंपियन साक्षी ने अमेरिका की योसेलीन पेरेज को हराकर भारत के लिए पहला गोल्ड मेडल जीता। उन्हें सभी जजों की ओर से सर्वसम्मत निर्णय मिला। वहीं, पेरिस 2024 ओलिंपियन जैस्मिन लंबोरिया ने ब्राजील की दो बार की ओलिंपियन जुसीलन रोमेउ को 4-1 से हराया। जबकि भारतीय मुक्केबाज नुपुर ने कजाकिस्तान की येलदाना तालिपोवा को 5-0 से हराकर 80+ किग्रा वेट में गोल्ड मेडल जीता। नुपुर ने कजाकिस्तान की येलदाना तालिपोवा को 5-0 से हराकर 80+ किग्रा वेट में गोल्ड मेडल जीता। मीनाक्षी सहित 5 बाक्सरों को सिल्वर मीनाक्षी सहित 5 बाक्सरों को सिल्वर मेडल मिले। विमेंस के 48 किलो वेट के फाइनल में मीनाक्षी को कजाकिस्तान के बाक्सर नजिम किजाइबाय से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। नजिम किजाइबाय ओ. लिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं। मीनाक्षी के अलावा मेन्स के 85ज्ञह में जुगनू, 70ज्ञह के हितेश गुलिया और अभिनाश जमावल को 65ाह को सिल्वर मेडल मिले। वहीं, ओलिंपियन पूजा रानी ने विमेंस के 80ाह में दूसरे स्थान पर रहीं। जुगनू को कजाकिस्तान के बेकजाद नुरदाउलेटोव से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि पूजा रानी ऑस्ट्रेलिया की एसेटा फ्लिंट से 0-5 से हार मिली। हितेश को ब्राजील के काइअन ओलिवेरा ने 5-0 से हराया, जबकि जमवाल को यूरी फाल्काओ के खिलाफ 3-2 के करीबी फैसले से हार झेलनी पड़ी। एक विमन और दो मेन्स बाक्सर सेमीफाइनल में हारे वहीं, संजू (महिला 60 किग्रा), निखिल दुबे (पुरुष 75 किग्रा) और नरेंद्र (पुरुष 90+ किग्रा) ने सेमीफाइनल तक पहुंचकर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। भारत ने इस साल अप्रैल में ब्रा. जील में हुए पिछले वर्ल्ड बाक्सिंग कप में छह पदक जीते थे। उस समय भारतीय महिला मुक्केबाजों ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कारण भाग नहीं लिया था। मुक्केबाजों को इन दोनों प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग अंक मिलते हैं।

## धूमधाम से मना कैप्टन कूल धोनी का 44वां जन्मदिन



**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया को अपनी कप्तानी में 3 आईसीसी ट्रॉफी दिलाने वाले महेंद्र सिंह धोनी ने सोमवार को अपना 44वां जन्मदिन मनाया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें धोनी केक काटने से पहले दोस्तों से इजाजत लेते नजर आ रहे हैं। धोनी ने रांची स्थित अपने फार्महाउस पर करीबी दोस्तों के साथ बर्थडे सेलिब्रेट किया। वीडियो में दिख रहा है कि जैसे ही केक लाया जाता है, धोनी मुस्कराते हुए पूछते हैं, कट कर दूं? इस पर वहां खड़े एक दोस्त ने जवाब दिया श्हांश। इसके बाद धोनी ने अपने सभी दोस्तों को केक खिलाया।

## संजोग गुप्ता आईसीसी के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त

**दुबई, वार्ता।** संजोग गुप्ता को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। संजोग गुप्ता सोमवार को आईसीसी के सातवें मुख्य कार्यकारी के तौर पर इस वर्ष जनवरी में पद छोडने वाले ज्योफ एलार्डिस का स्थान लेंगे। इससे पहले संजोग जियोस्टार में खेल और लाइव अनुभव के मुख्य कार्यकारी अधिकारी थे। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने एक बयान में कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि संजोग गुप्ता को आईसीसी का सीईओ नियुक्त किया गया है। संजोग के पास खेल रणनीति और व्यावसायीकरण का व्यापक अनुभव है, जो आईसीसी के लिए अमूल्य होगा।

CMYK



# जनता के लिए कांग्रेस ही विकल्पः इमरान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस सांसद इमरान ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में सर्वसमाज को न्याय दिलाने के लिये कांग्रेस संघर्षरत है और कांग्रेस ही भाजपा का एकमात्र विकल्प है।

इमरान मसूद ने यह बात आज जिला कार्यालय पर एक विशेष कार्यक्रम में नवगठित जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकरियों को उनके मनोंनयन पत्र सौंपते हुए कही। उनहोंने जिला संगठन सृजन संयोजक प्रदीप कंसल, अब्दुल्ला आरिफ व महानगर संगठन सृजन संयोजक श्रीमती सपना सोम, ओम प्रकाश शर्मा, जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा व महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी के साथ नव मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र के साथ पार्टी का ध्वज व पदाधिकारियों के नाम वाली नेम प्लेट सौंपी। इमरान मसूद ने कहा कि आज की भाजपा सरकार जिस राह पर चल रही है वह संविधान को कमजोर करने वाला है, क्योंकि भाजपा की नीति 10 प्रतिशत लोगों को राज सौंपने और देश की बाकी 90 प्रतिशत जनसंख्या को गुलामी की ओर ढकेलने वाली है, जबकि कांग्रेस आर्थिक, राजनीतिक और सामा. जिक रूप से शोषित लोगों को न्याय दिलाने के लिए जातिगत आधारित जनगणना को लेकर संघर्ष कर रही है और यही राहुल गांधी का सपना है।




आज 63 पदाधिकारियों की सूची में विनय राणा को कोषाध्यक्ष, गणेश दत्त शर्मा को प्रवक्ता, नितिन शर्मा को संगठन प्रभारी, वरूण शर्मा को प्रशासनिक प्रभारी, दुष्यंत राणा को फ्रंटल संगठन प्रभारी, स.चंद्रजीत सिंह निक्कू, मोहम्मद फाजिल हसन, सोनू पठान, सचिन कंबोज, पवन कुमार, आरिफ खान, अक्षय चौधरी को उपाध्यक्ष, शाजिया नाज, प्रीतम सिंह सैनी को सदस्यता अभियान प्रभारी, नसीब खान, रणवीर सिंह, विजय शर्मा, इंदौर सिंह, संजय पवार, अजय त्यागी, सेवाराम, मुकेश राज कश्यप, राजपाल सिंह, श्रीमती रजनी जाटव को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। राजपाल सिंह, लाल सिंह, पंकज कंबोज, मोहनलाल, साजिद, विवेक चौधरी, मेघराज, अंकित कुमार, महेंद्र प्रजापति, विनोद रावत, हरविंदर सिंह, असगर आलम, अभय चौधरी, वंदना, प्रवेश कुमार, करम सिंह, मूनजीम गाढ़ा, मोहम्मद अली, मुस्तफिज, मुकेश चौधरी, राव अकील, शाहिद मलिक, अफसर, राकेश शर्मा, वसीम गाढ़ा, मुकेश कंबोज, ओमपाल, शहजाद उस्मानी, शाह आलम, निशी शर्मा, कुलवंत कौर, पल्लवी, शमा परवीन, पूनम, सुनीता देवी, सलमा, उर्मिला, अनीता रानी, शाहबाज आलम को जिला सचिव बनाया गया।

इसके अलावा सेठपाल (रामपुर मनिहारान), नानू सिंह कश्यप (देवबंद), नवाब अली (नकुड), राजकुमार (गंगोह), पवन राना (पुवारका), मोहम्मद गालिब (सरसावा), नवीद खान (ननौता), अबरार राव (मुजफ्फराबाद), रिजवान (बलिया खेड़ी), अंकित (नागल), हाशिम चौधरी (सढ़ौली कदीम) को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया।

हरिओम मिश्रा व अमरदीप जैन को महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सौरव भारद्वाज, नीरज कपिल, गुलशेर अल्वी, इकराम खान व यूनुस सिद्दीकी को उपाध्यक्ष, पंडित सुमन शर्मा, शमीम अहमद, मयंक शर्मा, रजा फरीद व खुर्शीद अहमद को महासचिव, विपिन कांत शर्मा, सुरेंद्र गुप्ता, घनश्याम पंत, जैल सिंह, श्रीमती उपमा सिंह, श्रीमती शर्मिष्ठा देवी, श्रीमती रेखा धीमान, श्रीमती रीना रानी, शाहीन बेगम, आसिफ खान, राकेश मोहन शर्मा, अनूप ठकराल, रफत अब्बास जैदी, जमाल अहमद, सहयोग सैनी, दर्पण त्यागी, रवि कुमार, शिवेंद्र लाल, आरिफ मंसूरी, अभिषेक सैनी, इरशाद प्रधान, आदिल अहमद, सरदार प्रभुजीत सिंह, युनुस अंसारी, अमित कुमार, विश्वकर्मा करण चौहान व बरकत अंसारी को सचिव बनाया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मेहरबान आलम, पूर्व प्रदेश सचिवगण अशोक सैनी, राहत खलील, सत्यम सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष जावेद साबरी, पीसीसी सदस्य नरेंद्र शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ रागिब अंजुम, काजी शौकत हुसैन, डॉ देवेंद्र कौशिक, सांसद प्रतिनिधि संदीप वर्मा, सुदेश प्रधान, गुल. बहार अहमद आदि सहित सभी नवनियुक्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 10 खनन माफियाओं पर बेहट पुलिस ने लगाई गैंगस्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** अंतर्राज्यीय खनन माफियाओं के खिलाफ कोतवाली बेहट पुलिस ने सख्त कार्यवाही की है। राजस्व और पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाने वाले दस खनन माफियाओं के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई है, जिससे खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा एक सुसंगठित गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए सरकारी और अन्य अनाधिकृत जमीनो पर अवैध खनन करके राजस्व व पर्यावरण को भारी हानि पहुंचाई है और इस गैंग द्वारा अपने आर्थिक व भौतिक लाभ के लिये उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 के अन्तर्गत अपराध किया है। इसलिए अनिल जाट पुत्र रणधीर निवासी लाकड माजरा बिलपुरा उर्फ भीलपुरा थाना प्रतापनगर जिला यमुनानगर (हरियाणा) सजाद उर्फ शहजाद गाडा पुत्र पकोडी उर्फ इरफान, काला उर्फ इसरार पुत्र जफरा निवासीगण मुस्लिम माजरी बिलपुरा उर्फ भीलपुरा थाना प्रतापनगर जिला यमुनानगर (हरियाणा), सचिन गुर्जर पुत्र निर्दोष निवासी गुर्जर माजरी बिलपुरा उर्फ भीलपुरा थाना प्रताप. नगर जिला यमुनानगर (हरियाणा), सन्नी पुत्र मांगाराम निवासी कन्यावाला थाना प्रतापनगर जिला यमुनानगर (हरियाणा), मांगाराम पुत्र जयसिंह निवासी ग्राम धौलरा थाना बेहट जनपद सहारनपुर, सुशील कुमार पुत्र देशराज निवासी जयधरी 81 थाना छछरौली जिला यमुनानगर (हरियाणा), विक्रम सिंह पुत्र भोपाल सिंह व सागर पुत्र विक्रम निवासी ग्राम टटोहल थाना बेहट जनपद सहारनपुर, तथा महेन्द्र पुत्र रोशनलाल निवासी खारवन की ठपरिया थाना सदर जगाधरी यमुनानगर (हरियाणा) के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई है। इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने बताया कि जिन लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा लिखा गया है उनको जल्द ही गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# सरकारी योजना से विवाह का झांसा देकर ठगी

**चिलकाना।** पीडित ने एक युवक द्वारा अपने आप को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का अधिकारी बताते हुए पीडित की बहन की शादी कराने के लिए सरक. ारी योजना का लाभ देने का लालच देकर उससे छः हजार रूपये ठगने का आरोप लगाया है।

कस्बा सुलतानपुर के मोहल्ला काजीमल निवासी एक युवक ने थाना पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि थाना क्षेत्र बेहट के गांव सलेमपुर निवासी एक युवक ने पीडित को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का अधिकारी बताते हुए उसकी बहन की शादी के लिए सरकारी अनुदान योजना का लाभ 55 हजार रूपये दिलाने की बात कही।

विपक्षी ने बताया कि वह सामूहिक विवाह योजना में अनुदान राशि पास करने के लिए अधिकारी है। बहन की शादी के लिए अनुदान राशि पास कराने के एवज में विपक्षी ने तेरह हजार रूपये की मांग की। जिसमें से छः हजार रूपये मौके पर ही दिये, बाकी रकम काम हो जाने के बाद दिये जाने का वायदा किया जिसके लिए विपक्षी ने तीन माह का समय मांगा, लेकिन एक वर्ष बाद भी पीडित को कुछ नही मिला।

# अयाज उस्मानी बने सपा संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** मशहूर सिंगर अयाज उस्मानी को समाजवादी पार्टी ने संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार व समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सोलंकी ने होनहार कलाकार अयाज उस्मानी को समा. जवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। अयाज उस्मानी ने देहात विधायक आशु मलिक, सपा अनुस. ूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राहुल भारती, सपा के प्रदेश सचिव इसरार चौधरी का धन्यवाद अदा किया।

# एचएमटी में शुरू अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अब जनपद में ही अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से हृदय की जांच कराई जा सकेगी। मरीजों को इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

बेहट रोड स्थित एचएमटी हॉस्पिटल का उद्घाटन शनिवार को सपा के देहात विधायक आशु मलिक, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी व विधायक उमर अली खान ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने कहा कि सेवा भाव से शुरू किया गया यह अस्पताल जनपद की आम जनता के लिए लाभकारी सिद्ध होगा और लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। चिकित्सालय के संस्थापक हाजी मोहम्मद तौसीफ ने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य सेवा करना है और जरूरतमंद



तथा गरीब रोगियों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। गंभीर रोगियों के लिए सुभारती अस्पताल में कम लागत पर इलाज की व्यवस्था भी की गई है। इस अवसर पर मेयर डा. अजय सिंह, पूर्व मंत्री सरफराज खान, डीपीसी चेयरमैन जावेद साबरी, हाजी एहसान कुरैशी, मौलाना फरीद, सपा जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद, हाजी नवाब अंसारी, हाजी तौसीफ सिद्दीकी, चौधरी सलीम सरसाव,। बिलाल सहारनपुरी, डॉ राव मजीद, इसरार चौधरी ,डॉक्टर अब्दुल कयूम साबरी, हाजी अब्दुल वफा, मुखिया हैदर, राव सिद्दीकी, पुष्पेंद्र कुमार, आदि भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दलित, पिछड़े व आदिवासियों के लिए फंड नहींः फरहाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** सपा वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाडा ने कहा कि जब कोई दलित, पिछड़ा या आदिवासी छात्र पढ़ना चाहता है तो तभी मोदी सरकार को बजट याद आता है।

उन्होने कहा कि नेशनल ओव. रसेस स्कालरशिप में चयनित 106 में से 66 वंचित छात्रों को सिर्फ इसलिए विदेश में पढ़ने की स्कॉलरशिप नहीं दी गई क्योंकि सरकार के पास "फंड नहीं" है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राओं, प्रचार और इवेंटबाजी पर हजारों करोड़ रुपये बेहि. चक खर्च किए जाते हैं। भाजपा व आरएसएस नेताओं के बच्चों को कहीं पढ़ने पर कोई अड़चन नहीं, मगर जैसे ही कोई बहुजन छात्र आगे बढ़ता है, पूरा सिस्टम अड़ंगा लगाने लगता है।

# डीआईजी अभिषेक ने सुनी समस्याएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शासन के आदेशों के क्रम में पुलिस महानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र, अभिषेक सिंह द्वारा परिक्षेत्र कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

जनसुनवाई के दौरान डीआईजी ने जनता की विभिन्न शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीआईजी अभिषेक सिंह ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से किया जाए, ताकि आमजन को न्याय मिल सके। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनकी शिकायतों को गंभीरता से लेकर संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराना पुलिस विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# 30 सितम्बर तक चलेगा राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान

**सहारनपुर।** जनपद न्यायालय में 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली, मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय, तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में सम्पूर्ण देश में संचालित हो रहा है।

अभियान का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को मध्यस्थता के माध्यम से शीघ्र निस्तारित करना है। अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा विवाद, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, सम्पत्ति बंटवारा, बेदखली और भूमि अधिग्रहण जैसे विभिन्न प्रकार के मामलों को मध्यस्थता केन्द्र, दीवानी कचहरी, सहारनपुर में सुलह हेतु संदर्भित किया जाएगा। जनपद न्यायाधीश तरुण सक्सेना के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव एवं अपर जिला जज प्रबोध कुमार वर्मा ने आमजन से अपील की है कि वे 01 जुलाई से 31 जुलाई 2025 के मध्य अपने सुलह योग्य प्रकरणों को मध्यस्थता के माध्यम से निपटाने हेतु प्रस्तुत करें, ताकि अधिकाधिक संख्या में लंबित वादों का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का यह प्रयास न्यायिक प्रक्रिया को सरल, सुलभ एवं कम खर्चीला बनाते हुए, आम जनता को शीघ्र न्याय दिलाने की दिशा में एक सार्थक पहल है।

# डिप्टी चीफ वार्डन बने हंस राज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नागरिक सुरक्षा विभाग सहारनपुर में लगभग 6 माह से रिक्त चल रहे डिप्टी चीफ वार्डन के पद पर जिलाधिकारी मनीष बंसल के अनुमोदन से डॉ हंसराज सैनी को स्टाफ अधिकारी से पदोन्नती कर डिप्टी चीफ वार्डन के पद पर नियुक्त कर दिया गया है।

डॉ हंसराज सैनी के डिप्टी चीफ वार्डन नियुक्त किए जाने पर नागरिक सुरक्षा विभाग के समस्त वार्डनो में खुशी की लहर है। चीफ वार्डन राजेश कुमार जैन और डिप्टी कंट्रोलर कश्मीर सिंह ने हंसराज सैनी को नियुक्ति पत्र देकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। डिप्टी चीफ वार्डन डॉ हंसराज सैनी के आवास पर बधाइयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। सिविल डिफेंस के सभी वार्डनो ने हंसराज सैनी के डिप्टी चीफ बनने पर मिठाई खिलाकर खुशी जताई है। डिप्टी चीफ वार्डन नियुक्त होने पर डॉ हंसराज सैनी ने कहा कि सिविल डिफेंस कंट्रोलर जिलाधिकारी मनीष बंसल और डिप्टी कंट्रोलर ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है। वे उसका पालन ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगे। इस मौके पर डिप्टी कंट्रोलर कश्मीर सिंह , चीफ वार्डन राजेश जैन, असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर दिनेश कुमार, स्टाफ अधिकारी अशोक कुमार सैनी, वसीम अख्तर, देवेन्द्र बंसल, डॉ जगजीवन सिंह राठौर, डॉ डी सी धीमान, डॉ मेहरबान अंसारी, राकेश जैन, पवन सिघल, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद वसीम, देवेंद्र बंसल, सरफराज खघन, समेत सैकड़ों वार्डन शामिल रहे थे।

# कब्जों की शिकायत पर की पैमाइश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेडी।** ब्लॉक बलियाखेड़ी के गांव नन्हेड़ा गाजी में तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर भुराजस्व विभाग की टीम गांव में पहुंची और मौके पर नापतोल की है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को गांव नन्हेड़ा गाजी में तालाब पर अवैध कब्जा कर रास्ता बनाने की सूचना पर भुराजस्व विभाग की टीम ने गांव नन्हेड़ा गाजी पहुँच कर मापतोल की है।एक और तालाबों पर अतिक्रमण को लेकर योगी सरकार गंभीर है वही दबंग तालाब पर कब्जा कर रहे है। शिकायतकर्ता मुन्फेत ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव के कुछ लोगों ने गांव के प्रधान के साथ मिलकर गांव के तालाब पर कब्जा करते हुए तालाब की भूमि पर मिट्टी पाट कर रास्ता बना दिया है।जिससे पानी की निकासी भी बन्द हो गई है।

# पार्षद टिंकू के ज्ञापन से निगम में हड़कम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा नगर विधानसभा प्रभारी एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा द्वारा एक ही परिवार के एक से अधिक लोगों द्वारा एक ही टेंडर में भागेदारी का ज्ञापन दिये जाने के बाद तीन सदस्यों की जांच कमेटी बनाई गई है।

जांच कमेटी में अपर नगरआयुक्त मृत्युंजय, मनोज त्रिपाठी, अजमेन शामिल रहेंगें। इस संबंध में मेयर डा.अजय सिंह द्वारा भी प्रबंधक जलकल अनुभाग नगर निगम को बिंदुवार आख्या समस्त पत्रावलियों की जांच और अनुभव प्रमाण पत्रों की करके एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। टिंकू अरोडा ने बताया कि जलकल अनुभाग नगर निगम में एक व्यक्ति जिसकी तीन फॉर्म में एक ही परिवार के सदस्यों की चल रही हैं और तीनों एक ही परिवार के पति पत्नी और पुत्र है और तीनों फर्मो का संचालन उक्त व्यक्ति के द्वारा किया जा रहा है। अपनी मजबूत साठगांठ के चलते हुए अधिशासी अभियंता जलकल अनुभाग नगर निगम से एक फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र बनवाकर करोड़ों रुपए के मिनी पंप के 13 टेंडरो में भागीदारी की और जलविभाग उत्तर प्रदेश के दो बड़े पंप के टेंडर में भी भागीदारी की और यह फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र अधिशासी अभियंता द्वारा प्रमाणित कर के दिया गया। उन्होंने बताया कि उक्त व्यक्ति तीनों फर्मो का संचालन लगातार जलकल अनुभाग नगर निगम में कर रहा है और एक ही ऑफिस से तीनों का संचालन कर रहा है।अधिशासी अभियंता जलकल अनुभाग नगर निगम को लाभान्वित करके प्रत्येक टेंडर में मनचाही शर्तें डलवाने का काम करता है जिससे अन्य लोग टेंडरो में भागीदारी नहीं कर सकते। पिछले तीन वर्षों में जलकल अनुभाग नगर निगम में होने वाले कार्यों में 70 प्रतिशत में भागीदारी कर चुका है और मेयर व नगर आयुक्त का भी भ्रष्टाचार करते हुए किसी प्रकार का डर नहीं मानता। टिंकू अरोडा ने कहा कि उक्त व्यक्ति धन बल के आधार पर अधिकारियों में साठगांठ बनाकर पूरा भ्रष्टाचार मचा रहा है और अपनी मजबूत साठगांठ के चलते हुए ही 28 जून 2025 से जांच के आदेश हुए हुए हैं लेकिन जांच कमेटी जांच को पेंडिंग डाल रखा है क्योंकि जब जांच होगी तो सत्यता सामने आने से उक्त व्यक्ति के खिलाफ ब्लैक लिस्ट के साथ वैधानिक कार्रवाई भी अमल में लानी पड़ेगी लेकिन आज की सरकार में ऐसे व्यक्तियों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हो पा रही यह एक बड़ा प्रश्न है।

# मुठभेड़ में एक लाख का ईनामी अरेस्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ में एक लाख के इनामी बदमाश को पुलिस ने अरेस्ट किया है। वहीं, दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने उनकी तलाश में कांबिंग की। बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगी है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के पास से अवैध पिस्टल, कारतूस और बिना नंबर की बाइक बरामद हुई है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि देर रात को थाना गागलहेड़ी प्रभारी अपनी टीम के साथ कोलकी टोल प्लाजा हाईवे पुल के पास संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान यमुनानगर (हरियाणा) की ओर से बिना नंबर की काली स्प्लेंडर बाइक पर सवार तीन संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस को देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी और खजुरी-अकबरपुर रोड की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया। भागते हुए बदमाशों में से एक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। काउंटर फायरिंग में पुलिस की गोली उसके दोनों पैरों में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। उसे अरेस्ट कर लिया। वहीं उसके दो अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की तरफ भाग गए। पुलिस की टीम उनकी तलाश में लगातार कॉम्बिंग की। लेकिन उनका पता नहीं लगा। गिरफ्तार बदमाश की पहचान अरमान उर्फ सिप्पी पुत्र जकशीर निवासी ग्राम चौटाला थाना डबाली सदर, जिला सिरसा (हरियाणा) के रूप में हुई है। फिलहाल वो नरेंद्र होम्स थाना सिंगरिया, जिला हनुमानगढ़ (राजस्थान) में रह रहा था। घायल बदमाश को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# एससी एसटी शिक्षकों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परिषदीय विद्यालयों को मर्ज व पेयरिंग किये जाने के विरोध में आज एससी एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने जुलूस निकाल कलैक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।




प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर एसोसिएशन से जुडे शिक्षक आज हकीकत नगर धरना स्थल पर एकत्रित हुए और वहां से जिलाध्यक्ष राकेश नौटियाल के नेतृत्व में जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए कलैक्ट्रेट पहुंचे। राकेश नौटियाल ने कहा कि शासन द्वारा मर्ज व पेयरिंग किये जाने संबंधी आदेश में शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लंघन होता है, क्योंकि शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 में बच्चों के बुनियादी शिक्षा के लिये अनिवार्य एवं निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है। जिसमें एक किलोमीटर दूरी पर प्राथमिक विद्यालय व 3 किलोमीटर की दूरी पर उच्च प्राथमिक विद्यालय खोले जाने की व्यवस्था की गई है। यदि विद्यालयों को मर्ज या पेयरिंग किया गया तो छोटे बच्चों के लिये दूर के विद्यालयों तक पहुंचना मुश्किल हो जायेगा। जिला महामंत्री विक्रम सिंह व जिला कोषाध्यक्ष विरेंद्र सिंह ने सरकार से इस निर्णय को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों को शिक्षक नेता रजनीश सहगल, सीताराम सहगल ने भी संबोधित किया।

प्रदर्शन जुलूस में मानसिंह बर्मन, श्वेता रानी, ममता सिंह, कुंवर सिंह बर्मन, पदम सैन, संजय कुमार, सुशील कुमार, रोकी नौटियाल, धर्मसिंह, करम सिंह, करण सिंह, ताहरी सिंह, नवीन कुमार, बाबूराम, चंचल सिंह, अनिल कुमार, प्रमोद नौटियाल, अनुपमा, सोनिया सहगल, देवेंद्र कुमार, सचिन कुमार, सोनी कुमार, कमल किशोर, गौरव वर्मा, सुशील सहगल, वीरपाल सिंह, अखिलेश कुमार, सुशील कुमार, नरेंद्र कुमार, अमित कुमार, पंकज सिंह, रणजीत सिंह, डा.विश्वास, अंकुश कुमार, सुशील कुमार, सुधीर कुमार, जितेंद्र कुमार, रजनीश कुमार, गुलशन कुमार, मुकेश कुमार आदि समेत भारी संख्या में शिक्षक शामिल रहे। शिक्षकों के इस आंदोलन को राष्ट्रीय मध्यान्ह भोजना रसोइया फ्रंट ने भी अपना समर्थन दिया और प्रदर्शन में शामिल हुई।

# ताजियों के साथ जुलूस निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नवासा-ए-रसूल हजरत इमाम हुसैन के शहादत दिवस योम-ए-आशुरा पर सोगवारों ने गमगीन माहौल में ताजियों का जुलूस निकाला और सीनाजनी कर अपने आपको को लहूलुहान कर डाला।

ताजियों का जुलूस सर्राफा बाजार स्थित पुराने डाकखाने के सामने मस्जिद के बाहर से शुरु हुआ। मातमी जलूस की शुरुआत पूर्व चेयरमेन काजी नोमान मसूद की दस्तारबंदी के साथ हुई। दस्तारबंदी जुलूस इंचार्ज मोहम्मद मुस्तफा ने की। जुलूस जवाहर गंज, पेंठ बाजार, मोहम्मद गौरी चौक, कानून गोयान व ईशरा से होते हुए निकाला गया। मातमी जुलूस में हलवाना, साकरोर, नानौता व लखनौती आदि स्थानों से आए मातमी काफिलों ने भाग लिया। जुलूस में शामिल अखाड़ों ने करतब दिखाए।

# मंदिर के वार्षिकोत्सव पर निकाली यात्रा



**सहारनपुर।** प्रभु श्री राम मंदिर सेवा समिति जनक नगर द्वारा प्रभु श्री राम मंदिर का वार्षिकोत्सव बहुत धूमधाम के साथ मनाया गया।

वार्षिकोत्सव के मौके पर सुंदर मंगल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, जानकी माता, भगवान हनुमान, शंकर पार्वती, राधा कृष्ण आदि की सुंदर मनमोहक झांकियां शामिल रही। साथ ही 31 महिलाओं द्वारा शुभ मंगल कलश लेकर यात्रा में विश्व मंगल की कामना की गई। मंगल कलश यात्रा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंगल कलश यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान मंदिर के पुजारी पंडित कृष्णकांत शास्त्री, मंदिर समिति अध्यक्ष भूपेंद्र भारद्वाज के साथ सभी पदा. धिकारी व क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

CMYK

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 8 जुलाई 2025

# आतंकवाद की निंदा

अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत अब अपनी बात को प्रभावशाली तरीके से रख पा रहा है। उसका असर भी दिखाई दे रहा है। पहले क्वाड और अब ब्रिक्स देशों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है। ब्राजील के लियो डी जेनेरियो में 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने रविवार देर रात को 31 पेज और 126 प्वाइंट वाले एक घोषणा पत्र में पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजरायली हमले की कड़ी निंदा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में अपने संबोधन में ठीक ही कहा है कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है और आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं।

पीएम मोदी ने साफ किया कि ब्रिक्स देशों की अलग-अलग सोच और बहुध्रुवीय दुनिया में भरोसा ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। जाहिर है पीएम मोदी ने अप्रत्यक्ष रूप से उन देशों को चेताया, जो अपनी सुविधा के अनुसार आतंकवाद की व्याख्या करते हैं और उनका बचाव करते हैं। हालांकि सभी सार्वजनिक मंच पर यह कहते हुए दिखाई देते हैं, वह आतंकवाद के खिलाफ हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई इसके उलट है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बहसो में हम देख चुके हैं कि चीन ने किस तरह पाक में संरक्षण पा रहे आतंकवादियों का बचाव किया है। यही काम अमेरिका भी करता है। मतलब बड़ी ताकतें अपने-अपने नजरिये से आतंकवाद को देखती हैं। इसी तरफ पीएम मोदी ने यह कहकर इशारा किया है कि आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए सुविधा नहीं। यूं भी देखने में आ रहा है कि क्वाड हो या ब्रिक्स, उसमें आतंकवाद की निंदा तो की गई है, पहलगाम का भी जिक्र किया गया है, लेकिन पाकिस्तान का नाम लेने से सीधे बचा गया है, जबकि भारत का स्टैंड स्पष्ट रहा है कि भारत में जो आतंकवादी घटनाएं होती हैं, उसके पीछे पाक का सीधे हाथ है।

भारत 2026 में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने जा रहा है। निश्चित रूप से भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है। ब्रिक्स में और भी कई बातें देखने को मिलीं। जिसके घोषणा पत्र में कहा गया है कि किसी भी देश पर एकतरफा प्रतिबंध लगाना पूरी तरह गलत है और यह अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। एकतरफा टेरिफ के फैसलों पर भी चिंता जताई गई है और कहा गया कि यह विश्व व्यापार संगठन नियमों के खिलाफ है। घोषणा पत्र में पारदर्शी और समावेशी ट्रेड का समर्थन किया गया है जिसमें विकासशील देशों से बिना भेदवभाव के व्यापार शामिल है। घोषणा पत्र में धर्म, देश और सभ्यता या जाति समूह से आतंकवाद को जोड़ने का इन्कार किया गया है। बात सही भी है, आतंकवाद का किसी धर्म से लेना-देना नहीं है और न ही इसका कोई रूप है, लेकिन असल सवाल यह है कि ब्रिक्स के घोषणा पत्र में निंदा की गई है क्या वह काफी है। केवल आतंकवाद पर निंदा करने से कुछ नहीं होने वाला। जब तक सभी देश वास्तव में जमीन पर इसके लिए काम नहीं करेंगे और जो देश व समूह उनको संरक्षण देंगे, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक अच्छे परिणाम नहीं आएंगे।


## नहीं बताऊंगा, मैं कैसा महसूस करता हूं



उनका सामान पैक कर दिया गया है। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जल्द ही दूसरे सरकारी आवास में चले जाएंगे, जिसका खर्च वह खुद वहन करेंगे, मैं आपको नहीं बताऊंगा कि मैं कैसा महसूस करता हूं, लेकिन आप खुद कल्पना कर सकते हैं कि मैं इसके बारे में कैसा महसूस कर रहा हूं, हम दो बच्चों, प्रियंका और माही के माता-पिता हैं, वे खास बच्चे हैं और उनकी विशेष जरूरतें हैं, उन्हें नेमालाइन मायोपैथी नाम की एक बीमारी है, आप जानते हैं, यह एक बहुत ही दुर्लभ आनुवांशिक विकार है, जो मांसपेशियों को प्रभावित करता है, अब यह शायद कुछ दिनों की बात है या कुछ दिनों की नहीं, बल्कि शायद अधिक से अधिक कुछ हफ्तों की।

**-डीवाई चंद्रचूड, पूर्व मुख्य न्यायाधीश**

# महाराष्ट्र में भाषा विवाद चिंता का विषय



विनीत नारायण



**मेरी दृष्टि में भारत में जितनी भाषाएं बोली जाती हैं, सब राष्ट्रभाषाएं हैं। उनको समान आदर उपलब्ध होना चाहिए। किसी एक भाषा का साम्राज्य दूसरी भाषाओं पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, वह भाषा चाहे हिंदी हो और चाहे कोई और हो। कोई कारण नहीं है कि तमिल, तेलगू, बंगाली या गुजराती को हिंदी दबाए, लेकिन गांधी जी के कारण कुछ बीमारियां इस देश में छूटीं, उनमें एक बीमारी हिंदी को राष्ट्रभाषा का वहम देने की भी है। हिंदी को यह अहंकार गांधी जी दे गए कि वह राष्ट्रभाषा है। तो हिंदी प्रांत उस अहंकार से परेशान हैं और वह अपनी भाषा को पूरे देश पर थोपने की कोशिश में लगे हुए हैं। हिंदी का साम्राज्य भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है, तो किसी भाषा का नहीं किया जा सकता हैं।**

भाषा संवाद के लिए होती है, झगड़े उपद्रव के लिए नहीं। झगड़े उपद्रव के लिए लठबाजी, गोलीबारी होती है। गले लगा लो तो बिना भाषा के भी संवाद हो जाता है। राष्ट्र में महाराष्ट्र का होना गौरव और गरिमा की बात है। महाराष्ट्र की उत्कृष्ट सभ्यता संस्कृति है। इसे क्षुद्र स्तर पर न ले आने के लिए हम सजग सावधान रहें, तो इसकी सभ्यता-संस्कृति पूरे विश्व में जगमगाती रहेगी।

मराठी-गुजराती-हिंदी-अंग्रेजी की यहां सब नदियां एक ही महासागर से जुड़ी हैं। इसलिए यहां संकीर्णता नहीं, उदारता ही प्रवाहमान होती है। सभ्यता-संस्कृति का दीप-स्तम्भ बनती है। यह कहना है स्वामी चौतन्य कीर्ति का। इस विषय में ओशो क्या कहते हैं- एक मित्र ने पूछा है कि क्या भारत में कोई राष्ट्रभाषा होनी चाहिए? यदि हां, तो कौन सी? राष्ट्रभाषा का सवाल ही भारत में बुनियादी रूप से गलत है। भारत में इतनी भाषाएं हैं कि राष्ट्रभाषा सिर्फ लादी जा सकती है और जिन भाषाओं पर लादी जाएगी उनके साथ अन्याय होगा। भारत में राष्ट्रभाषा की कोई भी जरूरत नहीं है। भारत में बहुत सी राष्ट्रभाषाएं ही होंगी और आज कोई कठिनाई भी नहीं है कि राष्ट्रभाषा जरूरी हो। रूस बिना राष्ट्रभाषा के काम चलाता है तो हम क्यों नहीं चला सकते? आज तो यांत्रिक व्यवस्था हो सकती है संसद में, बहुत थोड़े खर्च से, जिसके द्वारा एक भाषा सभी भाषाओं में अनुवादित हो जाए, लेकिन राष्ट्रभाषा का मोह बहुत महंगा पड़ रहा है। भारत की प्रत्येक भाषा राष्ट्रभाषा होने में समर्थ है इसलिए कोई भी भाषा अपना अधिकार छोड़ने को राजी नहीं होगी, होना भी नहीं चाहिए, लेकिन यदि हमने जबर्दस्ती किसी भाषा को राष्ट्रभाषा बना कर थोपने की कोशिश की तो देश खंड-खंड हो जाएगा। आज देश के बीच विभाजन के जो बुनियादी कारण हैं उनमें भाषा एक है। राष्ट्रभाषा बनाने का खयाल ही राष्ट्र को खंड-खंड में तोड़ने का कारण बनेगा। अगर राष्ट्र को बचाना हो तो राष्ट्रभाषा से बचना पड़ेगा और अगर राष्ट्र को मिटाना हो तो राष्ट्रभाषा की बात आगे भी जारी रखी जा सकती है।

मेरी दृष्टि में भारत में जितनी भाषाएं बोली जाती हैं, सब राष्ट्रभाषाएं हैं। उनको समान आदर उपलब्ध होना चाहिए। किसी एक भाषा का साम्राज्य दूसरी भाषाओं पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, वह भाषा चाहे हिंदी हो और चाहे कोई और हो। कोई कारण नहीं है कि तमिल, तेलगू, बंगाली या गुजराती को हिंदी दबाए, लेकिन गांधी जी के कारण कुछ बीमारियां इस देश में छूटीं, उनमें एक बीमारी हिंदी को राष्ट्रभाषा का वहम देने की भी है। हिंदी को यह अहंकार गांधी जी दे गए कि वह राष्ट्रभाषा है। तो हिंदी प्रांत उस अहंकार से परेशान हैं और वह अपनी भाषा को पूरे देश पर थोपने की कोशिश में लगे हुए हैं। हिंदी का साम्राज्य भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है, तो किसी भाषा का नहीं किया जा सकता हैं। सिर्फ संसद में हमें यांत्रिकव्यवस्था करनी चाहिए कि सारी भाषाएं अनुवादित हो सकें और वैसे भी संसद कोई काम तो कोई करती नहीं है कि कोई अड़चन हो जाएगी। सालों तक एक-एक बात पर चर्चा चलती है, थोड़ी देर और चल लेगी तो कोई फर्क नहीं होने वाला है। संसद कुछ करती हो तो भी विचार होता कि कहीं कार्य में बाधा न पड़ जाए। कार्य में कोई बाधा पड़ने वाली नहीं मालूम होती हैं। फिर मेरी दृष्टि यह भी है कि यदि हम राष्ट्रभाषा को थोपने का उपाय न करें तो शायद बीस पच्चीस वर्षों में कोई एक भाषा विकसित हो और धीरे-धीरे राष्ट्र के प्राणों को घेर ले। वह भाषा हिंदी नहीं होगी, वह भाषा हिंदुस्तानी होगी। उसमें तमिल के शब्द भी होंगे, तेलगू के भी, अंग्रेजी के भी, गुजराती के भी, मराठी के भी। वह एक मिश्रित नई भाषा होगी जो धीरे-धीरे भारत के जीवन में से विकसित हो जाएगी, लेकिन अगर कोई शुद्धतावादी चाहता हो कि शुद्ध हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाना है तो यह सब पागलपन की बातें हैं। इससे कुछ हित नहीं हो सकता है। यह तो थी ओशो की सोच।

महाराष्ट्र, एक ऐसा राज्य है जो अपनी सांस्कृतिक समृद्धि और मराठी भाषा के लिए जाना जाता है, आज भाषा विवाद के कारण चर्चा में है। मराठी, जो इस राज्य की आत्मा है, न केवल एक भाषा है, बल्कि महाराष्ट्र की पहचान, इतिहास और गौरव का प्रतीक भी है। हाल के वर्षों में, मराठी भाषा के उपयोग और सम्मान को लेकर कई विवाद सामने आए हैं, जो सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर तनाव का कारण बन रहे हैं। महाराष्ट्र में मराठी को प्राथमिकता देने की मांग लंबे समय से चली आ रही है। विशेष रूप से मुंबई जैसे महानगरों में, जहां विविधता अपनी चरम सीमा पर है, मराठी भाषा को कई बार उपेक्षित महसूस किया जाता है। गैर-मराठी भाषी समुदायों की उपस्थिति और वैश्वीकरण के प्रभाव ने मराठी के उपयोग को कुछ हद तक सीमित किया है। यह स्थिति स्थानीय लोगों में असंतोष को जन्म देती है, जो अपनी भाषा और संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, साहित्य और परंपराओं का वाहक भी है। मराठी साहित्य, जिसमें संत ज्ञानेश्वर से लेकर आधुनिक लेखकों तक का योगदान शामिल है, जो विश्व स्तर पर अपनी गहराई के लिए जाना जाता है। फिर भी, सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर मराठी के उपयोग में कमी देखी जा रही है। यह स्थिति मराठी भाषी समुदाय के लिए चिंता का विषय है। राज्य सरकार ने मराठी को अनिवार्य करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं, जैसे स्कूलों में मराठी पढ़ाई को बढ़ावा देना और सरकारी कार्यों में इसका उपयोग सुनिश्चित करना, लेकिन इन प्रयासों को और प्रभावी करने की आवश्यकता है। साथ ही, मराठी के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक जागरूकता भी जरूरी है। गैर-मराठी भाषी लोगों को भी मराठी सीखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि सामाजिक एकता मजबूत हो।

मराठी भाषा या देश की अन्य भाषा का संरक्षण केवल एक राज्य की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हमारी साझा सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है। विवादों को सुलझाने के लिए संवाद और सहयोग जरूरी है। मराठी व अन्य भाषाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए हमें एकजुट होकर प्रयास करना होगा, ताकि सभी भाषाएं अपनी गरिमा और गौरव के साथ फलती-फूलती रहें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पहला परजीवी कीट जो आज तक हमारे साथ है

**खटमल तो हमारा खून तब से चूसते आ रहे हैं जब हमारे पूर्वज बस्तियां बनाकर रहने लगे थे। वैसे कई शोधकर्ताओं का मत है कि खटमल को यह खिताब देने से पहले यह समझना होगा कि कई अन्य जंतुओं को लेकर ऐसे अध्ययन हुए ही नहीं हैं। कुछ खटमल चमगादड़ों से खून ग्रहण करते हैं, जबकि कुछ मनुष्यों से अपना खून चूसते हैं।**




हमें रेल्वे स्टेशनों पर मंडराते चूहे या घर की रसोई में विचरते कॉकरोच तो खूब नजर आते हैं और हम मान लेते हैं कि ये शहरी नाशी-कीटों में सर्वोपरि हैं, लेकिन हाल ही में बायोलॉजी लेटर्स में प्रकाशित एक अध्ययन कहता है कि इन सबसे पहले खटमल ने शहरी बस्तियों को त्रस्त किया था। जी हां, वही खटमल जो ट्रेन की सीटों में, टॉकीजों में और घरों के बिस्तरों में रहता है और खून चूसता है।

खटमलों की कई प्रजातियां हम पर आश्रित हैं और उनका जीवन हमारा खून पीकर ही चलता है, लेकिन जेनेटिक साक्ष्य बताते हैं सुदूर अतीत में खटमलों का पसंदीदा या शायद एकमात्र शिकार चमगादड़ हुआ करते थे। जेनेटिक प्रमाण यह भी बताते हैं कि लगभग 2 लाख 45 हजार वर्ष पूर्व कुछ खटमलों ने छलांग लगाकर मनुष्यों को अपना पोषक बना लिया। कहते हैं कि इस छलांग के चलते खटमलों के दो वंश उभरे थे, एक जो चमगादड़ों का खून चूसते रहे और मुख्य रूप से गुफाओं तथा यूरोप और मध्य पूर्व के प्राकृत वासों में बसे रहे। दूसरे वंश ने आधुनिक बस्तियों में मनुष्य को साथी बनाया। इस प्रक्रिया को समझने के प्रयास में वर्जीनिया पोलीटेक्निक इंस्टिट्यूट के जीव वैज्ञानिक वॉरेन बूथ और उनके साथियों ने चेक गणतंत्र में रहने वाले आम खटमलों की 19 किस्मों (10 चमगादड़ों का खून चूसने वाले और 9 पूर्णतः मनुष्यों पर आश्रित) के संपूर्ण जीनोम्स का विश्लेषण किया। इन दो समूहों के डीएनए में हुए उत्परिवर्तनों की तुलना की और यह मॉडलिंग किया इस तरह के परिणाम आने के लिए प्रत्येक समूह की आबादी कितनी रही होगी। इस आधार पर बूथ समूह ने अनुमान लगाया कि प्रत्येक खटमल किस्म की आबादी में दसियों हजार सालों में कैसे उतार-चढ़ाव आए होंगे। उन्होंने पाया कि चमगादड़-सम्बंधी खटमलों की आबादी 60,000 सालों तक निरंतर घटती गई जबकि मानव सम्बंधी वंशों की आबादी भी 60,000 साल पहले घटी थी, लेकिन 13,000 साल पहले और 7000 साल पहले यह फिर से बढ़ी थी। इस परिवर्तन के कारण के तौर पर बूथ की टीम का मत है कि ठंडी होती जलवायु ने खटमलों की आबादी में शुरुआती गिरावट पैदा की, लेकिन जब मनुष्य घुमंतू जीवन शैली छोड़कर बसने लगे तो खटमलों ने नए आरामदायक जीवन का फायदा उठाया और उनकी आबादी बढ़ी। और 7000 साल पहले तो बड़ी शहरी बस्तियों के विकास ने उन्हें एक और मौका दे दिया। यदि यह कालक्रम सही है, तो खटमल को दुनिया का सबसे पहला शहरी नाशी-कीट होने का खिताब मिलेगा, जो पूरी तरह मनुष्यों पर आश्रित हैं। तुलना के लिए देखें कि कॉकरोच ने हमसे निकट सहवासी सम्बंध मात्र 2000 साल पहले तथा काले चूहे ने मात्र 5000 साल पहले स्थापित किया है।

**-स्रोत फीचर्स**

# महिला एवं बाल विकास में तकनीकी परिवर्तन का एक दशक



अन्नपूर्णा देवी

सशक्तिकरण की शुरुआत पहुंच-अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुंच से होती है। बीते दशक में, अधिक समावेशी और डिजिटल रूप से सशक्त भारत का निर्माण करने पर केंद्रित सरकार की प्रतिबद्धता के माध्यम से इस पहुंच को नए सिरे से परिभाषित किया गया है और सभी के लिए सुलभ बनाया गया है।



महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस परिवर्तन में सबसे अग्रणी रहा है। हम अक्सर कहते हैं सशक्त महिलाएं, सशक्त भारत और सशक्तिकरण की शुरुआत पहुंच-अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुंच से होनी चाहिए। आज यह पहुंच तेजी से डिजिटल होती जा रही है। जो कभी आकांक्षापूर्ण था, वह अब क्रियाशील बन चुका है। ऐसा सरकार द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रियल-टाइम डेटा सिस्टम और उत्तरदाई शासन पर जोर दिए जाने की बदौलत संभव हुआ है। मंत्रालय ने देखरेख, संरक्षण और सशक्तीकरण पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करते हुए-पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक अधिकारों तक पहुंच को मजबूत किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं और बच्चे न केवल अधिक स्वस्थ, अधिक सुरक्षित जीवन जी सकें, बल्कि वे आत्मविश्वासी नेतृत्वकर्ता और अमृत काल के परिवर्तनकर्ता के रूप में भी उभर सकें। इस परिवर्तन की आधारशिला सक्षम आंगनवाड़ी पहल है। भारत भर में 2 लाख से ज्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए निरूपित यह कार्यक्रम बाल्यावस्था देखरेख और विकास की अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है। पोषण, स्वास्थ्य सेवा और पूर्व-विद्यालई शिक्षा सेवाओं की ज्यादा प्रभावी प्रदायगी संभव बनाते हुए इन केंद्रों को स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल डिवाइस और नए-नए लर्निंग टूल्स के साथ अपग्रेड किया जा रहा है। देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पोषण ट्रैकर के साथ एकीकृत करने से रियल-टाइम डेटा एंट्री, कार्य निष्पादन की निगरानी और साक्ष्य-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो पाया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और व्यापक प्रशिक्षण से लैस करके, यह पहल अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करती है। यह 2014 से पहले मौजूद मैनुअल रिकॉर्ड-कीपिंग और डेटा ब्लाइंड स्पॉट से एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। एक दशक पहले, आईसीडीएस प्रणाली असंबद्ध डेटा, विलंबित प्रतिक्रियाओं और रियल-टाइम ट्रैकिंग की कमी से दबी हुई थी। पोषण ट्रैकर ने-पोषण सेवा प्रदायगी में सटीकता, दक्षता और जवाबदेही की शुरुआत कर इस परिदृश्य को बदल दिया है ।

10.14 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी अब इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं, जिनमें गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली माताएं, छह साल से कम उम्र के बच्चे और किशोरियां शामिल हैं। यह प्लेटफॉर्म विकास की निगरानी और पूरक पोषण प्रदायगी पर रियल-टाइम अपडेट को सक्षम बनाते हुए समय पर हस्तक्षेप और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण सुनिश्चित करता है। डिजिटल रूप से सशक्त सामुदायिक केंद्रों के रूप में आंगनवाड़ी केंद्रों की नए सिरे से परिकल्पना कर, शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटते हुए-पोषण ट्रैकर महत्वपूर्ण रूप से स्वस्थ भारत, सुपोषित भारत के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ा रहा है। लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (2025) से सम्मानित यह मंच पोषण भी पढाई भी का भी समर्थन करता है, जो प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करते हुए विकसित भारत के अमृत काल में समग्र देखभाल को बढ़ावा दे रहा है। पूरक पोषण कार्यक्रम में पारदर्शिता को और मजबूत करने तथा लीकेज कम करने के लिए एक फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम शुरू किया गया है। इस डिलिवरी तंत्र को सुरक्षित, सटीक और सम्मानजनक बनाते हुए यह सुनिश्चित करता है कि पोषण सहायता केवल पात्र लाभार्थियों को ही मिले।

प्रौद्योगिकी-आधारित प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह मंत्रालय पोषण से बढ़कर, महिलाओं के लिए सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित कर रहा है। शी-बॉक्स पोर्टल हर महिला को, चाहे वह किसी भी रोजगार की स्थिति में हो या संगठित या असंगठित, निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में काम करती हो, पॉश अधिनियम के तहत उसे शिकायत दर्ज कराने के लिए सिंगल-विंडो एक्सेस प्रदान करता है, जिससे ऑनलाइन निवारण और ट्रैकिंग संभव हो पाती है। इस बीच, मिशन शक्ति डैशबोर्ड एंड मोबाइल ऐप संकट से घिरी महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करता है, उन्हें निकटतम वन स्टॉप सेंटर से जोड़ता है, जो अब लगभग हर जिले में चालू है। यह कदम इस बात का उदाहरण हैं कि तकनीक का उपयोग न केवल दक्षता के लिए, बल्कि न्याय, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भी किया जा रहा है। पीएमएमवीवाई नियम, 2022 के तहत, गर्भवती महिलाओं को उनके पहले बच्चे के लिए 5,000 रुपए की राशि मिलती है। मिशन शक्ति के तहत, अगर दूसरा बच्चा लड़की है, तो - बेटियों के लिए सकारात्मक सुदृढ़ीकरण को बढ़ावा देते हुए लाभ की राशि 6,000 रुपए तक बढ़ जाती है। कागज रहित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रणाली के माध्यम से वितरित, शुरुआत से अब तक 4 करोड़ से अधिक महिला लाभार्थियों तक 1,9000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि पहुंच चुकी है। पीएमएमवीवाई-आधार-आधारित प्रमाणीकरण, मोबाइल-आधारित पंजीकरण, आंगनवाड़ी/आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर सहायता और रियल-टाइम डैशबोर्ड का लाभ उठाते हुए एक पूर्णतः डिजिटल कार्यक्रम है।

लेखिका-केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रिक्स देशों को ट्रम्प ने दी धमकी

## कहाः अमेरिका विरोधी नीतियों का समर्थन करने वाले देशों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिक्स राष्ट्रों की कथित 'अमेरिका विरोधी' नीतियों का समर्थन करने वाले देशों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त व्यापार शुल्क लगाने की धमकी दी है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया 'ट्रुथ' पर कहा कि ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों का जो भी देश समर्थन करेगा उस पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाएगा और इस नीति में कोई अपवाद नहीं होगा। गौरतलब है कि पश्चिमी आधिपत्य को चुनौती देने और विकासशील देशों की आवाज को बढ़ावा देने के लिए ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका द्वारा एक वैकल्पिक मंच के रूप में स्थापित इस अंतर्राष्ट्रीय बहुपक्षीय संगठन की अमेरिकी राष्ट्रपति काफी लंबे समय से आलोचना करते रहे हैं।

ब्रिक्स को कई देशों ने एक अनुकूल संगठन के रूप में स्वीकार किया है और उन्होंने इसमें शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है। पिछले वर्ष मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को शामिल किया गया था और इस वर्ष इसमें वियतनाम एक भागीदार राष्ट्र बन गया। बीबीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि संगठन के देशों ने अमेरिकी शुल्क नीतियों की आलोचना करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में सुधार का प्रस्ताव दिया



**ब्रिक्स को कई देशों ने एक अनुकूल संगठन के रूप में स्वीकार किया है और उन्होंने इसमें शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है**

था। उन्होंने प्रमुख मुद्राओं के मूल्यांकन का मुद्दा भी उठाया था और इसी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह धमकी दी है।

ब्रिक्स देशों ने रविवार को ब्राजील की राजधानी रियो डी जेनेरियो में बैठक शुरू की जिसमें वैश्विक संस्थाओं में सुधार का आह्वान किया गया और बढ़ते व्यापार संघर्षों और भू-राजनीतिक तनावों के बीच इस गठबंधन को कूटनीति के लिए एक मंच के रूप में स्थापित करने की बात भी कही थी। ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों की ओर से जारी एक संयुक्त बयान में विभिन्न शुल्कों की निंदा की गई और उन्हें वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बताया गया। इन शुल्कों पर 'अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक और व्यापार गतिविधियों में अनिश्चितता' लाने का आरोप लगाया गया। ब्रिक्स देशों ने जून में ईरान पर किए गए सैन्य हमलों की निंदा करते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है। इस शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा सहित विश्व के नेताओं ने व्यक्तिगत रूप से हिस्सा लिया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इसमें ऑनलाइन भाग लिया, जबकि चीन का प्रतिनिधित्व प्रधानमंत्री ली कियांग ने किया।

## चीन ने की ट्रम्प की धमकी की निंदा

**बीजिंग।** ब्रिक्स देशों पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने की ट्रम्प की धमकी की चीन ने निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि टैरिफ से किसी को लाभ नहीं होता है। यह बस दूसरे देशों पर दबाव बनाने की कोशिश है। ब्राजील में चल रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल देशों ने ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों और टैरिफ को लेकर अमेरिका की निंदा की थी। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका विरोधी नीति का समर्थन करने वाले देशों को 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसे लेकर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक नियमित प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि टैरिफ के इस्तेमाल से किसी को भी लाभ नहीं होता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से टैरिफ को निलंबित किए जाने की समयसीमा नौ जुलाई को समाप्त हो

**टैरिफ से किसी को लाभ नहीं होता यह देशों पर दबाव बनाने की कोशिशः चीनी विदेश मंत्रालय**

रही है। इसे लेकर दुनियाभर के देशों की चिंता बढ़ हुई है। पिछले दिनों ट्रम्प ने कहा था कि नौ जुलाई के बाद वैश्विक टैरिफ से राहत नहीं मिलेगी। इसके बाद वह अधिकांश देशों पर टैरिफ पर 90 दिवसीय रोक को बढ़ाने की योजना नहीं बना रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने 10-12 देशों को नए टैरिफ लगाने की सूचना देने के लिए पत्र साइन कर दिए हैं, जिन्हें सोमवार को भेजा जाएगा। गौरतलब है कि इस बार ब्रिक्स सम्मेलन ब्राजील की मेजबानी में हुआ, जिसमें पुराने 5 देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) के अलावा नए सदस्य देशों मिस्र, इथियोपिया, ईरान, यूएई और इंडोनेशिया ने हिस्सा लिया।



गुरुग्राम। भारी बारिश के बाद दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे सर्विस रोड पर जलभराव से गुजरते यात्री।

## इजरायल ने लाल सागर के बंदरगाहों पर हमले किए

**यरुशलम/सन्ना।** इजरायल ने कल देर रात यमन में लाल सागर के बंदरगाहों पर हवाई हमले किए हैं। यह हमला इजरायली सेना द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोगों को तत्काल क्षेत्र को खाली निकासी की चेतावनी जारी करने के कुछ ही मिनटों बाद पश्चिमी होदेइदाह प्रांत में हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने होदेइदाह बंदरगाह सहित यमन के पश्चिमी तट पर कई स्थानों पर विस्फोटों की सूचना दी। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज़ ने एक बयान में कहा कि हमलों ने हूती के गढ़ों को निशाना बनाया, जिसमें होदेइदाह, अस सालिफ़ और रास ईसा के बंदरगाह, रास कातिब पावर स्टेशन और गैलेक्सी लीडर शामिल हैं। इजरायली सेना ने कहा कि लक्षित बंदरगाहों का इस्तेमाल हूती द्वारा ईरानी शासन से हथियार स्थानांतरित करने के लिए किया गया था, जिसका उपयोग तब इजरायल और उसके सहयोगियों के खिलाफ आतंकी अभियान चलाने के लिए किया जाता है। इजरायली सेना के अनुसार गैलेक्सी लीडर को रेड सी में जहाजों को ट्रैक करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली रडार प्रणाली से लैस किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकः वर्षा जनित हादसों में 72 की मौत, 130 घायल

**इस्लामाबाद।** पाक में 26 जून से मूसलाधार बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण कम से कम 72 लोगों की मौत हुई है और 130 अन्य घायल हुए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने पिछले 24 घंटों में बारिश से संबंधित दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत और तीन लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। एनडीएमए के अनुसार, सबसे अधिक मौतें उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा हुई हैं, जहां 12 बच्चों सहित 28 लोगों की जान गंवाई है और 23 अन्य घायल हुए हैं।

### पश्चिमी नाइजर में 11 आतंकवादी मारे गएः सेना

**नियामी।** नाइजीरिया की सेना ने कहा है कि उसने पश्चिमी नाइजर के टिल्लाबेरी और डोसो क्षेत्रों में दो जुलाई और तीन जुलाई को किए गए दो समन्वित हमलों के जवाब में कम से कम 11 आतंकवादियों को मार गिराया है। नाइजीरियाई रेडियो और टेलीविजन पर रविवार को प्रसारित एक सैन्य बयान के अनुसार पहली मुठभेड़ दो जुलाई को हुई। उस समय आतंकवादी समूहों ने टिल्लाबेरी के एक गांव के रास्ते में एक सैन्य काफिले पर घात लगाकर हमला किया।

### नाइजीरिया में सड़क हादसे में 21 की मौत, तीन घायल

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तरी प्रांत कानो में रविवार को एक ट्रक और बस की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। कानो स्टेट फेडरल रोड सेफ्टी कॉर्प्स के सेक्टर कमांडर मुहम्मद बटुरे ने कहा कि यह दुर्घटना कासुवार डोगो क्षेत्र में ज़ारिया-कानो राजमार्ग पर बस चालक की गलती के कारण घटित हुई। हादसे के समय बस चालक गलत मार्ग पर गाड़ी चला रहा था।

### रूस ने यूक्रेन के छह ड्रोन को मार गिराया

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा बलों ने सोमवार मास्को पर हमला करने की कोशिश कर रहे छह यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। मास्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा कि आपातकालीन सेवाओं के विशेषज्ञ दुर्घटनास्थल पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले महीनों में मास्को को लक्षित करके हजारों ड्रोन छोड़े गए हैं।

## हाफिज सईद का बेटा बिलावल पर भड़का

**इस्लामाबाद।** हाफिज सईद के बेटे तलहा सईद ने पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो पर पाकिस्तान को ग्लोबल लेवल पर बेइज्जत करने का आरोप लगाया। दरअसल, बिलावल ने दो दिन पहले कहा था कि पाकिस्तान हाफिज सईद और मसूद अजहर को भारत को सौंपने के लिए तैयार है, बशर्ते भारत इस प्रोसेस में सहयोग करे। तलहा ने कहा कि बिलावल का यह बयान पाकिस्तान की पालिसी, राष्ट्रीय हित और संप्रभुता के खिलाफ है।

उन्होंने कहा- क्या कोई नेता अपने नागरिकों को दुश्मन देश को सौंपने की बात कर सकता है। तलहा जो खुद एक ग्लोबल आतंकी है उसने अपने पिता का बचाव करते हुए कहा-हाफिज सईद का कोई भी काम पाकिस्तान के खिलाफ नहीं है। बिलावल का

**कहाः उन्होंने पाक की बेइज्जती कराई, बिलावल बोले थेः सईद को भारत प्रत्यर्पित करने को तैयार**

बयान पाकिस्तान की इमेज को ग्लोबल लेवल पर बदनाम करने वाला है। पाकिस्तान की नेशनल काउंटर टेररिज्म अथारिटी के मुताबिक, पाकिस्तान ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद दोनों को बैन कर रखा है। हाफिज सईद को लश्कर-ए-तैयबा का मुख्य चेहरा माना जाता है। वह 26/11 मुंबई हमले का मास्टरमाइंड है। हाफिज सईद 2019 से लाहौर की कोट लखपत जेल में टेरर फंडिंग के लिए 33 साल की सजा काट रहा है, जबकि ग्लोबल आतंकवादी मसूद अजहर पर भी प्रतिबंधित लगाया गया है।

## ट्रम्प ने नई पार्टी बनाने पर मस्क का उड़ाया मजाक


**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नई पार्टी बनाने पर अरबपति कारोबारी एलन मस्क का मजाक उड़ाया है। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें दुख हो रहा है कि एलन मस्क पूरी तरह पटरी से उतर चुके हैं और पिछले पांच हफ्तों में एक बेकाबू ट्रेन जैसे हो गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ट्रम्प ने कहा कि मस्क अब अमेरिका में तीसरी राजनीतिक पार्टी शुरू करना चाहते हैं, जो इतिहास में कभी सफल नहीं रही है। अमेरिका की व्यवस्था ऐसी पार्टियों के लिए बनी ही नहीं है। तीसरी पार्टियों का एक ही काम होता है, अव्यवस्था और अराजकता फैलाना। और हमारे पास पहले से ही पर्याप्त अराजकता है, जिसे रैडिकल लेफ्ट डेमोक्रेट्स फैला रहे हैं।

## सऊदी अरब में सजा-ए-मौत का नया रिकॉर्ड

### 6 महीने में 180 लोगों को फांसी

**दुबई।** सऊदी अरब में मौत की सजा को लेकर पूरी दुनिया में चिंता बढ़ रही है। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल का कहना है कि पिछले साल सऊदी अरब में रिकॉर्ड संख्या में लोगों को फांसी दी गई। इनमें ज्यादातर मामलों में नशे से जुड़े अपराध शामिल थे, जो जानलेवा नहीं थे।

सऊदी सरकार की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक जवाब नहीं आया है, लेकिन मानवाधिकार समूह इसे मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन बता रहे हैं। एक अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में सऊदी अरब में कुल 345 लोगों को मौत की सजा दी गई, जो पिछले 30 साल में सबसे ज्यादा है। वहीं, इस साल के पहले छह महीने में ही 180 लोगों को फांसी दी जा चुकी है। अगर यही रफ्तार रही तो 2025 में भी नया रिकॉर्ड बन सकता है। एक और मानवाधिकार संगठन 'रीप्राइव' के अनुसार, इस साल सऊदी अरब में करीब दो-तिहाई फांसियां नशे से जुड़े मामलों में दी गई हैं। ये ऐसे अपराध थे, जिनमें किसी की जान नहीं गई थी। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने भी यही चिंता जताई है कि गैर-हिंसक अपराधों में इतनी सख्त सजा देना गलत है। एमनेस्टी की रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब में नशे के मामलों में मौत की सजा पाने वालों में बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक हैं। इनमें से कई लोगों को न तो अपनी कानूनी प्रक्रिया की जानकारी थी और न ही उन्हें वकील मिला। अकेले इस साल सऊदी में जितने लोगों को फांसी दी गई, उनमें से आधे से ज्यादा विदेशी नागरिक थे।



ऐसा ही एक मामला मिस्र के रहने वाले एस्साम अहमद का है। 2021 में वह एक मछली पकड़ने वाली नाव पर काम कर रहा था।

परिवार के मुताबिक, नाव के मालिक ने उसे बंदूक दिखाकर जबरन नशे से जुड़ा सामान ले जाने को मजबूर किया। बाद में उसे सऊदी में पकड़ लिया गया और मौत की सजा सुनाई गई। उसका परिवार अब हर दिन डर के साए में जी रहा है। सऊदी अरब में 'विजन 2030' के तहत बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। महिलाओं को गाड़ी चलाने की आजादी, विदेशी निवेश बढ़ाने जैसी कोशिशें हो रही हैं। लेकिन दूसरी ओर मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, कारोबारी वर्ग और

**नशे के मामलों में बढ़ी फांसी, मानवाधिकार संगठन ने जताई चिंता, विदेशी नागरिकों पर ज्यादा गिरी गाज**

अन्य लोगों पर सख्ती बढ़ गई है। 2021 में सरकार ने नशे के मामलों में मौत की सजा पर रोक लगाने का ऐलान किया था, लेकिन तीन साल के अंदर ही यह रोक बिना किसी वजह हटा दी गई।

मानवाधिकार कार्यकर्ता जीद बसयौनी का मानना है कि अगर सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान चाहें तो इस नीति में तुरंत बदलाव आ सकता है। वह आम माफी दे सकते हैं या कानून में सुधार कर सकते हैं। लेकिन अभी तक ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया। बसयौनी ने कहा कि सऊदी अरब में दिखावटी सुधारों के पीछे असल में एक सख्त और डर का माहौल बना हुआ है, जिसे बदलना जरूरी है।

## शेख हसीना पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

### अदालत में पेश नहीं हुए, तो भी चलेगा मुकदमा, लगाए गए हैं मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ गंभीर आरोप लगे हैं। इंटरनेशनल क्राइम्स ट्राइब्यूनल यानी अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण 10 जुलाई को यह तय करेगा कि हसीना और उनके दो बड़े सहयोगियों के खिलाफ औपचारिक आरोप तय किए जाएं या नहीं।

उन पर मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप हैं। शेख हसीना, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जामान खान कमाल और पूर्व पुलिस प्रमुख चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून पर पांच बड़े आरोप लगाए गए हैं। इनमें हत्या, हत्या की कोशिश, लोगों पर अत्याचार और खतरनाक हथियारों के इस्तेमाल के मामले शामिल हैं। यह सभी आरोप पिछले साल जुलाई में हुए विद्रोह के दौरान हुई घटनाओं से जुड़े हैं। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1



**यह सभी आरोप पिछले साल जुलाई में हुए विद्रोह के दौरान हुई घटनाओं से जुड़े हैं**

ने साफ कर दिया है कि 10 जुलाई को तीनों आरोपियों पर आरोप तय करने पर फैसला सुनाया जाएगा। उस दिन बचाव पक्ष के वकील यह साबित करने की कोशिश करेंगे कि हसीना और उनके सहयोगियों पर लगे आरोप बेबुनियाद हैं। अगर कोर्ट को आरोप सही लगे तो आरोप तय कर दिए जाएंगे और मुकदमा औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगा। बीते बुधवार को शेख हसीना को अदालत की अवमानना मामले में छह महीने की जेल की सजा भी सुनाई गई है। यह सजा उनकी गैर-मौजूदगी में दी गई। हसीना पिछले साल अगस्त में प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद से देश से बाहर हैं। यह उनके खिलाफ पहली बड़ी सजा है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल 15 जुलाई से 15 अगस्त के बीच बांग्लादेश में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में करीब 1400 लोगों की जान चली गई थी। यह हिंसा सरकार विरोधी आंदोलन को दबाने के दौरान हुई थी। इसी हिंसा के बाद हसीना सरकार सत्ता से बाहर हुई और उन्हें देश छोड़कर भारत भागना पड़ा। हसीना पर सिर्फ मानवता के खिलाफ अपराध ही नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के भी कई आरोप लगे हैं। ढाका की अदालत ने हसीना, उनके परिवार के सदस्यों और कई पूर्व अधिकारियों को 20 जुलाई को पेश होने का नोटिस दिया है।

## नेपाल में सड़क दुर्घटनाओं में 215 लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में इस वर्ष मई से जून के बीच विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में 15 बच्चों और 200 लोगों की मौत हो गई। नेपाल पुलिस ने आज जारी एक रिपोर्ट में बताया कि 15 मई से 14 जून के बीच 2,911 दुर्घटनाओं में 200 लोगों और 15 बच्चों की मौत हो गई। इनमें 4240 लोग घायल हुए, जिनमें से 580 की हालत गंभीर है। रिपोर्ट में बताया गया कि सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं दुपहिया वाहनों से हुई और दूसरे स्थान पर कार दुर्घटनाएं रहीं। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार ये हादसे ओवरस्पीड, नशे में गाड़ी चलाने और सड़क पार करने के दौरान हुए।

## अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ से अब तक 80 मौतें

**वाशिंगटन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में शुक्रवार को ग्वाडालूप नदी में अचानक आई बाढ़ से 3 दिन में 80 लोगों की मौत हो गई, जबकि 41 लापता हैं। नदी के पास लड़कियों का एक समर कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आ गया।

हालांकि कैंप में मौजूद 750 लड़कियों को बचा लिया गया। टेक्सास के कई इलाकों में अभी भी हालात सामान्य नहीं हुए हैं। मौसम विभाग ने बाढ़ की चेतावनी जारी करते हुए ग्वाडालूप नदी के किनारे रहने वाले लोगों से ऊंची जगह जाने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को

**41 लोग लापता, कई इलाकों में फिर से बाढ़ की चेतावनी, राष्ट्रपति ट्रम्प टेक्सास जा सकते हैं**

टेक्सास के सैन एंटोनियो से लगभग 15 इंच (38 सेमी) तक बारिश हुई। महज 45 मिनट में नदी का लेवल 26 फीट (8 मीटर) बढ़ गया, जिससे घर और गाड़ियां बह गईं। हेलिकाप्टर और ड्रोन्स से अभी लोगों की तलाश जारी है। पीएम मोदी ने भी शनिवार को बाढ़ में मारे गए बच्चों की मौत पर दुख जताया और पीड़ित परिवारों के लिए संवेदनाएं व्यक्त की।







